RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 293
नई दिल्ली, शनिवार, 3 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



घुटने की चोट के कारण जडेजा एशिया कप से बाहर
स्पोर्ट्स-12

# नौसेना को मिला बाहुबली आईएनएस विक्रांत

## प्रधानमंत्री ने 262 मीटर लंबे और 59 मीटर ऊंचे विशालकाय स्वदेशी विमानवाहक पोत को राष्ट्र को किया समर्पित, नौसेना को नया ध्वज भी मिला

- आत्मनिर्भर होते भारत का अद्वितीय प्रतिबिंब है विक्रांतः मोदी
- अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है जहाज, एडवांसड लाइट हेलीकॉप्टर के अलावा मिग-29 सहित 30 विमान संचालित करने की है क्षमता

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही भारत उन चुने हुए देशों की श्रेणी में शामिल हो गया, जिन्हें विमानवाहक पोतों के निर्माण और डिजाइन में महारत हासिल है। आईएनएस विक्रांत विशालकाय पोत हैं जिसकी लंबाई 262 मीटर और ऊंचाई 59 मीटर है।

इस स्वदेशी विमानवाहक पोत का डिजाइन भारतीय नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने किया तथा इसका निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया। इसके निर्माण पर कुल 20 हजार करोड़ रुपये की लागत आई। विमान वाहक जहाज अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह देश में बने एडवांसड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) के अलावा मिग-29के लड़ाकू विमान सहित 30 विमान संचालित करने की क्षमता रखता है। सादे लेकिन यादगार समारोह में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तथा मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के अलावा नौसेना अध्यक्ष एडमिरल हरिकुमार समेत नौसेना के सभी शीर्ष कमांडर मौजूद थे।

विमानवाहक पोत का जलावतरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा 'हम केरल में नए सूर्योदय को देख रहे हैं और विक्रांत कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता, जिम्मेदारी, प्रतिबद्धता तथा ऊर्जा की एक मिसाल है। मोदी ने कहा कि विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है। विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है। विक्रांत केवल एक युद्धपोत नहीं है। यह 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मोदी ने कहा, यदि लक्ष्य दुरन्त हैं, यात्राएं दिगंत हैं, समंदर और चुनौतियाँ अनंत हैं तो भारत का उत्तर है विक्रांत। आजादी के अमृत महोत्सव का अतुलनीय अमृत है विक्रांत। आत्मनिर्भर होते (शेष पेज 8)

### मोदी ने कर्नाटक में 3,800 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**भाषा।** मंगलुरू (कर्नाटक)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां करीब 3,800 करोड़ रुपए की मशीनीकरण और औद्योगीकरण परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में न्यू मंगलुरु बंदरगाह प्राधिकरण (एनएमपीए) द्वारा शुरू किए गए बर्थ (जहाज के रुकने के स्थान) के मशीनीकरण के लिए 280 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजना भी शामिल है। उन्होंने बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई करीब 1,000 करोड़ रुपए की पांच परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलुरू रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड द्वारा शुरू की गई दो परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया जो बीएस 6 उन्नयन परियोजना (शेष पेज 8)

### पांच देशों के विशिष्ट समूह में शामिल हुआ भारत

**राहुल दत्ता।** नई दिल्ली

- इससे पहले अमेरिका, ब्रिटेन फ्रांस और चीन,हैं इस क्लब में
- दोबारा ईंधन लिए बगैर ब्राजील तक का सफर कर सकता है यह पोत

**स्वदेश** में डिजाइन और निर्मित विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही भारत ऐसे बड़े पोत बनाने की क्षमता वाले राष्ट्रों के विशेष समूह में शामिल हो गया है। ऐसे पोत बनाने वाले अन्य देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन हैं।

यह जहाज इतना विशाल और क्षमता वाला है कि बिना दोबारा ईंधन भरे ब्राजील तक बिना रुके यात्रा कर सकता है। लड़ाकू विमानों के उतरने व उड़ान भरने वाला डेक दो हॉकी मैदानों या दस ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर है। इतना ही नहीं, आईएनएस विक्रांत जहाज की रसोई में प्रतिदिन 16,000 चपातियां और 5,000 से अधिक इडली बनाई जा सकती हैं। इसके अलावा, इसका बिजली संयंत्र एक मध्यम आकार के शहर को रोशन कर सकता है।

आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना को हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देश के हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाएगा। देश में इसी प्रकार का एक और स्वदेशी विमानवाहक पोत बनाने की योजना पर काम चल रहा है। अब तक भारत के पास केवल आईएनएस विक्रमादित्य ही विमानवाहक पोत था।

आईएनएस विक्रमादित्य को रूस ने भारतीय जरूरतों के अनुसार बनाया था। यह 2014 में सेवा में शामिल हुआ था। विक्रांत का संस्कृत में अर्थ विजेता होता है। आईएनएस विक्रांत 7,500 समुद्री मील (लगभग 15,000 किलोमीटर) से अधिक की दूरी बिना रुके कर सकता है। इसका मतलब है कि जहाज बिना ईंधन भरे ब्राजील समेत दक्षिण अमेरिका पहुंच सकता है। इस विशाल जहाज में 22 मेगावाट गैस टरबाइन क्षमता के चार इंजन लगे हैं। सिटी ऑन द मूव या सिटी एफ्लोट अर्थात तैरता शहर कहे जाने वाले आईएनएस विक्रांत को बनाने में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है।

इसका वजन 42,000 टन है और इस विमानवाहक पोत में 3,000 किलोमीटर से अधिक की वायरिंग की गई है, ताकि इसके इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल सिस्टम बिना किसी रोक-टोक के काम कर सकें। आईएनएस विक्रांत की ऊंचाई 62 मीटर है। यह लगभग 18 मंजिला ऊंची इमारत के बराबर है। इसका बिजली संयंत्र एक मध्यम आकार के शहर को पूरी तरह रोशन करने के लिए बिजली प्रदान कर सकता है। फ्लाइंग डेक (शेष पेज 8)

# तीस्ता को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर सबूत गढ़ने के आरोप में गत 25 जून को गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम जमानत शुक्रवार को मंजूर कर ली। शीर्ष अदालत ने सीतलवाड़ की जमानत याचिका को सूचीबद्ध करने में विलंब को लेकर बृहस्पतिवार को गुजरात उच्च न्यायालय के खिलाफ सख्त टिप्पणियां की थी।

प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस. रवीन्द्र भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने सीतलवाड़ को गुजरात उच्च न्यायालय में नियमित जमानत याचिका पर निर्णय होने तक अपना पासपोर्ट निचली अदालत के पास जमा कराने का निर्देश दिया।शीर्ष अदालत ने सीतलवाड़ को दंगा मामलों में लोगों को फंसाने के लिए सबूत गढ़ने के आरोपों की जांच में संबंधित एजेंसी के साथ सहयोग करने को भी कहा। पीठ ने सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए कहा, एक महिला अपीलकर्ता गत 25 जून से हिरासत में है। उनके खिलाफ आरोप 2002 के दंगा मामले से जुड़े हैं और जांच एजेंसी को सात दिनों की हिरासत और उसके बाद न्यायिक हिरासत का अवसर दिया गया था।

मामले के ब्योरेबार जिक्र करते हुए पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय को नियमित जमानत याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए याचिकाकर्ता की अंतरिम जमानत अर्जी पर विचार करना चाहिए था। पीठ ने कहा, हिरासत में पूछताछ संबंधी जरूरी अवयव पूरे हो गए हैं, ऐसे में अंतरिम जमानत पर सुनवाई होनी चाहिए थी। न्यायालय ने आगे कहा कि सीतलवाड़ सात दिनों के लिए पुलिस हिरासत में थी। पीठ ने कहा कि चूंकि उच्च न्यायालय के पास यह मामला लंबित है, इसलिए यह नियमित जमानत याचिका पर विचार नहीं कर रही है।

न्यायालय ने कहा, हम केवल इस बात पर विचार कर रहे हैं कि ऐसी अर्जी लंबित होने के दौरान क्या अपीलकर्ता को हिरासत में ही रखा जाना चाहिए या उन्हें अंतरिम जमानत पर छोड़ा जाना चाहिए। हम तीस्ता सीतलवाड़ की अंतरिम जमानत मंजूर करते हैं। शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा सीतलवाड़ की जमानत याचिका को सूचीबद्ध करने में देरी का कारण जानना चाहा था और पूछा था कि क्या इस महिला को अपवाद समझा गया है। न्यायालय ने इस बात पर भी (शेष पेज 8)

# गिरफ्तार महंत को 5 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा

- तबियत बिगड़ी बेंगलुरू भेजने की तैयारी, दो बच्चियों के यौन शोषण का है आरोप

**एजेंसी।** चित्रदुर्ग (कर्नाटक)

**दो** नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार मुरुग मठ के महंत शिवमूर्ति मुरुग शरणारू को शुक्रवार को पांच सितंबर तक के लिए पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया। महंत शरणारू को बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किया गया था और शुक्रवार तड़के जेल भेजा गया, जहां उनकी तबियत बिगड़ गई। सूत्रों ने बताया कि महंत को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मेडिकल जांच हुई। उन्होंने बताया कि महंत की मेडिकल जांच करने वाली टीम उन्हें बेंगलुरु स्थित श्री जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च भेजने पर विचार कर रही है। चौंसठ वर्षीय महंत को शुक्रवार को एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें चार दिनों यानी पांच सितंबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। अदालत में पेशी के समय शरणारू भगवा कपड़ों के ऊपर सफेद चादर लपेटे हुए थे। उन्हें व्हीलचेयर पर अदालत में लाया गया था। मठ द्वारा संचालित स्कूल के छात्रावास में रहने वाली दो नाबालिग छात्राओं के कथित यौन शोषण के मामले में महंत के खिलाफ पॉक्सो कानून और एससी-एसटी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। राज्य में लिंगायत समुदाय के सबसे प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली मठों में से एक के महंत से पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार ने एक अज्ञात स्थान पर पूछताछ की। कुमार इस मामले में जांच अधिकारी हैं। इसबीच, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि पुलिस को कानून के मुताबिक यौन शोषण के मामले की जांच करने की पूरी आजादी दी गई है। उन्होंने महंत की गिरफ्तारी में देरी के आरोपों पर टिप्पणी नहीं की। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने पीड़ित बच्चियों की शिकायतों के आधार पर पुलिस से निष्पक्ष जांच करने की मांग की।

# लुफ्थांसा के पायलटों की हड़ताल आईजीआई पर फंसे सैकड़ों यात्री

- फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख जाने वाली दो उड़ानें अचानक कर दी गई थीं रद्द परेशान हो गए 700 यात्री
- एयरपोर्ट के अंदर और बाहर बनी अफरा-तफरी की स्थिति, पुलिस ने किसी तरह भीड़ को संभाला




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पायलटों** की हड़ताल के कारण लुफ्थांसा एयरलाइन की म्यूनिख और फ्रैंकफर्ट जाने वाली उड़ानें रद्द होने से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शुक्रवार को 700 से अधिक यात्री फंस गए।

इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस के अनुसार फंसे हुए यात्रियों के परिजन और रिश्तेदारों समेत सौ से ज्यादा लोग हवाई अड्डे के बाहर एकत्र हो गए और पैसे वापस मांगने तथा वैकल्पिक इंतजाम करने की मांग करने लगे। हवाई अड्डे पर फंसे लोगों में कई छात्र शामिल हैं, जिनकी कक्षाएं शुरू होने वाली हैं।

परेशान यात्री विमानतल पर अपने सामान के साथ बैठकर हमें न्याय चाहिए के नारे लगा रहे थे। कई छात्रों ने अपनी शिकायत सोशल मीडिया के जरिए उठाई। सीआईएसएफ, एयरपोर्ट कर्मियों और दिल्ली पुलिस ने गुस्साए यात्रियों को भरोसा दिलाया कि उनके लिए वैकल्पिक इंतजाम किया जा रहा है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), आईजीआई तनु शर्मा ने कहा कि दोपहर 12.15 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी कि टर्मिनल-3 के प्रस्थान गेट नंबर-1 के सामने मुख्य सड़क पर भीड़ जमा हो गई है। फौरन ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। वहां लगभग (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,803 | ↑ 36 | |
| निफ्टी | 17,539 | ↓ 03 | |
| सोना | 50,729 | ↑ 47 | /10g |
| चांदी | 53,429 | ↑ 496 | /kg |

## क्विक न्यूज

### झारखंडः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए

**सरायकेला (झारखंड)।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा, झारखंड जगुआर और राज्य पुलिस के एक संयुक्त अभियान के दौरान ए माओवादी मारे गए। कोल्हान संभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय लिंडा ने पीटीआई-भाषा से कहा, कुचाई थाना क्षेत्र के बरुदा जंगल में एक अभियान के दौरान भाकपा (माओवादी) के दो सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा कि दोनों की पहचान 32 वर्षीय काली मुनाद और रीला माला मांझी (22) के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल ने शवों को बरामद कर लिया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद भी मिला है।

# अफगानिस्तान की मस्जिद में धमाका

- प्रमुख मौलवी समेत 18 लोगों की मौत

**भाषा।** हेरात (अफगानिस्तान)

**पश्चिमी** अफगानिस्तान के हेरात शहर में शुक्रवार को एक भीड़ भरी मस्जिद में किए गए बम धमाके में तालिबान के करीबी माने जाने वाले एक प्रमुख मौलवी समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 21 अन्य घायल हो गए। तालिबानी अधिकारियों और एक स्थानीय चिकित्साकर्मी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेरात शहर की गुजारगाह मस्जिद में शुक्रवार दोपहर की नमाज के समय यह विस्फोट हुआ जब वहां काफी भीड़ थी।

घटनास्थल के वीडियो में मस्जिद प्रांगण में शव बिखरे पड़े थे, जमीन पर खून के धब्बे नजर आ रहे थे। खौफ और सदमे में लोग चिल्ला रहे थे। इस विस्फोट में मुजीब-उल रहमान अंसारी की भी मौत हो गई, जो एक प्रमुख मौलवी थे। पिछले दो दशकों में अफगानिस्तान की पश्चिम-समर्थित सरकारों की आलोचना के लिए अंसारी को पूरे अफगानिस्तान में पहचाना जाता था। अंसारी को तालिबान का करीबी समझा जाता है, जिसने विदेशी बलों के वापस जाने के बाद पिछले साल देश की सत्ता पर नियंत्रण हासिल किया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने धमाके में अंसारी की मौत की पुष्टि की है। धमाके से ठीक पहले, अंसारी शहर के एक अन्य हिस्से में हेरात के दौरे पर आए तालिबान सरकार के उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर के साथ बैठक कर रहे थे।

मौलवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए बरादर के एक सहयोगी ने ट्वीट किया कि नमाज के लिए वह मस्जिद गए थे। हेरात एंबुलेंस सेंटर के एक अधिकारी मोहम्मद दाउद मोहम्मदी ने कहा कि एंबुलेंस से 18 मृत और 21 घायलों को अस्पताल लाया गया है। शुक्रवार को हुए धमाके की किसी (शेष पेज 8)

# जम्मू के रामनगर अभ्यारण्य में रोड निर्माण को मंजूरी

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

- एनबीडब्ल्यूएल की स्थायी समिति ने दी हरी झंडी, वन्य जीवों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए अंडरपास बनाने को कहा
- एक्सप्रेसवे के दूसरे चरण में गुरदासपुर-पठानकोट-जम्मू-कटरा को जोड़ा जाएगा



**दिल्ली-कटरा** एक्सप्रेसवे के महत्वाकांक्षी दूसरे चरण के लिए जम्मू में रामनगर वन्यजीव अभयारण्य से होकर गुजरने वाली सड़क के निर्माण को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की स्थायी समिति ने मंजूरी दे दी है। समिति ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से जंगली जानवरों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए इस क्षेत्र में अंडरपास बनाने को कहा है।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के दूसरे चरण में बनने वाली इस सड़क के लिए रामनगर वन्यजीव अभयारण्य से लगभग 4.5622 हेक्टेयर वन भूमि ली जाएगी। एनबीडब्ल्यूएल की स्थायी समिति देश में संरक्षित वन्यजीव वाले क्षेत्रों में प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के तहत सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। नई दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस एक्सप्रेसवे के जरिए नई दिल्ली से जम्मू और कटरा तक यात्रा बहुत आसान हो जाएगी और पहले के मुकाबले समय भी काफी कम लगेगा। यह सड़क अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में स्थित माता वैष्णो देवी जी मंदिर सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों को भी जोड़ेगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में दिल्ली-लुधियाना-गुरदासपुर के बीच 397.7 किलोमीटर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और नकोदर-अमृतसर को जोड़ने वाले 99 किमी लंबी अन्य सड़क का निर्माण शामिल है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार एक्सप्रेसवे के दूसरे चरण में गुरदासपुर-पठानकोट-जम्मू-कटरा को जोड़ा जाएगा और यह मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग-54 (पुराना एच-15) और राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (पुराना एनएच-1) राजमार्ग का विस्तार होगा। एक्सप्रेसवे के दूसरे चरण का प्रस्ताव पहले ही मुख्य वन्यजीव वार्डन, राज्य वन्य जीवन बोर्ड और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की सरकार द्वारा पास किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि एनबीडब्ल्यूएल की स्थायी समिति की हाल ही में हुई बैठक में विचार-विमर्श के बाद दूसरे चरण के प्रस्ताव की सिफारिश करने का निर्णय लिया। हालांकि, अनुमोदन इस शर्त के साथ किया गया है कि भूमि की कानूनी स्थिति बदली नहीं जाएगी, जबकि उपयोगकर्ता एजेंसी प्रचलित किसी अन्य कानून के तहत अपेक्षित मंजूरी लेने के लिए जिम्मेदार होगी। यदि परियोजना क्षेत्र में दुर्घटनावश कोई वन्यजीव प्रजाति पायी जाती है तो उसे भी कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले अधिकारी ने कहा कि उपयोगकर्ता एजेंसी महत्वपूर्ण वन्यजीव मार्ग क्षेत्रों में जहां भी जरूरत लगे, वहां स्पीड ब्रेकर का निर्माण करेगी और साथ ही अंडरपास और जंगली जानवरों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए पशु मार्ग योजना के अनुसार निर्माण कार्यों को अंजाम देगी। शर्तों में यह भी जोड़ा गया है कि प्रयोक्ता एजेंसी प्रस्तावित क्षेत्र का उपयोग अन्य कार्यों के लिए नहीं करेगी।

# ग्रेनो में जल्द पहुंचेगा गंगाजल, योजना एक कदम और बढ़ी

● जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्व वायर तक पहुंचा पानी, परीक्षण के बाद आगे छोड़ा जाएगा जल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा। ग्रेटर नोएडावासियों के घरों तक गंगाजल पहुंचाने की परियोजना शुक्रवार को एक कदम और बढ़ गई।

पहली बार ग्रेटर नोएडा के जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्व वायर तक गंगाजल पहुंच गया है। अब दो माह तक परीक्षण के बाद लाइनों में गंगाजल छोड़ा जाएगा। लाइनों का सफल परीक्षण होने के साथ ही गंगाजल की आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। जैतपुर मास्टर रिजर्व वायर तक गंगाजल पहुंचाने में कहीं भी पाइप के लीकेज की दिक्कत नहीं हुई है। दरअसल, अपर गंगा कैनाल हापुड़ से 85 क्यूसेक गंगाजल लाने का प्रस्ताव सबसे पहले 2005 में बना और 2012 से 2014 के बीच ग्रेटर नोएडा परिक्षेत्र में जलापूर्ति नेटवर्क तैयार कर लिया गया। 2017 के बाद देहरा से जैतपुर तक 23 किलोमीटर की पाइपलाइन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, व देहरा में इंटेक प्रारंभिरक ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के कार्य शुरू किए। देहरा से 7.4 किलोमीटर की पाइप लाइन सिंचाई विभाग की जमीन पर की जानी थी, जिसको प्राधिकरण ने 2018 तक पूरा कर लिया। उसके आगे एनटीपीसी से जमीन लेकर पाइपलाइन बिछाई गई।

पल्ला के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के नीचे से पाइपलाइन डालने का काम हुआ। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के नीचे से पाइपलाइन को पार करते हुए दिसंबर 2021 में गंगाजल पल्ला के डब्ल्यूटीपी तक पहुंच गया।

इस बीच कुछ किसान पल्ला में बने डब्ल्यूटीपी पर धरने पर बैठ गए, जिसके चलते काम रुक गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर एसीईओ अदिति सिंह ने किसानों से वार्ता कर एक जुलाई को धरना खत्म कराया और फिर इस परियोजना पर आगे का काम शुरू हुआ।

शुक्रवार को जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्व वायर तक गंगाजल पहुंच गया। वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह ने बताया कि शुक्रवार को रेलवे के अधिकारियों ने भी रेलवे लाइन के निकट से गुजर रही गंगाजल लाइनों का निरीक्षण किया।

> ''85 क्यूसेक गंगाजल परियोजना सभी ग्रेटर नोएडावासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रेनोवासियों के घरों में गंगाजल मिश्रित जलापूर्ति होगी। सप्लाई के लिए ग्राउंड वाटर पर निर्भरता कम हो जाएगी। इससे भूजल की बचत होगी। भूजल स्तर में सुधार होगा। प्राधिकरण की टीम इस प्रोजेक्ट को समय से पूरा कर ग्रेनोवासियों के घरों तक गंगाजल पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रही है।''
>
> **- सुरेन्द्र सिंह, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

# उद्योगों के लिए किसानों से जमीन खरीदने को आज से गांवों में लगेंगे शिविर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आठ नए औद्योगिक सेक्टर बसा रहा

बीते कुछ वर्षों में औद्योगिक निवेश के लिए ग्रेटर नोएडा की तरफ उद्यमियों का रुझान तेजी से बढ़ा है। देश व विदेशों की कई कंपनियां ग्रेटर नोएडा में जमीन पाने के लिए आतुर हैं। उनकी मांग को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आठ नए औद्योगिक सेक्टर बसा रहा है। इसके लिए करीब 900 हेक्टेयर जमीन खरीद रहा है। अब तक आधी से अधिक जमीन खरीद चुका है। शेष जमीन खरीदने के लिए प्राधिकरण गांवों में शनिवार से शिविर लगाएगा। शिविर का शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

एसीईओ दीप चंद्र ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आठ नए सेक्टर ईकोटेक 7, 8, 9, 12ए, 16, 19, 19, और ईकोटेक 21 बसा रहा है। इन सेक्टरों के लिए प्राधिकरण करीब 900 हेक्टेयर जमीन का इंतजाम किया जा रहा है। इन सेक्टरों के बसने से उद्यमियों को जमीन मिल सकेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर किसानों से आपसी सहमति के आधार पर जमीन शीघ्र प्राप्त करने के लिए गांवों में शनिवार से शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज सुबह 11 से शाम पांच बजे तक कैलाशपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाया जाएगा। 10 को आमका के प्राथमिक विद्यालय में, 17 को खेड़ी के प्राथमिक विद्यालय में, 24 सितंबर को सुनपुरा के प्राथमिक विद्यालय में, 1 अक्तूबर को जौनसमाना के प्राथमिक विद्यालय में, 8 को धूम मानिकपुर के प्राथमिक विद्यालय में, 15 को भोला रावल के प्राथमिक विद्यालय में, 22 को खोदना कलां के प्राथमिक विद्यालय में लगाया जाएंगे। इन सभी जगहों पर शिविर लगाने का समय सुबह 11से शाम पांच बजे तक रहेगा।


**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LTD.**

CIN: L40108UP2005PLC094368
Registered Office: C-218, Ground Floor (GR-2), Sector-63,
Noida, Gautam Buddha Nagar,
Uttar Pradesh, India, 201307, Phone No: (0120) 2406030
Corporate Office: 1B, Park Plaza, South Block, 71, Park Street, Kolkata-700 016
Phone No: (033) 4051 3000, Fax No: (033) 4051 3326
Website: www.techno.co.in, E-mail: desk.investors@techno.co.in

**NOTICE OF THE 17TH ANNUAL GENRAL MEETING TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING ("VC") OR OTHER AUDIO VISUAL MEANS ("OAVM"), REMOTE E-VOTING INFORMATION, BOOK CLOSURE AND DIVIDEND**

**NOTICE** is hereby given that the **17th Annual General Meeting** of the Members of **Techno Electric & Engineering Company Limited** will be held on **Monday, the September 26, 2022 at 3.30 p.m.** through VC/OAVM to transact the businesses as set out in the Notice convening the Meeting (the "Notice') in compliance with the relevant provisions of the Companies Act, 2013 (as amended) (the "Act") and Rules made thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (amended) (the "Listing Regulations") and in compliance with Ministry of Corporate Affairs(MCA) circular dated 05th May, 2022 and SEBI circular dated 13th May, 2022 and such other applicable MCA and SEBI circulars (collectively referred to as the "relevant circulars") to transact the business as set out in the notice of the Meeting.

**Dispatch of Notice and Annual Report via e-mail:**
In accordance with the said Circulars, the Notice convening the AGM alongwith the Annual Report Including Audited Financial Statements for the financial year ended March 31, 2022 has been sent only through e-mails to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company or the Registrar and Share Transfer Agent (the "RTA"), i.e., M/s. Niche Technologies Private Limited or the Depository Participant(s) and holding equity shares of the Company as on August 19, 2022. The Notice and the Annual Report are available on the websites of the Company viz., www.techno.co.in and of the Stock Exchanges where the Equity Shares of the Company are listed viz:. www.nseindia.com and www.bseindia.com. The Notice shall also be available on the e-Voting website of the agency engaged for providing e-Voting facility i.e. National Securities Depository Limited (NSDL) viz., www.evoting.nsdl.com.

**Participation at the AGM:**
Pursuant to Section 108 and other applicable provisions, if any, of the Act, Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and amendments thereto, read together with the MCA Circulars and Regulation 44 of the Listing Regulations, the Company has engaged the services of NSDL to provide remote e-Voting facility and e-Voting facility during the AGM to all the eligible Members to enable them to cast their votes electronically in respect of the businesses to be transacted at the Meeting. The manner and Instructions to cast votes through remote e-Voting as well as through e-Voting system during the Meeting have been provided alongwith the Notice.

**Manners of casting votes through remote e-voting and e-voting during AGM:**
The businesses set out in the Notice shall be transacted through e-voting only. The Members, whose names appear in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on **Monday, September 19, 2022** being the cut-off date shall be entitled to avail the e-Voting facility, Once vote(s) on Resolution(s) are cast by any Member, the same cannot be changed subsequently. The remote e-Voting period will commence on **Thursday, September 22, 2022** (9:00 A.M. IST) and will end on **Sunday, September 25, 2022** (5:00 P.M. IST). Thereafter the module of remote e-voting shall be disabled by NSDL. A person who is not a member, as on the cut-off date, i.e. **Monday, September 19, 2022** should treat the Notice for Information purpose only.

Members attending the AGM, who have not cast their votes by remote e-Voting, shall be eligible to exercise their voting rights during the AGM through e-Voting system via www.evoting.nsdl.com. Members who have exercised their voting rights by remote e-Voting prior to the AGM may also attend the AGM through VC or OAVM but shall not be entitled to cast their votes again during the AGM.

Any person, who acquires equity shares of the Company and becomes a Member after despatch of the Notice of the AGM and holds shares as on the cut-off date, i.e., September 19, 2022 may obtain the login Id and password for e-Voting, by sending a request to NSDL at evoting@nsdl.co.in. Members who are already registered with NSDL for remote e-Voting can use their existing User Id and Password for e-Voting.

All documents referred to In the Notice and the Explanatory Statement thereto shall be made available for Inspection by the Members of the Company, without payment of fees, upto and including the date of the AGM. Members desirous of inspecting the same may send their requests at desk.investors@techno.co.in from their registered e-mail addresses mentioning their names and folio numbers /demat account numbers.

**Book Closure Notice and Dividend Payment:**
NOTICE is hereby also given that pursuant to Section 91 of the Act and Rules made thereunder and Regulation 42 of the Listing Regulations, the Register of Members and the Share Transfer Registers of the Company shall remain closed from Saturday, September 17, 2022 to Monday, September 26, 2022 (both days inclusive) for the purpose the AGM.

Further the Dividend on Equity Shares for the financial year ended March 31, 2022, as recommended by the Board, if declared at the AGM, will be paid, subject to deduction of tax at source to:

a) those Members whose names appear in the Register of Members of the Company at the end of business hours on Friday, September 16, 2022.
b) those 'Beneficial Owners' entitled thereto, in respect of shares held in demat mode, whose names shall appear in the statements of beneficial ownership at the end of business hours on Friday, September 16, 2022, as furnished by respective Depositories, viz. National Securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Services (India) Limited (CDSL).

**Manner for registering KYC including Bank details for receiving Dividend:**
For members holding shares in physical mode SEBI vide its circular dated 03rd November, 2021 had mandated registration of PAN, KYC details and nomination. Members holding Shares in physical form are, therefore requested to submit their PAN, KYC details including Bank details and nomination details to our RTA at nichetechpl@nichetechpl.com. A copy of such form can be downloaded from the website of the Company at www.techno.co.in or from the website of RTA nichetechpl@nichetechpl.com. Non availability of the KYC documents/details RTA on or after 01st April, 2023 will result in freezing of the physical folios. Members holding shares in the physical mode are also requested to dematerialized their shareholding at the earliest.

Members holding shares in dematerialized mode are requested to update their complete details with their depository participant to avoid delay in receiving in Dividend.

**Tax on Dividend:**
Members are requested to refer the Notice of AGM regarding complete details and procedure to be followed in regards to Tax on Dividend.

In case of any queries/grievances relating to e-Voting, Members may refer to "Frequently Asked Questions on e-Voting (For Shareholders).pdf" and "e-Voting Manual - Shareholder.pdf" available at the "Download" section of NSDL e-Voting website, i.e. www.evoting.nsdl.com or call on Toll Free No.: 1800 222 990 or contact Mr. Amit Vishal, Senior Manager/ Ms. Pallavi Mhatre, Manager of NSDL at Telephone Nos.: (022) 24994360 / (022) 24994545 or at e-mail id: evoting@nsdl.co.in or at NSDL, 'Trade World', 'A' Wing, 4th Floor, Kamala Mills Compound, Lower Parel, Mumbai - 400013. For any further assistance, you may contact Mr. Jyotirmoy Banerjee, Investor Relations Manager at Telephone No.: (033) 22895796.

**Manner of registering/e-mail address:**
Please keep your updated mail id registered with the RTA/your depository participant to receive timely communication. For member who have not yet updated their e-mail address the process of registration is provided below:

**Physical Holding:-** Members holding shares in physical mode and who have not yet registered /updated their e-mail address with the Company are requested to registered/update the same by submitting duly filled and signed Form ISR 1 with the RTA Niche Technology Private Limited at nichetechpl@nichetechpl.com.

**Demat Holding:-** Members holding shares in dematerialized mode are requested to register/update their e-mail address with the relevant depository participants.

For Techno Electric & Engineering Company Limited
Sd/-
N. Brahma
Company Secretary & Compliance Officer

Place : Kolkata
Date : 02.09.2022



**परफैक्टपैक लिमिटेड**

सीआईएन : एल72100डीएल1972पीएलसी005971
पंजीकृत कार्यालय : 910, चिरंजीव टॉवर-43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
दूरभाष सं. 011-26441015-18, वेबसाइट : www.perfectpac.com
ई-मेल : complianceofficer@perfectpac.com

**50वीं वार्षिक सामान्य बैठक का शुद्धिपत्र**

कम्पनी के सदस्यगण कृपया नोट करें कि, कम्पनी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से, बृहस्पतिवार, 15 सितंबर 2022 को दोपहर 12.30 बजे आयोजनार्थ निर्धारित कम्पनी के सदस्यों की 50वीं वार्षिक सामान्य बैठक के आयोजन हेतु ई-मेल द्वारा सदस्यों को प्रेषित सूचना दिनांकित 02 सितम्बर, 2022 के संबंध में शुद्धिपत्र जारी किया है। आइटम नंबर 7 पर एक विशेष व्यवसाय "विशेष प्रस्ताव" के स्थान पर असावधानीवश "साधारण प्रस्ताव" वर्णित किया गया है। तदनुसार, सूचना और व्याख्यात्मक विवरण की आइटम नंबर 7 में दृष्टिगत शब्द "साधारण प्रस्ताव" के स्थान पर "विशेष प्रस्ताव" प्रतिस्थापित किया जाए। सूचना की अन्य विषयवस्तु अपरिवर्तित रहेगी।

सभी संबंधित जन से एतद्द्वारा एजीएम की सूचना शुद्धिपत्र सहित पढ़ने का अनुरोध किया जाता है। शुद्धिपत्र कम्पनी की वेबसाइट :- www.perfectpac.com से डाउनलोड किया जा सकता है तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट नामत :- www.bseindia.com से तथा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट :- www.evoting.nsdl.com से भी देखा जा सकता है।

वास्ते परफेक्टपैक लिमिटेड
संजय राजगढ़िया
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक 02-09-2022



**कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड**

सीआईएन : एल25199डीएल1980पीएलसी010173
पंजीकृत कार्यालय : 2/8, रूप नगर, दिल्ली-110007
वेबसाइट : www.cosco.in ई-मेल : mail@cosco.in
फोन : 91-11-23843000, फैक्स : 91-11-23846000
बीएसई व्यापार प्रतीक : COSCO

कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड की वार्षिक सामान्य बैठक

कोविड-19 महामारी का प्रकोप जारी रहने को ध्यान में रखते हुए, कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") ने इसके द्वारा जारी किए गए सर्कुलर नंबर 14/2020, 17/2020, 20/2020 एवं 02/2021 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020 तथा 13 जनवरी, 2021 क्रमानुसार और 03/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 (एमसीए सर्कुलर्स) के माध्यम से वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर, आयोजित करने की अनुमति प्रदान की है। कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों, सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सेबी एलओडीआर") के साथ पठित सेबी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 12 मई, 2020 एवं 15 जनवरी, 2021 क्रमानुसार ("सेबी सर्कुलर्स") ; तथा एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में कम्पनी के निदेशक मंडल ने कम्पनी की 43वीं एजीएम, शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को मध्या. 12.00 बजे, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग /अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय किया है।

कृपया नोट करें कि सदस्यों को सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता, उपरोक्त एमसीए तथा सेबी सर्कुलर्स द्वारा समाप्त कर दी गई है।

एमसीए तथा सेबी सर्कुलर्स के प्रावधानों के अनुपालन हेतु, 43वीं एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 43वीं एजीएम से जुड़ने हेतु लॉगइन विवरण, ईवोटिंग विवरण के साथ केवल ई-मेल आईडी द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनका ई-मेल पता कम्पनी अथवा कम्पनी रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट (आरटीए) मैसर्स स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स (डीपी'ज) के पास पंजीबद्ध है। सदस्यगण 43वीं एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग ले सकते हैं। एजीएम से जुड़ने, एजीएम में अपना वोट डालने तथा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने हेतु अनुदेश 43वीं एजीएम की सूचना में दिए जाएंगे। 43वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.cosco.in तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगी।

कम्पनी अपने सभी सदस्यों को 43वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर उनका वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग तथा ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के संबंध में विस्तृत अनुदेश 43वीं एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों पर अपना वोट ई-वोटिंग द्वारा रिमोटली डालने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

भौतिक रूप में शेयरों के धारक जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता कम्पनी अथवा आरटीए के पास पंजीबद्ध नहीं करवाया है, वे 43वीं एजीएम की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम से जुड़ने के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिए अपना ई-मेल पता पंजीकृत करवाने के लिए एक अनुरोध अपने नाम, फोलियो नंबर, शेयर प्रमाणपत्रों की स्कैन प्रति (फ्रंट और बैक), अपना ई-मेल पता के पंजीकरण के समर्थन मे पैन कार्ड तथा आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति के साथ कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट, स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को info@skylinerta.com/admin@skylinerta.com पर भेजें अथवा कम्पनी सचिव से sudha@cosco.in पर सम्पर्क करें।

अभौतिक रूप में शेयरों के धारक जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीबद्ध नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि 43वीं एजीएम की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट तथा वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम से जुड़ने के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने हेतु अपना ई-मेल पता करवाने के लिए, अपने डीपी'ज द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया का पालन करें। पंजीबद्ध ई-मेल पता का उपयोग भविष्य में संचार प्रेषण के लिए भी किया जाएगा।

कोई व्यक्ति, जो 43वीं एजीएम की सूचना के इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण के पश्चात शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 को शेयरधारक है, वह info@skylinerta.com/sudha@cosco.in पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

यह सूचना कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और हितार्थ जारी की जा रही है तथा कार्पोरेट मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के लागू सर्कुलर्स के अनुसार है।

वास्ते कॉस्को (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./-
देविन्दर कुमार जैन
(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)
डीआईएन : 00191539
पता : सी-124, डीएलएफ कालोनी, गुरूग्राम- 122001

स्थान : दिल्ली
तिथि : 02 सितम्बर, 2022


करंट लगने से दो बच्चों की मौत का मामला

# मेला संचालक सहित तीन पर एफआईआर दर्ज

● हादसे में घायल तीन बच्चों की हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के बीटा-2 क्षेत्र के सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित मेले में झूला झूल रहे दो बच्चे करंट की चपेट में आ गए। इस घटना में 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने झूला संचालक को हिरासत में ले लिया है। बीटा-2 के थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बिरौंडी गांव में किराए पर रहने वाले धर्मेंद्र का बेटा हर्षित अपने पड़ोस में रहने वाली महिला आरोही और उसके बच्चे के साथ बृहस्पतिवार की रात सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में मेला देखने गया था।

झूले में झूलने के बाद उससे उतरते समय हर्षित (12) और आरोही का बेटा प्रियांश (तीन) करंट की चपेट में आने से झुलस गए। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों को उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डाक्टरों ने हर्षित को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रियांश की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने इस मामले में मेला संचालक चंद्रशेखर गर्ग, अंकित जैन, राजीव गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

## यमुना प्राधिकरण 12 बिल्डरों के बैंक अकाउंट की करवाएगा जांच

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने बिल्डरों के खातों का फॉरेंसिक ऑडिट कराने का फैसला लिया है। यमुना प्राधिकरण में कुल 12 बिल्डर हैं। इन बिल्डरों ने निवेशक से 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा, लीज रेंट और किस्तों के रूप में कितना पैसा लिया है, किसी भी बिल्डर ने प्राधिकरण को किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि किस निवेशक से कितना पैसा लीज रेंट और 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा के रूप में लिया है। इसकी जानकारी बिल्डर नहीं दे रहे हैं। कई बिल्डरों ने अभी तक निवेशक से पैसे भी ले लिए हैं।

लीज रेंट और 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा का पैसा भी जमा करा लिया है, लेकिन बिल्डर इसकी जानकारी प्राधिकरण से छुपा रहे हैं। अब प्राधिकरण ने इन 12 बिल्डरों का फॉरेंसिक ऑडिट कराने का फैसला लिया है।

# गैंगस्टर मामले में श्रीकांत की जमानत याचिका खारिज

● अनु त्यागी से मिलने पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर की एक अदालत ने शुक्रवार को नेता श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पिछले महीने नोएडा की एक महिला के साथ मारपीट और अपशब्द कहने वाले कथित वीडियो के सामने आने के बाद त्यागी को गिरफ्तार किया गया था।

आदेश की प्रति के अनुसार, जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर अधिनियम) रणविजय प्रताप सिंह ने जमानत याचिका खारिज कर दी। त्यागी के वकील सुशील भाटी ने जमानत याचिका खारिज होने की पुष्टि की है। नोएडा पुलिस ने त्यागी (34) को नौ अगस्त को मेरठ से गिरफ्तार किया था और उसके खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। गैंगस्टर अधिनियम के अलावा त्यागी पर उसकी कारों पर ऐसे स्टिकर और राज्य सरकार के प्रतीक का उपयोग करने के आरोप में धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज किया गया था, जो केवल विधानसभा सदस्यों को जारी किए जाते हैं।

बता दें कि पांच अगस्त को नोएडा की ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में महिला से बदसलूकी को लेकर श्रीकांत त्यागी के खिलाफ आईपीसी की धाराओं 354, 420 और गाली-गलौज के मामले में केस दर्ज हुआ था। समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल श्रीकांत त्यागी के परिजनों से मिलने नोएडा पहुंचा। सपा के इस प्रतिनिधिमंडल में 9 सदस्य थे। इस दौरान सोसाइटी के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

समाजवादी पार्टी का यह डेलिगेशन अनु त्यागी से मिलकर वापस चला गया। इस मामले में बीजेपी ने सपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सपा इस मामले में राजनीति कर रही है।

## लड़की से अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 20 क्षेत्र के निठारी गांव की एक लड़की से सड़क पर सरेआम छेड़छाड़ करने और मारपीट करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

सेक्टर 20 के थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सुमित नामक युवक ने निठारी गांव में रहने वाली एक लड़की से छेड़छाड़ की थी। आरोप है कि विरोध करने पर उसने लड़की से मारपीट भी की थी। सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

# जितेंद्र त्यागी समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जितेंद्र त्यागी शुक्रवार को वार्ड नंबर 57 के ग्रामवासियों और न्याय खंड 2 के निवासियों के साथ गाजियाबाद महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर जितेंद्र त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर मैं भाजपा का एक सच्चा सिपाही और कर्मठ कार्यकर्ता के तौर पर जनता की सेवा करूंगा। जितेंद्र त्यागी के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में सम्मिलित होने वालों में पार्षद कपिल त्यागी, हरसरण त्यागी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष आलोक मिश्रा, सनसिटी से पार्षद संजय सिंह, देवेंद्र मुखिया, ऋषि पाल त्यागी, रामू त्यागी, धन प्रकाश त्यागी, सोमदत्त त्यागी, सुभाष त्यागी, लक्ष्मण त्यागी, अमरीश त्यागी, अमित शर्मा, विपिन त्यागी, डालचंद शर्मा, विनोद जाटव, पूर्व पार्षद सतीश त्यागी, लिखीराम त्यागी, राकेश त्यागी, प्रदीप त्यागी, कृष्ण त्यागी, पप्पू चाचा, धर्मवीर त्यागी, सुभाष त्यागी, राजपाल बाल्मीकि, नैन सिंह, विनोद सिंह, भीम त्यागी, सुखबीर त्यागी प्रधान, जगदीश पंडित, महानंद शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, चंदर यादव, लाला यादव, योगेश प्रजापति, रविंद्र शर्मा, टेकचंद शर्मा, ललित त्यागी, सुनीता ध्यानी व अन्य हैं।

# आईवीएफ केंद्र चला रहा था फर्जी डॉक्टर

● इलाज के दौरान गर्भवती महिला की मौत के मामले में हुआ गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



आरोपी फर्जी डॉक्टर पुलिस गिरफ्त में।

एक फर्जी डॉक्टर द्वारा संचालित अस्पताल में इलाज के दौरान लापरवाही के कारण एक महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस उपायुक्त (मध्य नोएडा) राजेश एस. ने कहा कि फर्जी डॉक्टर प्रियरंजन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ बिसरख पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, गाजियाबाद के इंदिरापुरम की रहने वाली महिला 19 अगस्त को बिसरख इलाके के इको विलेज 2 में ठाकुर द्वारा संचालित आईवीएफ क्रिएशन वर्ल्ड सेंटर गई थी।

अधिकारियों ने कहा कि वह आईवीएफ प्रक्रिया के लिए दो महीने से अस्पताल का दौरा कर रही थी, जो गर्भावस्था के लिए एक प्रौद्योगिकी-सहायता वाली विधि है।

उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के दौरान महिला बीमार पड़ गई और केंद्र में आपातकालीन सहायता की कमी के कारण उसकी हालत इतनी खराब हो गई कि वह कोमा में चली गई और उसे दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (जोन द्वितीय) राजेश एस. ने कहा, 19 अगस्त को आईवीएफ उपचार के दौरान वह बीमार पड़ गई और उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां 26 अगस्त को उसकी मौत हो गई।

आईवीएफ केंद्र के मालिक ठाकुर को महिला की मौत के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया, जांच के दौरान, ठाकुर के चिकित्सा प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया गया। 2005 की उनकी एमबीबीएस डिग्री में बिहार के मधेपुरा में भूपेंद्र नारायण विश्वविद्यालय का उल्लेख किया गया था, लेकिन सत्यापन के दौरान डिग्री फर्जी पाई गई।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आप ने एलजी पर फिर लगाया आरोप

## केवीआईसी अध्यक्ष रहते बेटी को अवैध रूप से दिया लाउंज डिजाइन का ठेका: संजय सिंह



सांसद संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पायनियर समाचार सेवा।नई दिल्ली आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने खादी विकास एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईएस) के अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया और एक खादी लाउंज की आंतरिक साजसज्जा (इंटीरियर डिजाइनिंग) का ठेका अपनी बेटी को दिया था।

पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तत्काल सक्सेना को बर्खास्त करने की मांग की। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी मांग की कि कानून का उल्लंघन कर अपनी बेटी को कथित तौर पर ठेका देने के लिए सक्सेना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। सिंह ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल सक्सेना ने केवीआईसी के अध्यक्ष के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान अपने पद का दुरुपयोग किया तथा मुंबई में एक खादी लाउंज की आंतरिक साजसज्जा का ठेका अपनी बेटी को दिया।

ठेका देने में उन्होंने केवाईआईसी कानून, 1961 के प्रावधानों का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को दिल्ली के उपराज्यपाल के तौर पर सक्सेना को फौरन बर्खास्त करना चाहिए तथा अपनी बेटी को अवैध तरीके से ठेका देने के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। सिंह ने कहा कि आप अपने वरिष्ठ वकीलों के साथ विचार-विमर्श कर रही है और मामले में अदालत का रुख करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल अपने गलत कृत्यों की जवाबदेही से बच नहीं सकते।

हम इस मामले में जल्द ही अदालत का रुख करेंगे क्योंकि ठेका देने में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। आप नेता ने पूछा कि केवाईआईसी के अध्यक्ष अपने रिश्तेदार को ठेका कैसे दे सकते हैं। सिंह ने गुरुवार को ट्विटर पर सक्सेना से पूछा था कि क्या उन्होंने खादी और केवीआईसी के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपनी बेटी को बिना किसी निविदा के ठेका दिया था। आप सांसद ने कहा कि केवीआईसी को नियमों के अनुसार खादी लाउंज की आंतरिक साजसज्जा का काम देने में उचित प्रक्रिया का पालन करना चाहिए।

### आप नेता दे रहे भ्रामक आंकड़े : वीके सक्सेना



उपराज्यपाल वीके सक्सेना

*दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं पर, मुंबई में केवीआईसी लाउंज के विकास पर भ्रामक आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया। उपराज्यपाल सचिवालय ने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया कि खादी ग्रामोद्योग आयोग ने एक पत्र जारी किया है जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उसके मुंबई स्थित लाउंज की परियोजना की कुल लागत 27.3 लाख रुपए थी और एक राजनीतिक पार्टी द्वारा दिए गए आंकड़े गलत हैं।*

# आप सरकार की बर्खास्तगी को लेकर राष्ट्रपति से मिलेंगे भाजपा विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● उपराज्यपाल का अपमान करने का आरोप

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के विधायक आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों समेत कई मुद्दों को लेकर आप सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से छह सितंबर को मुलाकात करेंगे। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आप सरकार ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना का भी अपमान किया है।

उन्होंने कहा, उपराज्यपाल के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने के अलावा, उन्हें भेजी गई फाइल पर मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर भी नहीं हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद उन्हें कैबिनेट नोट भेजे गए। इन सभी अवैध गतिविधियों को देखते हुए इस सरकार को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि विधायक छह सितंबर को राष्ट्रपति से मिलेंगे और आप सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग करेंगे।उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्री सत्एंद्र जैन तीन महीने से अधिक समय से जेल में हैं और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी घोटाले के क्रियान्वयन में अनियमितताओं के संबंध में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बिधूड़ी ने कहा, सीवीसी (केंद्रीय सतर्कता आयोग) ने इस सरकार के शिक्षा घोटाले का पर्दाफाश किया है। डीटीसी घोटाला और दिल्ली जल बोर्ड घोटाला भी सामने आया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने दागी मंत्रियों के खिलाफ न तो कोई कार्वाई की, न ही उन्हें अपने मंत्रिमंडल से हटाया।

केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार को पूरी सुरक्षा दे रही है। उन्होंने आप सरकार पर सभी नियमों और विनियमों की अनदेखी करके दिल्ली में भ्रष्टाचार फैलाने और लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। बिधूड़ी ने कहा, इसलिए इस सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 11 फर्जी टीटीई पकड़े

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर से 11 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया है जो अवैध रूप से यात्री टिकट परीक्षक (टीटीई) के तौर पर काम कर रहे थे। इनमें से कई आरोपियों के पास से नकली नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र प्राप्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया। रेलवे का एक अधिकारी कानपुर शताब्दी ट्रेन से यात्रा कर रहा था और उसका सामना ऐसे ही एक टीटीई से हुआ, जिसने अपना नाम भानु चौरसिया बताया और वह अवैध रूप से टिकट की जांच रहा था। अधिकारी ने वाणिज्य विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद मामले की जांच हुई और गिरोह के बारे में पता चला।

### मिठाइयों में मिलावट रोकने के लिए चलाया अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारों के मद्देनजर मिलावट को रोकने के लिए मिठाइयों बनाने में इस्तेमाल होने वाले खोया के नमूने लेने शुरू कर दिए हैं और कुछ विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि अधिकारी एके सिंह के नेतृत्व में मोरी गेट तथा फतेहपुरी में खोया (दूध से बना उत्पाद) के नमूने लेने शुरू कर दिए गए हैं। इन स्थानों पर थोक में खोया की बिक्री होती है। इसमें कहा गया है कि ये दल गुरुवार को खोया बेचने वाली दुकानों पर गए और 22 नमूने एकत्रित किए तथा मोरी गेट में विक्रेताओं को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का पंजीकरण न होने के लिए तीन को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

### उपभोक्ता फोरम में रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को शुक्रवार को इस बात से अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजधानी में जिला उपभोक्ता फोरम के स्वीकृत 30 पदों में से 26 पर नियुक्तियां कर दी गई हैं और शेष पदों को भरे जाने की प्रक्रिया जारी है। मुख्य न्यायाधीश एस.सी. शर्मा और न्यायमूर्ति एस. प्रसाद की पीठ ने उपभोक्ता अदालतों की सभी समस्याओं को दूर करने, रिक्त पदों को भरने और न्यायिक अधिकारियों, वादकारों तथा वकीलों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए दिल्ली सरकार को कुछ और मोहलत दे दी। दिल्ली सरकार की स्थिति रिपोर्ट को रिकॉर्ड में दर्ज करते हुए उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए अगले साल 27 जनवरी की तारीख मुकर्र की है और ताजा स्थिति रिपोर्ट पेश करने करने का भी निर्देश दिया है।

### हरि चंद मेमोरियल-17 में डीसी राघव अकादमी जीती



**नई दिल्ली।** अर्णव सिंह बग्गा के ऑलराउंडर प्रदर्शन ने 81 रन (2/15) करण 2/5 और संजय 2/16 ने डीसी राघव अकादमी ने शुरुआती मैच में वैश्विक अकादमी को 9 विकेट से हराकर 16 वें हरि चंद मेमोरियल-17 में जीत के साथ आगाज किया। पहले खेलते हुए ग्लोबल एकेडमी की पूरी टीम 108 रन पर सिमट गई। मैच में हर्षित चौधरी ने 21, करण 2/05, अर्णव सिंह बग्गा 2/15, संजय 2/16 का योगदान रहा। वहीं डीसी राघव ने 11 ओवर में एक विकेट पर 112 रन बनाए। अर्णव सिंह बग्गा ने 81 बनाये। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर महिला खिलाड़ी नेहा तंवर, भारतीय रेलवे खिलाड़ी रविंदर बोला, निदेशक बीडीएम बलजीत सिंह जोबन उद्घाटन मैच में मौजूद रहे।

# ट्रक खराब होने व मरम्मत कार्य के चलते मध्य दिल्ली में जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● काले खां से आईटीओ तक और लुटियन जोन में हुई परेशानी

मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को ट्रक खराब होने और मरम्मत कार्य होने से सुबह यात्रियों को भारी जाम का सामना करना पड़ा।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आउटर रिंग रोड पर एक ट्रक खराब हो गया था, जिससे सराय काले खां की ओर से आईटीओ की ओर जाने वाले मार्ग पर भारी जाम लग गया। अधिकारी ने बताया कि सड़क के जिस हिस्से में ट्रक खराब हुआ, वहां दो मार्गों (लाइन) पर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। पुलिस जाम हटाने की कोशिश कर रही है। वहीं कनॉट प्लेस में शांगरी-ला होटल के पास भी यातायात धीमा रहा।

दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को कहा था कि मध्य दिल्ली में अशोक रोड के एक हिस्से में नगर निकाय एजेंसी के मरम्मत कार्य करने के कारण मार्ग सात दिन तक बंद रहेगा।

## बच्चियां पीटने वाली शिक्षिका की गिरफ्तारी की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने एक महिला शिक्षिका पर उत्तरपूर्वी दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में होमवर्क पूरा न करने के लिए दो बच्चियों की बेरहमी से पिटाई करने का शुक्रवार को आरोप लगाया।

मालीवाल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर उनसे शिक्षिका को गिरफ्तार करने के लिए कहा है। उन्होंने ट्वीट किया कि नन्हीं सी, आठ और छह साल की बच्चियों को ट्यूशन पढ़ाने वाली उनकी शिक्षिका ने होमवर्क न करने पर कमरे में बंद कर दिया और बेरहमी से मारा पीटा। शरीर पर आए जख्म के निशान दिल दहला देने वाले हैं।

# कई इलाकों में बारिश, उमस व गर्मी से राहत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के कई हिस्सों में शुक्रवार दोपहर को हुई भारी बारिश के बाद दिल्ली वासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सितंबर के महीने में दिल्ली में हुई यह पहली बारिश थी। आईएमडी के अनुसार, अगस्त में दिल्ली में केवल 41.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो बीते लगभग 14 वर्ष में सबसे कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सफदरजंग वेधशाला में शाम साढ़े पांच बजे तक पिछले नौ घंटे में, आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मयूर विहार वेधशाला में 22.5 मिलीमीटर जबकि लोधी गार्डन मौसम स्टेशन पर 18 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डेढ़ मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। आईएमडी ने कहा कि अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और दिनभर में आर्द्रता 97 प्रतिशत से 64 प्रतिशत के बीच रही। सफर प्रणाली के अनुसार दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर 99 दर्ज किया गया जो संतोषजनक श्रेणी में था।

बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 37.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

आईएमडी के अनुसार, अगस्त में दिल्ली में केवल 41.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो बीते लगभग 14 वर्षों में सबसे कम है।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) MAHINDRA_FURIO_11_FULLY_BUILT UP14HT8805 - YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 398353
2) TATA LPT 1109 FULLY BUILT UP14HT7369 - YOM - 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 332028
3) TATAMOTORS_LPT1412 UP17AT5844 - YOM -2015 MINIMUM RESERVE PRICE 340674
4) EICHR_VECV_VE1110FB UP81CT5745 - YOM - 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 532928
5) TATAMOTORS/TATAXENON HR55AG3807- YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 239414
6) EICHR_VECV/E_1075SG DL1LY2263 - YOM - 2017 MINIMUM RESERVE PRICE 324745
7) TATA LPT 1518 CAB CHASSIS GOODS- UP17AT6198- YOM- 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 499824
8) TATAMOTORS/LPT909CH DL1MA3043 - YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 450314
9) SWRJ_MAZDA/SM_SARTAJ DL1LAA6846 - YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 322433
10) SWRJ_MAZDA/SM_SARTAJ DL1LAA6811 - YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 322433
11) TATAMOTORS/T1518FBGD UP14HT4779 - YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 585630
12) TATAMOTORSTLPT1109CT UP16GT0480 -YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 623665
13) SML/SMLSARTAJ DL1LAC1870 - YOM- 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 425075
14) TATAMOTORS/T1518CBGD UP14GT7298 - YOM -2017 MINIMUM RESERVE PRICE 533681
15) TATA/LPT709FB DL1LAC6109 - YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 635398

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 17.09.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL-rajesh.antil@kotak.com


# सेंट्रल विस्टा : एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निर्माण को पर्यावरणीय मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● परिसर में प्रधानमंत्री का नया कार्यालय और कैबिनेट सचिवालय का होगा निर्माण

सेंट्रल विस्टा परियोजना के हिस्से के रूप में एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निर्माण को दिल्ली प्रदेश पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) ने मंजूरी दे दी है। इस एन्क्लेव में प्रधानमंत्री का नया कार्यालय और कैबिनेट सचिवालय का निर्माण किया जाएगा।

दिल्ली प्रदेश विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) ने पिछले सप्ताह एसईआईएए को परियोजना को पर्यावरण संबंधी मंजूरी देने की सिफारिश की थी। एसईआईएए ने बुधवार को एक बैठक में परियोजना पर चर्चा की तथा इसे मंजूरी दे दी।

वन विभाग ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को 23 अगस्त को दिल्ली पेड़ संरक्षण कानून, 1994 के तहत सेंट्रल विस्टा परियोजना स्थल से 807 में से 487 पेड़ों को उखाड़कर कहीं और लगाने की मंजूरी दी थी। बैठक में एसईआईएए ने कहा कि इस परियोजना से निर्माण स्थल पर 60 प्रतिशत पेड़ों को हटाया जाएगा।

सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने कहा कि इस प्रस्ताव को गत वर्ष दिसंबर में पर्यावरणीय मंजूरी के लिए भेजा गया था। परियोजनाओं को मंजूरी के लिए एसईआईएए के पास भेजे जाने से पहले उनका मूल्यांकन करने वाली एसईएसी ने इस महीने की शुरुआत में पेड़ों को उखाड़कर कहीं और लगाने के लिए दिल्ली सरकार की नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए एक उप-समिति का गठन किया था। दिसंबर 2020 में अधिसूचित की गई नीति में कहा था कि संबंधित एजेंसियों को उनके विकास कार्यों के कारण प्रभावित 80 प्रतिशत पेड़ों को किसी और स्थान पर लगाना होगा।


**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RIZOO SOOD CS (COMM) No. 798/2019 | Vehicle No. UP14ET9537, Make and Model- CHEVEROLET SAIL LS, Manu Year -2015 |
| ICICI BANK LTD VS PASHMEEN KAUR. CS(Comm) No. 338/2018 | Vehicle No. DL1LX7564, Make and Model- FORCE MOTORS LTD DELIVERY VAN LONG, Manu Year -2017 |
| ICICI BANK LTD VS SOKIN KHAN CS (COMM) 1019/19 | Vehicle No. UP16ET6562, Make and Model- HONDA SIEL CARS INDIA LTD MOBILIO SMT-P, Manu Year 2017 |
| ICICI BANK LTD VS SANJAY CS (COMM) No. 819/22 . | Vehicle No. UP14JT0547, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD ECOMET1412, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS RAJA HUSAIN CS (COMM) No.: 1094/21 | Vehicle No. UP14JT3784, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD GURU 1111, Manu Year- 2019 |

**Auction Date:-** Sep12, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd. Vs. Babar & Anr., CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No- UP14JT1939, Make & Model- ASHOK LEYLAND GURU 1010, Manu. Year- 2019 |

**Auction Date:** Sep 12, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad-UP, 201102
**Contact Person-** Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. .

Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


# डीयू ने नियमित प्राचार्य नहीं होने पर दी शिक्षक भर्ती की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने 32 कॉलेजों से कहा है कि उनके पास नियमित प्राचार्य नहीं होने पर भी वे शिक्षकों की नियुक्ति कर सकते हैं। इससे पहले विश्वविद्यालय ने कहा था कि स्थाई प्रधानाध्यापक नहीं होने पर कॉलेज नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर सकते।

डीयू की ओर से 31 अगस्त को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि विश्वविद्यालय ने छात्रों के व्यापक हितों को देखते हुए पहले दिए अपने निर्देश की समीक्षा की है। विश्वविद्यालय के सहायक रजिस्ट्रार ने कॉलेजों की प्रशासकीय इकाइयों को 18 मई को लिखे पत्र में कहा था कि जब तक नियमित प्राचार्य न हों तब तक निविदा, अस्थाई या नियमित आधार पर भी शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति न की जाए।

इसके बाद डीयू के सात सदस्य शिक्षकों ने कुलपति योगेश सिंह को पत्र लिखकर निर्णय को वापस लेने का आग्रह किया था।


**ADDI INDUSTRIES LIMITED**
CIN: L51109DL1980PLC256335
**Registered Office** A-104, Third Floor, Okhla Industrial Area Phase – II, New Delhi - 110020
**Phone**: 011-45025469, **Email**:atul.addi@gmail.com, addiind@gmail.com
**Website**: www.addiindustries.com

**NOTICE OF THE 40TH ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE DATE(S)**

**Dear Members,**

The 40th Annual General Meeting ('AGM') of the members of **Addi Industries Limited** ("the Company") will be held on **Friday, 30th September, 2022 at 9:00 A.M.** through Video Conferencing ('VC')/Other Audio Visual Means ('OAVM') facility without the physical presence of the members at a common venue to transact the businesses as set out in the Notice of AGM in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 "(Act)" and Rules framed thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with Circular No.14/2020 dated 08th April, 2020, Circular No. 17/2020 dated 13th April, 2020 , Circular No. 20/2020 dated 05th May, 2020, Circular No. 02/2021 dated 13th January,2021 and Circular No. 02/2022 dated 05th May 2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May, 2020, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated 15th January 2021 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD 2/CIR/P/2022/62 dated 13th May, 2022 issued by the Securities and Exchange Board of India (SEBI), hereinafter referred to as the "Circular(s)".

Since the meeting will be held through VC/OAVM, facility for appointment of proxy will not be available for the AGM.

The Notice of AGM and Annual Report for the Financial Year 2021-22 have been sent to all the members, whose e-mail address are registered / available with the Company / Depository Participants (DP) as on **Thursday 1st September, 2022**. Please note that the requirement of sending physical copies of the Notice of AGM and Annual Report to the members have been dispensed with in terms of the aforesaid Circular(s).

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013, Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and aforesaid Circular(s), the Members are provided with the facility to attend AGM through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM), to cast their vote electronically through the Remote e-voting before the AGM and through e-voting during the AGM, through the Authorised Agency, **Central Depository Securities Limited (CDSL).**

The process and manner of Remote e-voting / e-voting during the AGM and instructions for participation at the AGM through VC/OAVM are provided in the Notice of AGM.

**Pursuant to Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2015 as amended, Members are hereby informed that:**

a) the Ordinary Business and the Special Business as set out in the Notice of 40th AGM will be transacted through voting by electronic means;
b) the Remote e-voting shall commence on **Tuesday 27th September, 2022 at 09.00 A.M;**
c) the Remote e-voting shall end on **Thursday 29th September, 2022 at 05.00 P.M.** Thereafter, the facility of Remote e-voting shall be disabled by CDSL.
d) the e-voting rights of the Members shall be in proportion to the paid-up value of their Shares in the Equity Share Capital of the Company. Members of the Company holding Shares either in physical form or in dematerialized form, as on **the cut-off date i.e. Friday 23rd September 2022**, may cast their vote by Remote e-voting before AGM / e-voting at AGM.
e) Any person who acquires Shares of the Company and becomes member of the Company after dispatch of the Notice and holding Shares as on **the cut-off date i.e. Friday 23rd September, 2022** may follow the login process mentioned in the notice.
f) **Members may further note that:**
(i) Once the vote on a resolution is cast by the Member, the Member shall not be allowed to change it subsequently.
(ii) Members who have voted through Remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again at the meeting.
(iii) A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date shall be entitled to avail the facility of Remote e-voting attend the AGM through VC/OAVM and e-voting at the AGM.
(iv) The Notice of AGM and Annual Report are available on the website of the Company at www.addiindustries.com , website of the stock Exchange i.e BSE Limited at www.bseindia.com and website of CDSL at www.evotingindia.com.
(v) **In case of any grievance connected with the facility for voting by electronic means, Members can directly contact Mr. Rakesh Dalivi Sr. Manager (CDSL), Central Depository Services (India) Limited e-mail ID:** helpdesk.evoting@cdslindia.com **or call on Toll Free No.: 1800-22-55-33. Members may also write to the Company at the e-mail ID:** atul.addi@gmail.com

**Book Closure:** Pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013 and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books will remain closed from **Saturday 24th September, 2022 to Friday 30th September, 2022** (both days inclusive) for the purpose of this AGM.

**For ADDI Industries Limited**
**Sd/-**
**Taranjeet Kaur**
**Company Secretary**
**Membership No. 8991**

**Date : 02.09.2022**
**Place : New Delhi**



**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक कब्ज़ा** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है", के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री प्रभात अरोड़ा (कर्जदार), श्री सुदेश लाल अरोड़ा (सह-कर्जदार), LBDEL00004132477, LBDEL00004966577, LBDEL00005121577 | दुकान नं. जी-52, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 9-बी और 9-सी, क्रॉस रिवर मॉल, शाहदरा, दिल्ली- 110032, एरिया : 738 वर्गफुट | रु. 1,14,93, 473.05 (अगस्त 29, 2022 तक) | रु. 1,17,70, 000/- / रु. 11,77, 000/- | सितंबर 12, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | सितंबर 26, 2022 सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **सितंबर 23, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **सितंबर 23, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **सितंबर 23, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **सितंबर 23, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : सितंबर 03, 2022
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **सांकेतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा **"जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है",** के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | डोरडिवाइसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार), अंकुर खन्ना (सह-कर्जदार), दलीप कुमार टंडन (सह-कर्जदार) LBNOD00003160455 LBNOD00002976426 | संपत्ति नं. 1ए/40, ब्लॉक एच, सेक्टर-63, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश क्षेत्रफल 2153 वर्ग फीट | रु. 2,06,88, 661.54/- (अगस्त 29, 2022 तक) | रु. 9,24,35, 000/- / रु. 92,43, 500/- | सितंबर 20, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अक्टूबर 10, 2022 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **अक्टूबर 07, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **अक्टूबर 07, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अक्टूबर 07, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708, 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : सितंबर 03, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 3 सितंबर, 2022


# सीएम विंडो का बनाया मजाक : शिकायतकर्ता को ही करते हैं परेशान

**कविता।** फरीदाबाद

**आम** लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सीएम विंडो का गठन किया था, लेकिन अधिकारियों ने सीएम विंडो का ही मजाक बनाकर रख दिया है।

आरटीआई कार्यकर्ता अजय बहल ने वर्ष 2020 में आबकारी विभाग में भ्रष्टाचार से संबंधित एक शिकायत सीएम विंडो में की थी। इस मामले में अब आबकारी अधिकारी ने उन्हें एक सितम्बर 2022 को पत्र भेज कर जांच के लिए अपने कार्यालय में 12 मई मई 2022 को पहुंचने का संदेश भेजा है।

## एक सितम्बर 2022 को भेजा 12 मई 2022 को पहुंचने का संदेश

**यह है मामला :** वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री ने अपने अधीन एक नागरिक शिकायत सुनवाई एवं निवारण विभाग की स्थापना की थी। सीएम विंडो आज के समय में केवल एक दिखावा मात्र एवं अधिकारियों के मनोरंजन का साधन बन कर रह गया है। उन्होंने बताया कि ऐसा ही एक मामला आरटीआई एसोसिएशन के प्रधान अजय बहल के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि तीन नवंबर 2020 को फरीदाबाद आबकारी एवं कराधान विभाग के एक अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार एवं रिश्वत लेकर उनकी एक शिकायत को दबाने का मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया था। दो साल बीत जाने पर भी इस शिकायत पर कोई भी कार्यवाही नहीं की है और अधिकारी आज भी जिले में मनमाने तरीके से कार्यरत हैं। मामले की जांच कर रहे उच्च अधिकारियों की इस बारे लापरवाही और दिखावे का हाल यह है कि ईमेल से उन्हें गत एक सितम्बर 2022 को एक नोटिस प्राप्त हुआ। जिसमें जारी करने की तिथि भी एक सितम्बर 2022 ही थी और उस लेटर के हिसाब से उन्हें सुनवाई के लिए संयुक्त कराधान एवं आबकारी आयुक्त फरीदाबाद ने अपने कार्यालय में करीब चार महीने पहले की तारीख पर मतलब 12 मई 2022 को आने के आदेश दिए हैं। अजय बहल के अनुसार यह सभी अधिकारी आपस में मिले हुए हैं तथा सरकार की तथाकथित पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों को पलीता लगाने में कार्यरत हैं। अधिकारियों की जन सुनवाई के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही से न केवल आम नागरिक परेशान हो रहे हैं अपितु अधिकारियों से मिलीभगत कर दुकानदार भी जनता को मनमाने तरीके से लूट रहे हैं। बहल ने कहा कि वह समझ नहीं पा रहे कि भ्रष्टाचार के बारे प्रदेश के मुख्यमंत्री से आगे वह इस शिकायत को लेकर अब किसके पास जाएं।



लघु सचिवालय का फाइल फोटो, आवकारी विभाग द्वारा भेजा गया पत्र।

# गड्ढों के कारण ऑटो पर पलटा ट्रक, बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

## 20 टन की मशीन से लदा ट्रक ऑटो पर गिरने से स्कूली छात्रा गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर** निगम की लापरवाही का खामिया शहर के लोगों को भुगतने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सड़क पर बने इन गड्ढों की वजह से आए दिन कहीं न कहीं सड़क हादसे हो रहे हैं। कहीं ठीक ठाक सड़कों को उखाड़ कर नया बनाया जा रहा है तो कहीं निगम के पास गड्ढों की मरम्मत करने का भी समय नहीं है।

एनएच एक स्थित राम धर्मकांटे के निकट सड़क के गड्ढों की वजह से करीब 20 टन भारी मशीन से लदा एक कैंटर पलट कर स्कूली बच्चों के ऑटो पर जा गिरा। गनीपत यह रहा कि आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने बचाव करते हुए ऑटो पर सवार तीन बच्चों और चालक को तुरंत बाहर निकल लिया। इस घटना में ऑटो पर सवार एक स्कूली बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं। बीके अस्पताल द्वारा रेफर करने पर बच्ची को निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस घटना को लेकर इलाके के लोगों में काफी रोष व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रामनगर निगम निवासी विनोद ने बताया कि वह ऑटो चलाने का काम करता है। उसकी तीन बेटियां चांदनी, रोशनी और पायल एनएच एक स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ती है। वह बेटियों को स्कूल छोड़ने और लाने का काम करता है। अन्य दिनों तरह शुक्रवार की दोपहर को भी छुट्टी के बाद बेटियों को ऑटो में बिठाकर घर लौट रहा था। राम धर्म कांटे के पास पहुंचा तो भारी मशीन से लदा एक ट्रक कांटा करवाने के बाद निकल रहा था। वहां सड़क पर बने गड्ढों के कारण झटका लगने से मशीन ट्रक में एक तरफ खिसक गई। जिससे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह साथ ही खड़े विनोद के ऑटो पर आ गिरा। तभी हादसे को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली प्रभारी रामबीर पुलिस बल और फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंच गए। इस बीच पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से विनोद ने बेटी रोशनी और पायल को तो ऑटो से सुकुश निकाल लिया, लेकिन चांदनी का हाथ ऑटो में फंस गया। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह चांदनी को निकाला गया। इस घटना में चांदनी के हाथ में फैक्चर हो गया और शरीर पर कई जगह चोटें आई है। बीके अस्पताल ले जाने पर आपातकालीन कक्ष के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया। बच्ची को एनएच पांच स्थित निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस टूटी सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है।


घटना स्थल पर खड़े लोग।


चांदनी।

# एथलीट प्रियांशु की हत्या में दो और आरोपी गिरफ्तार

## चाकू उपलब्ध कराने और सबूत मिलने के आरोप में भाई और दोस्त गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** संजय कालोनी निवासी मृतक प्रियांशु की हत्या के आरोप में पुलिस ने गतदिवस मुख्य आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से गहनता से की गई पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके बड़े भाई और एक दोस्त को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के लिए आरोपी को चाकू उपलब्ध करवाने का काम उसके दोस्त ने किया था। जबकि हत्या के बाद चाकू से खून के निशान उसके बड़े भाई ने मिटाए थे।

पुलिस के मुताबिक मृतक एथलीट प्रियांशु के साथ प्रैक्टिस दौरान तीन-चार दिन पहले आरोपी अजय का झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी अभिषेक ने चाकू उपलब्ध कराया था। मुख्य आरोपी अजय के भाई आरोपी दीपक ने वारदात के बाद चाकू से साक्ष्य मिटाया था। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने प्रियांशु की हत्या के मामले में बताया कि आरोपी अजय को क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव की टीम द्वारा सेक्टर-12 पार्क से गिरफ्तार कर प्रारंभिक पूछताछ की गई। जिसमें अन्य दो आरोपियों के बारे में खुलासा हुआ। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अजय और दीपक भाई है। आरोपी अभिषेक मुख्य आरोपी का दोस्त है। आरोपी अभिषेक ने मुख्य आरोपी अजय को चाकू उपलब्ध कराया था और आरोपी दीपक (25) मुख्य आरोपी का भाई है, जिसने चाकू पर लगा खुन साफ किया था। आरोपी अभिषेक (19) को मलेरना रोड से तथा आरोपी दीपक को बल्लभगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी अजय और अभिषेक को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# वुमेंस पावर संस्था ने किया गणेश विसर्जन


गणेशजी का विसर्जन करते वुमेंस पावर संस्था की प्रेजीडेंट चांदनी और संस्था के अन्य सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-23** स्थित सामुदायिक भवन में वुमेंस पावर संस्था के द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी बड़े धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार की देर शाम उन्होंने गणेश जी की मुर्ति का विसर्जन सामुदायिक भवन परिसर में ही पानी के टब में किया। इस दौरान उन्होंने ईको फ्रैंडली मूर्ति का इस्तेमाल किया था।

इस विषय में जानकारी देते हुए वुमेंस पावर संस्था की फाउंडर चांदनी आजाद अली का कहना है कि वह हर साल गणेशजी की स्थापना करती है और दो दिन बाद उनका विसर्जन करती है। इस बार संस्था के वाइज प्रेजिडेंट डौली कपूर और उनके पति करन कपूर के द्वारा गणेश जी की स्थापना की गई, साथ ही रिदिमा परासर और मिली शर्मा ने इसकी तैयारी की। देर शाम गणेशजी का विसर्जन ईको फ्रैंडली किया गया। चांदनी ने बताया कि वह हर त्योहार संस्था के सदस्यों के संग धूमधाम से मनाती है। होली, दिवाली, रक्षाबंधन, तीज इत्यादी मनाते हुए हमेशा भाईचारें का संदेश देती है।

# मुख्यमंत्री कल करेंगे कई परियोजनाओं का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल विडियो कांफ्रेंस के जरिए करेंगे उद्घाटन, लघु सचिवालय के छठे तल स्थिति कांफ्रेस हाल में होगा कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त विक्रम ने कहा कि रविवार 4 सितंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो कांफ्रेंस के जरिए करनाल के डा. मंगल सैन आडिटोरियम से जिला फरीदाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान फरीदाबाद में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने शिलान्यास व उद्घाटन वाले सभी विभागों के अधिकारियों को बैठक लेकर दिशा-निर्देश भी दिए।

उपायुक्त ने कहा कि उद्घाटन और शिलान्यास परियोजनाओं में जिस विभाग का जो भी कार्य है, उसके सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी नार्म पूरे हो। उन्होंने कहा कि जिस भी कार्य का उद्घाटन करना है वह कार्य पूर्ण रूप से कंप्लीट होना चाहिए। जिस परियोजना का शिलान्यास करना है, वह भी सरकार के नियमों अनुसार निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे आपस में तालमेल करके उद्घाटन व शिलान्यास परियोजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। इसके लिए जिला फरीदाबाद में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के आने की संभावना के मद्देनजर शिलान्यास व उद्घाटन समारोह के पत्थर तथा अन्य सुविधाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित हो। डीसी विक्रम ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल विडियों कान्फ्रेंस के जरिये रविवार को करनाल से शिक्षा विभाग के कन्या राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल दयालपुर का उद्घाटन, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदपुर का उद्घाटन, एचवीपीएन के 220 किलोवाट पावर स्टेशन सेक्टर- 58 में उद्घाटन किया जाएगा। एचवीपीएन के सेक्टर- 23 में 66 केवी पावर सब स्टेशन और खेड़ी गुजरान में आधारशिला रखनी है।


सेक्टर 12 में अधिकार्यों की बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम यादव।

## तिगांव महाविद्यालय में आरओ प्लांट का किया उद्घाटन

**फरीदाबाद।** एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने शुक्रवार को तिगांव के शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आरओ प्लांट की सौगात आज दी।

यह आरओ अगन फाउंडेशन के अधिकारी रोहित सेठी द्वारा भेंट किया गया है। एसडीएम परमजीत चहल ने कहा कि यह आरओ 500 लीटर प्रति घण्टा पानी को फिल्टर तैयार करेगा। महाविद्यालय में लगभग 2000 विद्यार्थियों को भरपूर मात्रा में आरओ से फिल्टर तैयार पानी पीने के लिए मिलेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजपाल सिंह सहित समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा पेय जल की समस्या का निवारण करवाने के लिए किए गए अथक प्रयासों पर आज के मुख्यातिथि एसडीएम परमजीत चहल व कार्यक्रम में आए अंगन फाउंडेशन के सभी विशिष्ट अतिथियों का कृतज्ञता पूर्वक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक तिगांव राजेश नागर के प्रतिनिधि-स्वरूप उनके अनुज सुधीर नागर भी उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण की सूचना न मिल पाने से परेशान रहे चालक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** में हार्डवेयर चौक से सोहना मोड तक जाम लगने के कारण राहगिर औद्योगिक नगरी की नीलम बाटा रोड से होते हुए एफआइए के सामने सेक्टर-24 और सोहना रोड का रूख करते हैं। लेकिन इस सड़क को शुक्रवार को नई बनाने के उद्देश्य से जगह-जगह से खोद दिया गया। जिससे वाहन चालकों को यहां परेशानियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि सड़क का कार्य बीच से शुरू किया गया।

पायनियर संवाददाता कविता ने देखा कि दोपहर बाद वहां से निकलने वाली स्कूल बस, वैन और ऑटो से लेकर वहां मौजूद उद्योगों में पहुंचने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों को इस दौरान खासी परेशानी हुई।

**बिना सूचना के काम :** एफआईए के सामने सड़क को खोद दिया गया। उसके कुछ दूरी तक जाने पर सड़क पहले की तरह रही। वहीं रेलवे लाइन पार करते ही व्हर्लपूल चौक की ओर जाने वाली सड़क के निकट रास्ते को खोद रखा था। जिस कारण यहां शुक्रवार दोपहर को जाम लग गया। वाहन चालक सड़क पर पहुंच गए, लेकिन उन्हें इसका कोई अंदाजा नहीं था, कि उन्हें लौटना पड़ेगा, क्योंकि सड़क खुदी होने से उन्हें वापस लौटना पड़ा। जिसमें स्कूल की बसें, ऑटो, वैन तथा उद्योगों में आने-जाने वाले वाहन चालक खासे परेशान नजर आए। वहीं उद्योगपतियों को भी इस सड़क से वापस लौटना पड़ा। सड़क को खोदे जाने के बारे में कहीं कोई सूचना नहीं थी। जिससे बीच रास्ते से लोगों को लौटते हुए देखा गया।

**राहगीर हुए परेशान:** सड़क की खुदाई होने से यहां सबसे अधिक परेशान होते हुए दोपहिया वाहन चालकों को देखा गया। बीच सड़क पर आने के बाद उन्हें पता चला कि सड़क पर आगे रास्ता नही है। जिस पर वाहन चालक मलवे के ढेर के ऊपर से कड़ी मेहनत लगाकर निकलते नजर आए। वहीं इस दौरान कुछ वाहन चालकों को मलवे से चोटे भी लगी तो कुछ की स्कूटी और बाइक फिसलने के कारण गिर कर चोट लगते हुए भी देखा गया।


अचानक से खुदी सड़क पर पड़े मलवे से निकलने का प्रयास करते वाहन चालक

## गणपति पंडाल में भक्तजनों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा सार्वजनिक श्रीगणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में 30 अगस्त से 4 सितम्बर तक बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। मंडल द्वारा 2 सितम्बर को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में 52 लोगों का शुगर, बीपी, रक्त जांच एवं आंखों की जांच की गई।

बीपी एवं शुगर जांच रहे राजवीर सिंह बघेला एवं चंदन कुमार ने बताया कि उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए सभी लोगों को यह कहा कि वह चिकनाई भरे पदार्थ कम खाएं एवं सुबह योग और कसरत करे। जिससे उन्हें एक स्वस्थ शरीर मिलेगा जो रोग मुक्त रहेगा। डॉ अभिषेक ने बताया कि उन्होंने अपने लोगों से कहा कि वह सभी बाहर खाना बहुत कम कर दे। जिससे उनका शरीर दूषित होता है एवं बिमारियों का घर बन जाता है। उन्होंने यह भी कहा की सभी फिजिकल एक्टिविटी में ज्यादा से ज्यादा भाग ले एवं दोस्तों के साथ ज्यादा समय बाहर के खेलों में दें।

# हटाया ब्रेकर, मिलेगी कुछ हद तक राहत







पायनियर
जानलेवा हो रहे हैं शहर की मुख्य सड़कों के स्पीड

**फरीदाबाद।** शहर की सड़कों पर मौजूद खतरनाक स्पीड ब्रेकरों के कारण शहरवासी परेशान हो रहे थे। सबसे अधिक स्पीड ब्रेकर बीके से हार्डवेयर होते हुए सोहना रोड तक पहुंच रही सड़क पर हैं। इस सड़क पर मंगलवार और बुधवार को बरसाती पानी भरने के कारण खतरनाक स्पीड ब्रेकरों से कई वाहन चालक गिर कर घायल हो गए थे।

जिसे देखते हुए पायनियर समाचार पत्र ने अपने बृहस्पतिवार के अंक में 'जानलेवा हो रहे शहर की मुख्य सड़कों के स्पीड ब्रेकर' के नाम से खबर प्रकाशित की थी। जिसमें बताया गया था कि चौराहों और उनके आसपास मौजूद स्पीड ब्रेकर काफी खतरनाक हैं। जिनसे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और उन्होंने सेक्टर-23-24 के निकट बने उस स्पीड ब्रेकर को पहले हटाया, जिससे करीब एक दर्जन बाईक सवार गिरकर घायल हुए थे। शुक्रवार को इस स्पीड ब्रेकर को हटा कर यहां मिट्टी डालकर सड़क को समतल कर दिया गया। लेकिन मिट्टी बरसात में बह जाने के बाद यहां फिर से गड्ढा न हो जाए, इस लेकर भी वाहन चालक सोचने को मजबूर हैं, लेकिन सड़क से हटे स्पीड़ ब्रेकर से वह अब राहत में हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## फीएवा के पदाधिकारियों ने डीसी को दी शुभकामनाएं



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा नवनियुक्त उपायुक्त विक्रम यादव को उनके कार्यालय में फूलों का गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान फीएवा के पदाधिकारियों ने उन्हें सभी तहसीलों में व्याप्त अव्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं के अभाव के बारे में भी अवगत कराया। साथ ही मुख्यमंत्री शिकायत केंद्र पर लगाई गई शिकायतों को जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष से अधिक समय से लंबित रखकर समाधान ना किए जाने के बारे अपनी पुरानी शिकायत से भी अवगत करवाया। उन्होंने तुरंत ही जिला सूचना केंद्र के निदेशक मनीष बाबू गुप्ता को बुलाकर समस्या के शीघ्र समाधान करवाए जाने के विषय में जरूरी दिशा निर्देश दिए। फीएवा के प्रतिनिधि मंडल ने उनके कार्यालय में व्यक्तिगत उपस्थित होकर समस्याओं की जानकारी उन्हें लिखित रूप में दी तो उन्होंने मौके पर ही नायब तहसीलदार गोच्छी, सैक्टर-55 व अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बुलाकर सभी तहसील कार्यालयों के टॉयलेट, बाथरूम, पीने के पानी की व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच-कुर्सी और मेज पंखे आदि की व्यवस्था करवाने के आदेश दिए। इस अवसर पर फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल के साथ उप प्रधान मुकेश चौधरी, संगठन सचिव सुनील जटवानी एवं जॉन-6 से कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य राजीव अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## छह स्थानों पर की कांग्रेसी नेताओं ने बैठक

**फरीदाबाद।** कांग्रेस पार्टी की दिल्ली में चार सितंबर को महंगाई के खिलाफ होने वाली हल्ला बोल रैली की तैयारी को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली है। शुक्रवार को फरीदाबाद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गिरीश भारद्वाज ने लगभग अलग-अलग छह स्थानों अपनी टीम साथ में बैठक कर आगे की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। गिरीश भारद्वाज ने आमजन व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि दिल्ली रैली में फरीदाबाद से हजारों की संख्या में पहुंचें। गिरीश भारद्वाज ने आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में रैली में पहुंचने का आह्वान किया है। इस अवसर पर उनके साथ पंडित टेकचन्द शर्मा, चौधरी चंद्र पाल,केदार ठाकुर, भगवत सिंगला, मनीष अरोरा, सूबेदार छाबड़ी, हबीब प्रधान, पंडित लालाराम,एडवोकेट चंद्र भूषण शर्मा, चंद्रभान चौधरी, त्रिलोक चंद, अंकित कुणाल शर्मा के अलावा टीम के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## पुलिस ने स्कूली विद्यार्थियों को किया जागरुक

**फरीदाबाद।** डीसीपी मुख्यालय नीतिश अग्रवाल के दिशा निर्देशों पर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरुक करने के लिए आज महिला पुलिस थाना एनआईटी प्रभारी व दुर्गा शक्ति टीम ने कार्मल कॉन्वेंट स्कूल सेक्टर 7 में प्रिंसिपल आशा की उपस्थिति में पहुंचकर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरुक करके महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि कार्मल कॉन्वेंट स्कूल के सभागार में सभी छात्राओं को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों तथा गुड व बेड टच के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुड व बैड टच के बारे में जागरुक करते हुए उन्हें बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे। वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। इसलिए इसके विरुद्ध एकजुट होकर लड़ाई लड़ें ताकि समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इंस्पेक्टर माया ने बताया कि महिला तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा 1091 तथा 1098 नंबर जारी किया गया है। इसके साथ ही डायल 112 प्रोजेक्ट भी शुरू किया जा चुका है। जिस पर संपर्क करके आप महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में पुलिस को सूचित कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों के मोबाइल में दुर्गा शक्ति एप को डाउनलोड करवाकर इसके बारे में विद्यार्थियों को इसके बारे में जागरुक किया और बताया कि वह किस प्रकार इसका उपयोग करके पुलिस को सूचित कर सकते हैं।पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी और अपराधी को जल्द से जल्द सजा दिलवाकर पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा।

## बडखल क्षेत्र के हर बूथ पर तैनात होंगे कार्यकर्ताः भड़ाना

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-23 लकड़पुर में आम आदमी पार्टी द्वारा फरीदाबाद जनसम्पर्क अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी हंसराज दायमा तथा उनकी धर्मपत्नी इंद्रेश दायमा द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना के अलावा दिल्ली से आए आर्ब्जवर डा. शैली तथा सीमा ने शिरकत की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर बडखल विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना ने कहा कि नगर निगम चुनावों को लेकर आप कार्यकर्ता पूरी तत्परता से कार्य कर रहे है, बडखल क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियों सौंपी जा रही है और कार्यकर्ता संगठित होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन समाजसेवी हंसराज दायमा तथा उनकी धर्मपत्नी इंद्रेश दायमा ने दिल्ली से आए आर्ब्जवरों का स्वागत किया। कार्यक्रम में गुलशन बग्गा, भीम यादव के अलावा अनेकों आप कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वरिष्ठ नागरिको से मिलकर खुशी मिलती है : सीपी

**फरीदाबाद।** मैट्रो अस्पताल के प्रबंधन एवं चैयर मैन पदम् वि-भूषण डॉक्टर प्रशोतम लाल के द्वारा वरिष्ठ नागरिको को चिकत्सा सुविधा प्रदान करने हेतू प्रिवेलेजेज कार्ड लॉंच करने के अवसर पर मुख्य अतिथित पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ पहुंचे। जिन्होंने 200 से अधिकर वरिष्ठ नागरिकों को कार्ड प्रदान किए गए। वरिष्ट नगरिक को इस कार्ड के द्वारा विभिन्न प्रकार के ईलाज एवं जांच में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर डीसीपी सेन्ट्रल मुकेश मल्होत्रा, सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी सविता, डॉक्टर प्रशोतम लाल चेयरमैन मेट्रो ग्रुप हॉस्पिटल, डॉ नीरज जैन मेडिकल डायरेक्टर एंड डायरेक्टर इंटरनेशनल कार्डियोलॉजी, डॉक्टर सुमंत गुप्ता सीनियर कंसलटेंट एंड हेड, और सना तारिक चीफ एडमिनिस्ट्रेशन ऑफीसर व राजेश बिल्लू लाईजनिंग ऑफिसर और 200 से अधिक वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। परेशानी व प्रताड़ना की हालत में तत्काल सहयोग के लिए वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन 7290010000 और पुलिस कंट्रोल रूम में 112 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। सीनियर सिटीजन को अस्पताल, बैंक, नगर निगम, एचएसवीपी सहित तमाम सरकारी संस्थानों में प्राथमिकता के तौर पर उनकी सुनवाई हो इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी निर्देशित है।

## गणेश पूजा का पर्व विसर्जन के साथ सम्पन्न



**फरीदाबाद।** स्व. बीआरओझा के निवास सेक्टर-19 में ओझा परिवार द्वारा गणेश पूजा का पर्व विसर्जन पूजा के साथ सम्पन्न हो गया। यह आयोजन डेढ़ दिन तक चला। इस अवसर पर अवसर पर संतोष, सुनीता, दिव्या, राम प्रकाश, महिंदर ओझा, राजन, रोहित, रमन, अमन, दलीप, प्रणव, विशाल, राहुल, अभिषेख, रेव, सक्षम, अरुणा, सिल्की, डिंपल, पारुल, सुप्रिया, असावरी, जागृति, दीया, आरुशी ने भगवान गणेश की मूर्ति का घर में पानी के टब में पूरे विधि-विधान से करवाया। इसके बाद टब के पानी को पेड़ों में डलवा दिया। बीआर ओझा फाउंडेशन के अध्यक्ष राजन ओझा ने बताया कि वह पिछले चार वर्षों से गणेश उत्सव का आयोजन करते आ रहे है। इस बार का उत्सव डेढ़ दिन तक आयोजित किया गया।

# अपनी मांगों को लेकर गुरुग्राम में प्रदर्शन कर गरजे बिजली कर्मचारी

### बिजली मंत्री पर उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने के लगाए गए आरोप

### बिजली कर्मचारियों ने सर्कल कार्यालय से महावीर चौक तक निकाला जुलूस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**कर्मचारियों** की मांगों के प्रति बिजली मंत्री पर घोर उपेक्षापूर्ण रवैए का आरोप लगाकर शुक्रवार को नाराज बिजली कर्मचारियों ने यहां महरौली रोड स्थित सर्कल कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने महावीर चौक तक जुलूस निकाला और बिजली मंत्री का पुतला दहन किया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के बेनर तले आयोजित इस प्रदर्शन एवं पुतला दहन की अध्यक्षता राज्य सचिव बिजेंद्र फोगाट ने की। संचालन सर्कल सचिव सुशील शर्मा ने किया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव में सरकार को अल्टीमेटम दिया कि अगर 15 नवंबर तक हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग कर ठेका कर्मियों को पक्का करने, पक्का होने तक समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, पुरानी पेंशन बहाली आदि 30 सुत्रीय मांगों का समाधान नहीं किया जा बिजली कर्मचारी 22 नवंबर को राज्य व्यापी हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। यदि केन्द्र सरकार ने बिजली कर्मचारियों, इंजीनियर व किसानों के विरोध के बावजूद आगामी शीतकालीन सत्र में बिजली संशोधन बिल 2022 को पास करने का प्रयास किया तो बिजली कर्मचारी जमकर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि ठेका प्रथा पर रोक लगवाने, पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करवाने तथा रेगुलर पॉलिसी बनवाने के लिए संगठन निर्णायक आंदोलन की तरफ बढ़ रहा है। राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि यदि हरियाणा सरकार समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान नहीं करती है तो फिर 22 नवंबर को बिजली के कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे।

प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, उपप्रधान सुरेश नोहरा, ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के चेयरमैन देवेन्द्र हुड्डा, प्रधान सुरेश राठी, डिप्टी जरनल सेकेट्री जितेंद्र तेवतिया, एसकेएस के जिला सचिव रामनिवास ठाकरान भी पहुंचे।

**निजी हाथों में जाने पर बंद हो जाएगी सब्सिडी :** प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि केंद्र सरकार बिजली संशोधन बिल 2022 को लाने के लिए तत्पर है। जिससे बिजली का तमाम ढांचा निजी कंपनियों के हाथों में चला जाएगा तथा सब्सिडी और क्रॉस सब्सिडी बंद हो जाएगी और बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी होगी। उसके कारण उपभोक्ताओं को भारी नुकसान होगा।

# थाईलैंड में पर्यटन, होटल और रिटेल क्षेत्र में अग्रणी हैं भारतीय कंपनियां : बीना होरा



गुरुग्राम में भारत और थाईलैंड के बीच लघु उद्योगों के आयात और निर्यात की प्रक्रिया को लेकर बैठक में मौजूद दोनों देशों के उद्योग संगठन प्रमुख।

**गुरुग्राम।** फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री और थाई चैंबर ऑफकॉमर्स की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ऑफ कम्युनिकेशन बीना होरा के साथ शुक्रवार को यहां महत्वपूर्ण बैठक हुई।

इस बैठक में भारत और थाईलैंड के बीच लघु उद्योगों के आयात और निर्यात की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने की प्राथमिकताओं और दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग पर भी चर्चा की गई। बैठक का आयोजन दोनों देशों के आपसी सहयोग से व्यापार और विकास के अवसर प्रदान करने और नए अवसर खोजने की कोशिश करने के लिए किया गया था। बीना होरा ने अपने संबोधन में कहा कि कई भारतीय कंपनियां थाईलैंड में विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में शामिल हैं। इन कंपनियों ने थाईलैंड में पर्यटन, होटल और रिटेल क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उन्होंने भारतीय उद्योगपतियों को आमंत्रित किया की यदि वे थाईलैंड में अपना कोई यूनिट लगाते हैं तो थाईलैंड सरकार से बहुत सारी सुविधाएं उन्हें दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एफआईआई के डॉयरेक्टर जनरल दीपक जैन ने की। बैठक में एफआईआई के हरियाणा प्रांत महासचिव दीपक मैनी, गुरुग्राम अध्यक्ष पीके गुप्ता महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, डॉ. वंदना ठाकरान, डॉ. द्रव्य जैन, उदितेंदु वर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेरा ने दी 1840 रियल एस्टेट एजेंटों को कमीशन पर चेतावनी

**गुरुग्राम।** रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण ने रियल एस्टेट क्षेत्र में खरीददारों व आवंटियों को बड़ी राहत देते हुए अपने सभी पंजीकृत 1840 रियल एस्टेट एजेंटों को कमीशन के मनमाने तरीकों में सुधार लाने की चेतावनी दी हैं। प्राधिकरण द्वारा यह चेतावनी शहर में दैनिक आधार पर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर दी गई है। हरियाणा रेगुलेशन ऑफप्रॉपर्टी डीलर्स एंड कंसल्टेंट्स, 2009 नियम अनुसार खरीददारों और विक्रेताओं (प्रत्येक) से केवल आधा प्रतिशत कमीशन वसूलने का प्रावधान है। प्राधिकरण ने 1 सितंबर, 2022 को पारित अपने एक निर्णय में आधे प्रतिशत से अधिक के कमीशन को अस्वीकार कर दिया, जो वर्तमान में प्रोमोटर द्वारा आवंटियों के अपनी यूनिट के सरंडर करने पर वसूली जा रही है। गुरुग्राम रेरा के चेयरमैन डॉ. केके खंडेलवाल ने कहा, प्राधिकरण ने इस समस्या को ठीक करने और ऐसे एजेंटों को ब्लैकलिस्ट करने का फैसला किया है, जो मनमाने ढंग से कमीशन चार्ज कर रहे हैं। डा. खंडेलवाल ने कहा कि रेरा एक्ट में दिए प्रावधान अनुसार मनमाने ढंग से कमीशन वसूलना एक दंडनीय अपराध है। चेयरमैन ने कहा कि रेरा द्वारा अत्यधिक तथा मनमाने ढंग से कमीशन वसूलने वाले एजेंटों को ब्लैकलिस्ट व डिबार किया जाएगा। इस बारे में रेरा गुरुग्राम ने मनचाहा कमीशन वसूलने को अस्वीकृत करते हुए बुधवार को सभी 1840 पंजीकृत रियल एस्टेट एजेंटों को चेतावनी जारी की है कि वे निर्दोष विक्रेताओं और संपत्ति खरीददारों से मनचाहा कमीशन ना वसूलें। गौरतलब है कि प्राधिकरण को पिछले कई दिनों से शिकायतें मिल रही हैं कि रियल एस्टेट एजेंट विक्रेताओं से आधे प्रतिशत से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं। प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि कुछ रियल एस्टेट एजेंट उन परियोजनाओं में प्लॉटों या अपार्टमेंट की बिक्री में शामिल हैं। जो प्राधिकरण के साथ पंजीकृत नहीं हैं और ना ही पंजीकरण योग्य है। गुरुग्राम में अक्सर देखा गया है कि रियल एस्टेट डीलर डील होने पर भी प्रमोटरों के साथ मिले होते हैं। प्रोजेक्ट की कई इकाइयां ब्लॉक कर एजेंटों को दी जाती हैं, जो आवंटियों के साथ बाजार में सौदे करने के लिए सौंपे जाते हैं। वह भी तब जब वह परियोजना पंजीकृत नहीं है। इसकी वजह से बड़ी संख्या में आवंटियों को एजेंटों द्वारा धोखा दिया जाता है। क्योंकि पंजीकरण से पहले न तो स्वीकृत योजनाएं उपलब्ध होती हैं और न ही परियोजना के विनिर्देशों के बारे में खरीददारों को पता होता है।

### तकनीकी पाठ्यक्रमों में फीस निर्धारण हेतु मांगे प्रस्ताव

**मेवात।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्राइवेट तकनीकी शिक्षा संस्थानों में तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए फीस निर्धारण के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि दाखिला एवं फीस विनियामक कमेटी हरियाणा द्वारा जारी इस आशय की अधिसूचना अनुसार हरियाणा प्राइवेट तकनीकी शिक्षा संस्थान (दाखिला एंव फीस विनियमन) अधिनियम, 2012 के प्रावधानों के अनुरूप शैक्षणिक संस्थान 30 सिंतबर, 2022 तक फीस निर्धारण एंव संशोधन के प्रस्ताव भेज सकते हैं। यह निर्धारित प्रोफोर्मा में विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटटेकएजुएचआरवाईडॉटएनआईसीडॉटइन और एफआरसीएचआरवाईडॉटटेकएजुएचआरवाईडॉटगोवडॉटइन पर उपलब्ध है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर यह एक अक्टूबर से 30 नवंबर 2022 तक प्रक्रिया में लाए जाएंगे। इन प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के प्रयास किए जाएंगे। संस्थानों के लिए सैक्शन सत्र 2023-24 के लिए फीस निर्धारण व संशोधन का प्रोफोर्मा कमेटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बिजली विभाग ने शुरू की सरचार्ज माफी योजना-2022

**मेवात।** दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता कुलदीप अत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के बकाया बिलों की समस्या के समाधान के लिए सरचार्ज माफी योजना-2022 शुरू की गई है। इस योजना का लाभ शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे उपभोक्ता उठा सकते हैं जिनका बिल 31 दिसंबर 2021 तक बकाया था और अभी तक भी बिल बकाया है। यह योजना कनेक्ट और डिस्कनेक्ट दोनों तरह के उपभाक्ताओं के लिए है। कार्यकारी अभियंता कुलदीप अत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत घरेलू (शहरी तथा ग्रामीण)कृषि उपभोक्ता और सरकारी,ग्राम पंचायत तथा नगर निगम से संबंधित बिजली के कनेक्शन का अब तक का पूर्ण सरचार्ज फ्रीज कर दिया जाएगा। उन्हें केवल अब तक की मूल राशि का भुगतान करना होगा। उपभोक्ता मूल राशि एकमुश्त अथवा अगले तीन बिलों के साथ भी जमा करवा सकता है। एकमुश्त जमा करवाने पर उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फ्रीज किया गया सरचार्ज अगले 6 बिलों की लगातार अदायगी के अनुपात में माफ कर दिया जाएगा। अगर उपभोक्ता अपनी मूल राशि एकमुश्त या निर्धारित किस्तों में जमा नहीं करवाता और आगामी छह बिल लगातार जमा नहीं करवाया तो उसका फ्रीज किया गया सरचार्ज वापिस बिल में जोड़ दिया जाएगा और उपभोक्ता को स्कीम से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि इस योजना का लाभ सभी श्रेणी के उपभोक्ता लाभ उठा सकते हैं। ऐसे उपभोक्ताओं की बकाया मूल राशि पर लगने वाले सरचार्ज की पुनर्गणना की जाएगी व वर्तमान ब्याज की दर 1.5 प्रतिशत मासिक की बजाय साधारण 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान करना होगा। उपभोक्ता मूल राशि व पुनर्गणना किया गया सरचार्ज एकमुश्त या आगामी तीन बिलों के साथ अदा कर सकते हैं। फ्रीज किया गया सरचार्ज अगले 6 बिलों की लगातार अदायगी के अनुपात में माफ कर दिया जाएगा। कार्यकारी अभियंता कुलदीप अत्री ने कहा कि अगर उपभोक्ता अपनी मूल राशि एकमुश्त या निर्धारित किस्तों में जमा नहीं करवाता और आगामी 6 बिल लगातार जमा नहीं करवाया है तो उसका फ्रीज किया गया सरचार्ज वापस बिल में जोड़ दिया जाएगा। उपभोक्ता को स्कीम से बाहर कर दिया जाएगा। सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के बने गलत बिल विभाग की शर्तों के अनुसार ठीक किए जाएंगे। ऐसे उपभोक्ता जिनका कोई केस न्यायालय में विचाराधीन है वो उपभोक्ता भी इस योजना को अपना सकते हैं। बशर्ते उनको अपना केस न्यायालय से वापिस लेना पड़ेगा। यह योजना 30 नवंबर 2022 तक जारी रहेगी।

# परिवार पहचान पत्र में शिक्षकों की ड्यूटी स्वैच्छिक, फिर भी बना रहे दबाव



गुरुग्राम खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विरोध जताते प्राथमिक शिक्षक।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### खंड शिक्षा अधिकारी पर मुख्यमंत्री के आदेशों को ना मानने का लगाया आरोप

### खंड शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम के कार्यालय पर शिक्षक संघ ने जताया विरोध

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा 421 जिला गुरुग्राम की जिला कार्यकारिणी और खंड कार्यकारिणी के पदाधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम शील कुमारी से उनके कार्यालय में मिलने पहुंचे।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ राष्ट्रीय सचिव विनोद ठाकरान ने बताया कि अभी पिछले महीने खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा परिवार पहचान पत्र के कार्य को लेकर मुख्य शिक्षकों और प्राथमिक शिक्षकों पर बेवजह दबाव बनाया गया था। निदेशालय की तरफ से एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें साफ-साफ लिखा है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत किसी भी प्राथमिक शिक्षक से कोई भी गैर शैक्षणिक कार्य नहीं लिया जा सकता। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य महासचिव तरुण सुहाग ने बताया कि संघ की मुख्यमंत्री हरियाणा से परिवार पहचान पत्र बनाने और इससे संबंधित कार्यो को करने को लेकर बात हो चुकी थी। जब इस बात पर चर्चा हुई कि परिवार पहचान पत्र के लिए प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। उसके जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि यह स्वैच्छिक है और इस कार्य के लिए सरकार मानदेय देगी। जिसका मन करे वह कार्य करें अन्यथा किसी पर कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की खंड शिक्षा अधिकारी शील कुमारी ने मुख्यमंत्री के आदेशों की और निदेशालय के पत्र की धज्जियां उड़ाते हुए प्राथमिक शिक्षकों की एक बैठक बुलाकर दबाव बनाया कि आपको यह कार्य करना पड़ेगा। जिससे कई शिक्षकों ने संघ को इस बात से अवगत कराया। संघ ने इसके लिए शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी से बैठक करके इस मामले को सुलझाने के लिए आग्रह किया था। जब संघ के पदाधिकारी कार्यालय में पहुंचे तो अधिकारी ने बात करने से मना कर दिया। दुर्व्यवहार करने पर संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की।

संघ के जिला प्रधान दुष्यंत ठाकरान और महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी का रवैया आमतौर पर भी बहुत ही बेरुखा और अभद्र होता है। इस चेतावनी प्रदर्शन में रवि दहिया, योगेश कुमार, सुनील दहिया, विवेक जेमिनी, बलविंदर धारीवाल, सतीश कुमार, विनोद शौकीन, अशोक कादियान, प्रवीण मुदगिल, योगिंदर सुहाग, मुकेश गहलोत, संजय सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध रूप से आरओ चलाना पड़ा महंगा

**सोहना।** खंड के गांव अभयपुर में सीएम उड़नदस्ता टीम की छापा मारने के दौरान पकड़ी गई बिजली चोरी पर निगम ने साढ़े तीन लाख का जुर्माना लगाया है। आरोपी ट्रांसफार्मर पर कुंडी कनेक्शन करके आरओ प्लांट को चला रहा था।

मालूम रहे कि गुरुवार को अभयपुर निवासी नेतन के आरओ प्लांट पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम द्वारा छापा मारा गया था। इस टीम में बिजली निगम सोहना उपमंडल कार्यालय से भी अधिकारी मौजूद थे। जिन्होने प्लांट पर लगे कृषि कनेक्शन की आढ़ में होती चोरी पकड़ी। निगम के एसडीओ राहुल यादव ने बताया बिजली का 7 केवीए का अधिक लोड मिला। जिसका निगम की तरफ से 3 लाख 56352 रुपये की बिजली का जुर्माना लगाया गया। जुर्माने का नोटिस आरोपी को दे दिया है।

# संपत्ति सर्वे में खाली प्लाट और किसानों का अपनी जमीन पर मालिकाना नहीं

एन. रोहिल्ला। सोहना

### याशी सर्वे एजेंसी ने आनन-फानन में फिर सौंपा परिषद को संपत्ति का डाटा

**नगर** परिषद को याशी कंपनी ने साढ़े तीन साल के बाद संपत्ति कर की आधी-अधूरी सूची सौंपी दी है। कंपनी द्वारा दी गई सूची में खाली प्लाट और किसानों की जमीन पर मालिकाना हक नहीं दर्शाया है। याशी कंपनी ने 2018 में नगर परिषद सीमा क्षेत्र में संपत्ति कर का सर्वे शुरू किया था।

कंपनी के सर्वे कार्य पर कई बार संपत्ति मालिकों द्वारा खामियां बरते जाने के सवालिया निशान लगाएं गए। आखिर करीब साढ़े तीन साल के बाद कंपनी ने अपनी अधूरी सर्वे रिपोर्ट नगर परिषद को सौंपते हुए अपना पीछा छुड़ा लिया है।

**नहीं दर्शाया 23803 संपत्तियों पर हक :** याशी कंपनी ने नगर परिषद को अपनी सर्वे में 52 हजार 343 संपत्ति की रिपोर्ट सौंप दी है, लेकिन इसमें परिषद सीमा 11 हजार 111 खाली पड़े प्लाट और किसानों की 12 हजार 692 संपत्ति पर मालिकों के नाम नहीं बताएं गए है। जिससे खाली प्लाट और किसानों को स्वयं ही परिषद कार्यालय में आकर अपनी संपत्ति पर नाम दर्ज कराना होगा। खाली प्लाट तथा किसान की जमीन पर मालिकाना हक दर्ज करने से पहले परिषद को स्वयं अपने स्तर पर सर्वे करनी होगी।

> “ **संपत्ति** सर्वे का डाटा ऑनलाइन दर्ज होने के साथ संपत्ति दाताओं को परेशानी नहीं होगी। सर्वे से छूटे मालिकों के नाम को दर्ज किया जाएगा।
>
> **अतर सिंह**
> **(कार्यकारी अधिकारी नप)**

**28 हजार 540 को सर्वे से लाभ :** सर्वे याशी कंपनी द्वारा नगर परिषद को सौंपी गई सर्वे रिपोर्ट में 28 हजार 540 संपत्ति मालिकों का डाटा ऑनलाइन दर्ज कर दिया है। अब ये संपत्ति मालिक नगर परिषद से अपना नोड्यूज प्रमाण पत्र लेने सकेंगे। सर्वे डाटा ऑनलाइन दर्ज न होने से नागरिकों पिछले करीब दो माह से नो ड्यूज प्रमाण पत्र के लिए परेशान होना पड़ रहा था।

# स्क्रैप डीलर की रंजिशन गोलियां मारकर हत्या

### बोहड़ाकलां गांव के भाईयों पर लगा है हत्या का आरोप

### अपने कर्मचारियों को खाना देकर लौट रहा था सुमित चौहान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बोहड़ाकलां में इसी बाइक पर सवार थे सुमित चौहान। सुमित की फाइल फोटो।

**जिले** के खंड पटौदी के गांव बोहड़ाकलां में गुरुवार की देर रात एक स्क्रैप डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में डीलर के परिजनों ने आरोप गांव के ही दो सगे भाइयों पर लगाया है। वे उससे रंजिश रखते थे। सुमित आरोपियों से बिजनेस में आगे बढ़ रहा था। उन्होंने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास कर रही है। शुक्रवार को सुमित चौहान का शव पोस्टमार्टम के लिए यहां एमजी रोड स्थित पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। गुरुवार को गुरुग्राम में सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष की हत्या की जांच में पुलिस जुटी थी, इसी बीच गुरुवार की देर रात करीब 11 बजे बोहड़ाकलां गांव में एक स्क्रैप डीलर सुमित की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने बताया कि सुमित अपने दोस्त के साथ अपने कर्मचारियों को खाना देकर बाइक पर सवार होकर रात को करीब 11 बजे घर आ रहा था। वह बाइक पर पीछे बैठा था। बोहड़ा खुर्द मोड़ के पास के पहुंचते ही घात लगा रहे युवकों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां दागनी शुरू कर दी। इसी बीच सुमित बाइक से गिर गया। बाइक से गिरने के बाद भी हमलावरों ने उस पर गोलियां दागीं। इसके बाद वे फरार हो गए। गंभीरावस्था में सुमित को मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि सुमित चौहान के पड़ोस में रहने वाले जोगिंदर और पिंटू की उसके साथ स्क्रैप के बिजनेस में पार्टनरशिप थी। कुछ समय पहले दोनों की पार्टनरशिप खत्म हो गई। सुमित ने अपना अलग काम शुरू कर दिया। मेहनत से सुमित चौहान ने स्क्रैप के बिजनेस में सफलता हासिल की और वह जोगिंद्र, पिंटू से आगे बढ़ गया। उनकी कंपनी में करीब 200 कर्मचारियों का स्टाफ हो गया। बताया जा रहा है कि सुमित की इसी सफलता से जोगिंद्र और पिंटू उससे रंजिश रखने लगे।

पुलिस ने सुमित चौहान के पिता दिनेश चौहान की शिकायत पर जोगिंद्र और पिंटू के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस में आधा दर्जन लोगों को नामजद किया है। शुक्रवार को सुमित के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

# कांदिमा मालदीव में ओह-सो कूल प्रपोजल और कभी न भूलने वाली वेडिंग सेलिब्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**कांदिमा** जोड़ों के लिए anythingbutordinary अवसर प्रस्तुत करती है ताकि वे एक-दूसरे और अपने लव्ड वन्स के साथ स्टाइल में अपना नया जीवन एक साथ शुरू कर सकें! K'Krew यूनिक प्रपोजल आइडियास, प्री-वेडिंग गेट-टुगेदर्स और फोटो शूट से लेकर टेलर डेस्टिनेशन, शादियों तक सबसे इंस्टाग्राम-योग्य सेटिंग्स में जीवन भर याद रखने के लिए ओह-इतना अविश्वसनीय उत्सव बनाते हैं।

मालदीव के एक रमणीय द्वीप पर आई डू कहें या अपने वादों को नवीनीकृत करें और पति और पत्नी के रूप में अपने जीवन के सबसे अच्छे नए चेपटर का जश्न मनाएं। क्रिस्टल साफ पानी और सफेद रेत से घिरा एक एकांत 3 किमी का द्वीप/आइलैण्ड, कांदिमा एक्ट्रा आडिनरी सेटिंग्स और सुरम्य स्थानों पर कई भोगों के साथ आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप अलटिमेट अनुभव कराता है। कांदिमा मालदीव में उन कुछ रिसॉर्ट्स में से एक होने पर गर्व महसूस करता है जहां अनुभव मेहमानों के लिए तैयार किए जाते हैं, जो कि किफायती लक्जरी सेगमेंट में खुद को अलटीमेंट लाइफ स्टाइल डेस्टि (राष्ट्र) के रूप में स्थापित करते हैं। द्वीप/आइलेण्ड रिजॉर्ट में शादियों के लिए पूरे आइलैण्ड/द्वीप खरीद के साथ विभिन्न छोटे से बड़े स्केल पर इवेंट और समारोहों की सफलतापूर्वक होस्ट/मेजबानी की है।

कांदिमा में शादी के प्लानरस शुरू से अंत तक, शानदार स्थानों से लेकर शानदार मेनू तक, और सिग्नेचर सेटिंग्स से लेकर उन अनुभवों को देखने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। जिन्हें हर मेहमान हमेशा याद रख सकता है! फर्स्ट मोमेंट से, कांदिमा के कूल वेडिंग प्लानर आपको शादी की प्लानिंग प्रोसेस के हर स्टेप के माध्यम से मार्गदर्शन करेंगे, जिससे एक स्मूथ और हेसल फ्री ऑन-ग्राउंड इंपलिमेंटेशन इनशोयर होगा।

3 आला कार्टे रेस्तरां, 2 कैफे, 2 पूरे दिन भोजन करने वाले रेस्तरां और नीले पानी के दृश्य वाले 3 शानदार बार सहित भोजन के 10 विकल्पों तक। कांदिमा के विभिन्न स्थान मेहमानों को अपनी यूनिक स्टाइल और प्रीफरेनस को रिफलेक्ट करने के लिए सभी सेलिब्रेशन वेन्यू को कस्टमाइड करने की अनुमति देते हैं। उदाहरण के लिए, एक मूवेबल मार्की सेटअप बड़े ग्रुप के लिए एक एक्सिलेंट आपशन है, जिसमें अधिकतम 120 मेहमानों की केपेसिटी है, जबकि एज्योर 40 मेहमानों तक की केपेसिटी के साथ इनडोर और आउटडोर बैठने का ऑफर प्रदान करता है। फारबिडन बार 60 मेहमानों तक के लिए ड्रिंक और म्युजिक के साथ इवनिंग गेदरिंग के लिए बहुत अच्छा है।

# किलोमीटर स्कीम बसों में अप्रशिक्षित ड्राइवर दे रहे हादसों को दावत

### बहरोड़ में रोडवेज की किलोमीटर स्कीम बस का हादसा भी इसी कारण हुआ

**गुरुग्राम।** हरियाणा में किलोमीटर बसों के आने से पहले से ही विरोध जता रहे रोडवेज कर्मचारियों ने एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है। अब वे किलोमीटर स्कीम में चलाई जा रही बसों से हो रहे हादसों को लेकर सरकार को घेर रहे हैं। आरोप है कि किलोमीटर स्कीम की बसों में अप्रशिक्षित स्टाफ को लगाया गया है। ऐसे ड्राइवर हादसों को दावत दे रहे हैं।

शुक्रवार को यहां हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन (इंटक) की बैठक यूनियन कार्यालय में राज्य उप-प्रधान संदीप दलाल की अध्यक्षता में हुई। उप-प्रधान संदीप दलाल ने कहा कि बहरोड़ के पास जयपुर रोड पर किलोमीटर स्कीम की बस पर अप्रशिक्षित चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है। उसमें जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। लगातार हादसों का कारण से किलोमीटर स्कीम की बसें बन रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कम पैसे देने के चक्कर में किलोमीटर स्कीम की बसों के मालिक बिल्कुल अप्रशिक्षित चालकों को भेज रहे हैं। हर रोज नए चालकों को भेजा जा रहा है। उन चालकों को भारी यात्री वाहन चलाने का कोई अनुभव नहीं है। इसी कारण से किलोमीटर स्कीम की बसों द्वारा आए दिन यात्रियों की जान-माल का नुकसान किया जा रहा है। जो हादसे किलोमीटर की स्कीमों वाली बसों से हो रहे हैं, उनके मालिकों पर भी केस दर्ज होने चाहिए। इस बारे में सोमवार 5 सितम्बर को यूनियन महाप्रबंधक को ज्ञापन भी देगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रवीण देशवाल, सुरेश छिक्कारा, श्यामलाल, संदीप अहलावत ,नरेंद्र, सज्जन गठवाल, मनोज, सुरेश दलाल आदि मौजूद रहे।

# अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज से फेस्टिव सीजन का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### त्योहारों के इस सीजन में ग्रोसरी एवं जरूरी घरेलू चीजों पर पाएं 5 फीसद तक की छूट

### 199 रुपये के मिनिमम ऑर्डर पर प्राइम मेंबर्स के लिए फ्री डिलीवरी

**जैसे** ही फेस्टिव सीजन शुरू होगा, अमेजॉन डॉटइन पर हम 7 सितंबर तक सुपर वैल्यू डेज के दौरान आसान डिलीवरी स्लॉट के साथ ग्रोसरी की मनपसंद खरीदारी के लिए ऑनलाइन शॉपिंग का आनंद उठाएंगे। कस्टमर ग्रोसरी की जरूरी चीजों पर 45 फीसदी की छूट का आनंद ले सकते हैं। सिंगल ऑनलाइन डेस्टिनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी ऑप्शन की मदद से दावत, कैडबरी, टाटा और नेस्ले सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों के ग्रेट प्राइज और फ्रेस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

प्राइम मेंबर्स 199 रुपये के मिनिमम ऑर्डर पर फ्री डिलीवरी और 1200 रुपये की मिनिमम खरीद पर फ्लैट 200 रुपये के कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। पहली बार ऑर्डर करने वाले कस्टमर 1000 रुपये के मिनिमम ऑर्डर पर फ्लैट 200 रुपये का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, एसबीआई क्रेडिट कार्ड (1 से 3 सितंबर के बीच वैलिड) और आईसीआईसीआई डेबिट और क्रेडिट कार्ड (4 से 7 सितंबर के बीच वैलिड) पर अतिरिक्त 10 फीसद बचाएं।

8 सितंबर तक अमेजॉनडॉटइन पर पूजा के सामान, ताजे फूल, फेस्टिव फीस्ट्स, जरूरी घरेलू वस्तुओं से लेकर विशेष रूप से क्यूरेटेड उत्पादों की विस्तृत रेंज के साथ गणेश चतुर्थी मनाने के लिए तैयार हो जाइए।

क्लिक हेअर टू एक्सप्लोर (एक्सप्लोर करने के लिए यहां क्लिक करें)। इसमें भाग लेने वाले विक्रेताओं द्वारा ऑफर किए जाने वाले उत्पादों के साथ अपना साप्ताहिक/मासिक बास्केट बनाएं। अमेजॉन ने उद्घोषणा करते हुए बताया कि उत्पाद विवरण, जानकारी और कीमत विक्रेताओं/ब्रांड्स द्वारा उपलब्ध कराई गई है। अमेजन मूल्य निर्धारण या उत्पाद विवरण निर्धारित करने में शामिल नहीं है। इसलिए हम विक्रेताओं द्वारा प्रदान की गई उत्पाद जानकारी की सटीकता, सत्यता या पूर्णता के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

# विपक्षी एकता

## कठिन काम

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पटना यात्रा तथा अपने बिहार के समकक्ष नीतीश कुमार से उनकी मुलाकात ने एक बार फिर विपक्षी दलों के संयुक्त मोर्चे की ओर इशारा किया है जो 2024 में होने वाले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा से मुकाबला करेगा। वास्तव में दोनों कद्दावर नेताओं की प्रेस कान्फ्रेंस का एक वीडियो वाइरल हो गया है जिसमें केसीआर नीतीश कुमार से सवालों के जवाब देते रहने का अनुरोध करते हुए कहते हैं 'आप बैठिए न', जबकि नीतीश कुमार शायद प्रेस सम्मेलन समाप्त करने की इच्छा रखते हुए कहते हैं, 'आप चलिए न।' भाजपा ने फौरन दो मुख्यमंत्रियों के बीच पत्रकारों के सवालों के जवाब देने के मामले में थोड़े मतभेद का मुद्दा बना लिया। उसके आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने दावा किया कि केसीआर का 'अपमान' किया गया। भाजपा की ओर से इतनी कठोर टिप्पणी इस बात का संकेत देती है कि वह दो मुख्यमंत्रियों की मुलाकात से असहज है। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच बढ़ती दोस्ती के बावजूद 2024 में भाजपा को चुनौती देना एक कठिन काम है। पहला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा को एक शक्तिशाली चुनाव जीतने वाली मशीन में बदल दिया है। यहां तक कि भाजपा में इन दोनों बड़े नेताओं के आलोचक भी मानते हैं कि वे और उनकी पार्टी के नेता चालाक राजनेताओं की तरह लगातार अपनी पार्टी की सफलता के लिए पूरी ईमानदारी से काम करते रहते हैं। भाजपा नेता अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

इसके साथ ही विपक्षी नेताओं में एकता का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है। सभी लोग कांग्रेस में व्याप्त अशांति से परिचित हैं। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी तथा वंश परिवार के अन्य नेता मोदी का 'कांग्रेस मुक्त भारत' का सपना यथार्थ बनाने में लगे हैं। लोकसभा में अपनी मामूली उपस्थिति के बावजूद देश की सबसे पुरानी पार्टी ही अकेली ऐसी पार्टी है जिसकी पूरे देश के स्तर पर पहचान है। उसका वोटों में हिस्सा 19.5 प्रतिशत है। लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं में प्रस्तावित गैर-भाजपा मोर्चे में देश की सबसे पुरानी पार्टी को शामिल करने के मामले में कोई सहमति नहीं है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कांग्रेस को पसंद नहीं करती हैं। उनके दिल्ली समकक्ष अरविंद केजरीवाल ने गैर-भाजपा गठबंधन के बारे में ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया है और वे केवल अपनी पार्टी आप के विस्तार में लगे हैं। ऐसे में 'तीसरे मोर्चे', यानी गैर-कांग्रेस व गैर-भाजपा पार्टियों के गठबंधन के बारे में केवल बात हो रही है। लेकिन केसीआर इस मामले में स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा, 'तीसरा मोर्चा क्यों? हम मुख्य मोर्चे के लिए काम कर रहे हैं। सभी विपक्षी पार्टियों को एकसाथ आ कर भाजपा-मुक्त भारत का नारा देना चाहिए।' इसके साथ ही विपक्षी नेताओं के लिए अपना प्रधानमंत्री चेहरा तय करना बहुत कठिन होगा जो मोदी को चुनौती देगा। नीतीश कुमार ने अपने हालिया पालाबदल में भाजपा को किनारे छोड़ कर फिर राजद के साथ गठबंधन कर लिया है। अनेक नेता उनको प्रधानमंत्री पद का अग्रणी उम्मीदवार मानते हैं, पर अभी उनको इस दिशा में काफी लंबी यात्रा करनी है। इसके साथ ही उनको अनेकानेक लोगों को समझाना है कि वे न केवल सफलतापूर्वक मोदी से मुकाबला कर सकते हैं, बल्कि इस प्रकार से सरकार भी चला सकते हैं जो सबको स्वीकार्य हो। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनको अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना बाकी है।



# आपदा में सहायक सामुदायिक रेडियो

देश के अभी भी अधिकांश लोग गांवों में रहते हैं। ऐसे में सामुदायिक रेडियो आपदा के समय उन तक पहुंचने का सर्वोत्तम साधन है।




ब्रजेंद्र सिंह पंवार    नकुल कुमार तरुण




अपने विशिष्ट भौगोलिक व सामाजिक-आर्थिक आयामों के कारण भारत में लगभग सभी प्रकार की आपदायें व विभीषिकायें आ सकती हैं। इनमें प्राकृतिक आपदायें व मनुष्यों की गलतियों के कारण पैदा होने वाली आपातस्थितियां व अन्य विभीषिकायें भी शामिल हैं। अनेक भूगर्भीय अनुमानों व अब तक दर्ज आंकड़ों के अनुसार भारतीय भूमि के लगभग 59 प्रतिशत हिस्से में मध्यम से उच्च तीव्रता वाले भूकंप आ सकते हैं। इसके साथ ही भारत की कुल 7,516 किलोमीटर लंबी समुद्र तटीय रेखा में से 5,700 किलोमीटर तटरेखा के निकट वाले क्षेत्रों में समुद्री तूफान व सुनामी का प्रकोप हो सकता है। अतीत में समुद्री तूफानों व सुनामी भयानक आपदा और व्यापक पैमाने पर जनहानि व संपदा तथा खेती के विनाश की घटनायें सामने आई हैं। जल संसाधनों के कुप्रबंधन व प्राकृतिक आपदाओं के कारण भारतीय भूमि का लगभग 12 प्रतिशत, यानी 40 मिलियन हेक्टर से अधिक भूमि शहरी बाढ़ या नदियों के रास्ते बदलने से प्रभावित हो सकती है। इसी प्रकार भारत का लगभग 68 प्रतिशत खेती योग्य क्षेत्र जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग व मानसून की अनियमितता के कारण सूखे का शिकार हो सकता है तथा पहाड़ी क्षेत्रों में लैंडस्लाइड व एवलांच के खतरे हैं।

इसके अलावा भारत में रासायनिक, जैविक, रेडियोलाजिकल व नाभिकीय-सीबीआरएन आपात स्थितियां तथा मनुष्यों के कारण अन्य प्रकार की विभीषिकायें पैदा हो सकती हैं। इनको एक प्रकार से औद्योगिक दुर्घटनाओं के रूप में देखा जा सकता है। भारत में विभीषिकाओं से होने वाला खतरा इस कारण और बढ़ जाता है कि देश की जनसंख्या संरचना व सामाजिक-आर्थिक स्थितियां बदल रही हैं। इसका अर्थ है कि अनेक समुदायों में वृद्धों व दिव्यांगों की संख्या बढ़ी है तथा नौजवान लोग रोजी-रोटी की तलाश में नगरों या महानगरों में पलायन कर गए हैं। इसके अलावा 'विकास' के कारण भी कुछ समस्यायें पैदा हो सकती हैं। इनमें अनियोजित शहरीकरण, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विकास के नाम पर बेलगाम निर्माण कार्य, पर्यावरण क्षरण, जलवायु परिवर्तन, भौगोलिक कारणों से पैदा होने वाला जोखिम, महामारी व वैश्विक महामारी भी आपदाओं में शामिल हैं। विश्व बैंक के अनुमानों के अनुसार, प्राकृतिक विभीषिकाओं से होने वाला परोक्ष नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी का लगभग 2 प्रतिशत है। इसे वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक, 2021 में सातवें स्थान पर रखा गया है।

देश में उपरोक्त उल्लिखित विभीषिकायें एक या दूसरे हिस्से में समय-समय पर बार-बार आती रही हैं। इससे सरकारों की क्षमताओं का परीक्षण होता है क्योंकि आपदायें कभी-कभी उनकी क्षमता से बहुत अधिक होती है। सरकारें कभी-कभी न केवल उचित त्वरित प्रतिक्रिया नहीं कर पाती हैं, बल्कि वे समस्या का दीर्घकालीन समाधान व पुनर्निर्माण भी ठीक से नहीं कर पाती हैं। इन विभीषिकाओं के पहले, विभीषिका के दौरान तथा विभीषिका के बाद समय पर संप्रेषण व महत्वपूर्ण सूचनाओं को पहुंचाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पिछले अनुभवों से संकेत मिलता है कि संप्रेषण का ढांचा तथा नेटवर्क विभीषिकाओं के समय ध्वस्त हो जाता है अथवा यह बड़ी सीमा तक निष्प्रभावी हो जाता है। लेकिन रेडियो व खासकर सामुदायिक रेडियो समुदायों को समय पर सूचनायें संप्रेषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और वह इस प्रकार लोगों के जीवन तथा उनकी मूल्यवान संपत्ति की रक्षा में उल्लेखनीय योगदान करता है। आपदा प्रबंधन एक निरंतर व सतत जारी रहने वाली प्रक्रिया है जो हमारे चारों ओर जारी रहती है। यह केवल विभीषिका आने पर ही सक्रिय नहीं होती है। इसी प्रकार सामुदायिक रेडियो भी विभिन्न समुदायों में लगातार सक्रिय रहते हैं। यह दिन-प्रतिदिन सक्रिय रहने वाला माध्यम है और इस प्रकार वह समुदाय को जागरूक करने तथा उसकी सहभागिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस प्रकार आपदा प्रबंधन के सबंध में उसकी भूमिका अत्यधिक उल्लेखनीय हो जाती है।

प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन व उनके बारे में समय पर चेतावनी देने के मामले में सामुदायिक रेडियो की भूमिका असाधारण है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन की पहुंच 15-20 किलोमीटर के दायरे में होती है और वह तत्काल मोबाइल टेलीफोन व्यवस्था से जुड़ कर उल्लेखनीय भूमिका अदा कर सकता है। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के पीछे मूल अवधारणा 'जनता से, जनता के लिए और जनता के द्वारा' है। इस दृष्टिकोण से सामुदायिक रेडियो सबसे गरीब समुदाय तक पहुंचने और उनकी सेवा करने का प्रभावी संचार माध्यम है। सामुदायिक रेडियो विभिन्न समुदायों की भाषाओं व खास बोलियों में महत्वपूर्ण सूचनायें संप्रेषित कर सकता है। सामुदायिक रेडियो विकास की विभिन्न पहलों में भी उल्लेखनीय भूमिका अदा कर सकता है। इनमें प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाना, कृषि के बारे में लाभदायक जानकारियों या समस्याओं का साझा करना, क्षेत्रीय संस्कृति का संवर्धन करना तथा समुदाय को शिक्षा देना शामिल है। इन सारी चीजों से समुदाय का विकास होता है।

प्राकृतिक विभीषिका व आपातस्थितियों के दौरान सिद्ध हुआ है कि सर्वाधिक प्रभावी माध्यम राहत-सहायता संबंधी सूचना समुदाय की बोली में तैयार करना है। इससे वे रणनीतियां विकसित करने तथा जागरूकता फैलाने में सहायता मिलती है जिनसे समुदाय पहले से ही संभावित आपदाओं के लिए तैयार हो जाते हैं। यह तैयारी आपदा के समय तथा उसके बाद उनकी सहायता में अग्रणी भूमिका अदा करती है। जापान तथा कुछ अन्य देशों के उदाहरण हमारे सामने हैं जहां सामुदायिक रेडियो आपदा राहत सहायता तथा आपदा से निपटने के बाद पुनर्वास के समय में सूचनायें साझा कर महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। सामुदायिक रेडियो आपदा का जोखिम घटाने में भी सहायक सिद्ध हो सकते हैं। खासकर आपदा के पूर्व तैयारी की स्थिति में जागरूकता बढ़ाने से आपदा के दौरान नुकसान घटाने में काफी सहायता मिल सकती है। सामुदायिक रेडियो से खासकर विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित किया जा सकता है।

लेकिन आपदा प्रबंधन में सामुदायिक रेडियो से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए स्थानीय समुदाय की सहभागिता, उसका सहयोग तथा इस पर स्वामित्व की भावना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसे दो घटनाओं के उदाहरणों से स्पष्ट किया जा सकता है। वर्ष 2004 में हिंद महासागर में आई सुनामी के दौरान चेन्नै में अन्ना कम्युनिटी रेडियो ने दक्षिण भारत में प्रभावित लोगों के लिए एक मंच प्रदान कर उनकी कठिनाइयां प्रसारित कीं। ये कठिनाइयां राहत सहायता, राहत शिविरों की स्थिति, प्रयोग की जाने वाली सावधानियों, आदि से संबंधित थीं। अन्ना कम्युनिटी रेडियो देश में पहला ऐसा रेडियो है। इसने सही सूचनायें देकर प्रभावित लोगों तथा राहत कार्य में लगे अधिकारियों की भी असाधारण सहायता की। दूसरी घटना जून, 2013 की है, जब उत्तराखंड को बार-बार कई दिनों तक बादल फटने का सामना करना पड़ा था। इसके कारण भयानक अव्यवस्था की स्थिति थी क्योंकि संचार के सभी परंपरागत साधन नष्ट हो गए थे या निष्प्रभावी हो गए थे। इस प्राकृतिक विभीषिका ने स्पष्ट कर दिया कि आपदा प्रबंधन में सामुदायिक रेडियो की प्रभावी व महत्वपूर्ण भूमिका है। उसने बादल फटने की घटना से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में प्रभावी संचार व्यवस्था का काम किया। सामुदायिक रेडियो 'मंदाकिनी की आवाज' ने 'पीपुल्स पावर कलेक्टिव' के साथ काम करते हुए समुदाय में जागरूकता पैदा की तथा उसमें विश्वास की भावना मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

उन्होंने एक टीम की तरह काम करते हुए समुदाय के उन लोगों की सहायता की जिनको इसकी जरूरत थी। उसने लोगों को अपनी परेशानियां एक-दूसरे को बताने के लिए मंच प्रदान किया तथा उनको सहायता एजेंसियों के साथ जोड़ने में भी उल्लेखनीय योगदान किया।

# सुशासन के लिए बेंथम की अवधारणा



संग्राम मिश्रा
(लेखक, सेवानिवृत्त आईएएस हैं)



उच्च सफलता दर के साथ सुशासन सुनिश्चित करने के लिए पुरस्कार और दंड को आसानी से उपकरण के रूप में नियोजित किया जा सकता है। दर्द और सुख का बेंथमाइट कैलकुलस या बैंथम की अवधारणा एक नैतिक सिद्धांत प्रस्तुत करती है जिसमें कहा गया है कि वे कार्रवाइयां नैतिक रूप से सही हैं यदि वे खुशी को बढ़ावा देती हैं और अगर वे नाखुशी को बढ़ावा देती हैं तो नैतिक रूप से गलत हैं (शायद इसका मतलब है कि खुशी के लिए अवांछनीय कार्यों के साथ ठीक से निपटा जाना चाहिए)। जब एक घटना के बाद प्रतिक्रिया की आवृत्ति बढ़ जाती है, तो घटना को पुरस्कार कहा जाता है, लेकिन यदि घटना प्रतिक्रिया की आवृत्ति को कम कर देती है, तो उस घटना को सजा कहा जाता है।

बेंथमाइट उपयोगितावादी सिद्धांत अवधारणाओं को सुख और दर्द के रूप में या बस खुशी और दुख के रूप में उन सभी लोगों के बीच इस तरह से पेश करता है मानो वे समाज या राष्ट्र या एक व्यक्ति के रूप में उससे प्रभावित हों। बी एफ स्किनर ने इस अवधारणा को विकसित किया जो इनाम और दंड के माध्यम से सीखने का एक तरीका है। इसके अनुसार किसी व्यक्ति के विशेष व्यवहार और परिणाम का या तो इनाम के साथ या दंड के साथ संबंध होता है और इसका व्यवहार पर प्रभाव पड़ता है।

न केवल शैक्षणिक संस्थानों, कार्यस्थलों और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में बल्कि देश के शासन में भी इनाम और दंड की भूमिका महत्वपूर्ण है। चयनित कार्य, स्थानिक व लौकिक निहितार्थों और चिंताओं पर उचित ध्यान देते हुए, यदि ठीक से आदेशित हो, तो न केवल सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं, बल्कि स्वागत योग्य समाधान भी उत्प्रेरित होते हैं। इस प्रकार की गई कार्रवाई इनाम या सजा के रूप में हो सकती है।

दंड, बतौर निवारक कार्य करने तथा एक अवांछनीय घटना के घटने की जांच करने के अलावा, घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए इनमें से कोई एक रूप भी लेता है। विशेष निरोध व्यक्ति को सजा से डराकर अपराध करने से रोकता है। सामान्य निरोध, प्रतिवादी व्यक्ति की सजा से जनता को डराकर, अपराध को रोकता है। सजा के अन्य सैद्धांतिक अर्थ हैं अक्षमता, जो समाज से प्रतिवादी को हटाकर अपराध को रोकती है। पुनर्वास प्रतिवादी के व्यवहार में बदलाव लाकर अपराध को रोकता है। प्रतिशोध पीड़ितों या समाज को प्रतिशोध की भावना देकर अपराध को रोकता है। प्रतिशोध प्रतिवादी को आर्थिक रूप से दंडित करके अपराध को रोकता है। अभिव्यक्ति जो भी हो, सजा संविधान, भूमि के कानून और भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता, आदि (आपराधिक न्यायशास्त्र) के अनुरूप है। भारत का संविधान कानून के समक्ष समानता की घोषणा करता है इसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति कानून या सजा से ऊपर नहीं है।

एक प्रेरक उपकरण के रूप में पुरस्कार को समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों और नेताओं द्वारा मान्यता दी गई है। चाहे वो समाज हो या शैक्षणिक संस्थान, कॉर्पोरेट क्षेत्र या सरकार हो, अच्छे काम के लिए इनाम की अवधारणा के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। पुरस्कारों के मामले में, आम तौर पर दो प्रकार के पुरस्कार होते हैं: बाहरी पुरस्कार: एक कर्मचारी या संस्था को मिलने वाला ठोस पुरस्कार, जिसे मूर्त पुरस्कार भी कहा जाता है। आंतरिक पुरस्कार व्यक्ति को व्यक्तिगत संतुष्टि देते हैं जिसे अमूर्त लाभ भी कहा जाता है। अब प्रशासन में कानून और व्यवस्था बनाए रखने और आर्थिक विकास दर्ज करने में शांति को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार व दंड की अवधारणा को प्रेरक उपकरण के रूप में कैसे उपयोग किया जाता है?

मास्लो के प्रेरणा के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए, दंड का उपयोग, लोगों की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में, एक निवारक के रूप में किया जा सकता है, और पुरस्कार की अवधारणा का उपयोग, अधिकारियों और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को अनुकरणीय कार्य करने हेतु बतौर प्रेरणा, काम करने के लिए किया जा सकता है। गरीबी से त्रस्त लोगों की भोजन और पानी आदि जैसी जरूरतें गरीबी को मिटाने और विकास को बढ़ाने के लिए हैं। इसी तरह, कॉर्पोरेट क्षेत्र समेत उद्योग व तृतीयक क्षेत्रों को, सामाजिक-आर्थिक विकास तथा परिवर्तन दर्ज करने के लिए, विकासात्मक कक्षाओं में रखा जा सकता है।

यहां एक अति महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि हमारे समाज/ राष्ट्र को क्या बीमारी है। विविधता, धार्मिक व जातीय बहुलता, भाषाविज्ञान, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता (आर्थिक विभाजन), तथा क्षेत्रीय दलों के बेलगाम विकास, राजनीतिक नैतिकता में गिरावट, और इसके अपराधीकरण से लिपटी लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ, हमारा देश अंत:राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर हमले/ साजिश के प्रति संवेदनशील हो गया है।

ऐसे में सवाल यह है कि प्रशासन व सरकार के दृष्टिकोण से समस्याओं का हल क्या है? यदि यह राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता तथा उसकी प्रगति और विकास का सवाल है, तो कठोर निर्णय और कार्य वांछनीय और स्वीकार्य हैं। समयबद्ध कार्रवाई (और हानिकारक गतिविधियों के लिए सजा) समय की मांग है। महामारी और राष्ट्र की सुरक्षा से संबंधित स्थिति गलत करने वालों के लिए सजा का आह्वान करती है।

इनाम की भूमिका को भी कम करके नहीं आंका जा सकता है। राज्य या अधिकारी या व्यक्ति के स्तर पर सकारात्मक कार्य को मूर्त या अमूर्त अर्थों के साथ पहचाना और पुरस्कृत किया जाना चाहिए। अंत में, हमारा देश बहुत कठिन समय से गुजर रहा है, इसलिए दुनिया भी सबसे कठिन समय का सामना कर रही है। समय आ गया है कि हम सभी सामूहिक भलाई में योगदान दें और यह दिखाएं कि जब हम एकजुट होकर लड़ते हैं तो हम एक होते हैं।

## आप की बात

### हिंदू धर्मस्थलों पर नियंत्रण

**देश** में समानता का मौलिक अधिकार हर जगह समान रूप से लागू होना चाहिए। देश में चार लाख से ज्यादा हिन्दू मठ और मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं। सरकार को उनसे करोड़ों रूपये की आय हो रही है। इन मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में रखने के लिये करीब तीन दर्जन कानून हैं। दूसरी ओर मस्जिद, मजार, दरगाह और चर्च जैसे सरकारी नियंत्रण से मुक्त हैं। देश की आम जनता केंद्र सरकार से यह सवाल पूछती है। ऐसा भेदभावपूर्ण कार्य हिन्दू धार्मिक प्रतिष्ठानों के साथ आखिर क्यों किया जा रहा है ? लाल किले से प्रधानमंत्री ने लोगों को गुलामी की मानसिकता को त्यागने की बात कही थी। आज सरकार को देखना चाहिये कि विदेशी आक्रमणकारियों की सत्ता से मुक्त देश में हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस और भेदभावपूर्ण कानून लागू किए गए। सरकार का कर्तव्य है कि सभी धार्मिक स्थलों के लिये समान कानून बनाये। जिससे लोगों को लगे कि देश में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास वाली सरकार सभी के लिये समानता के मौलिक धार्मिक अधिकार के सिद्धांत पर चल रही है और उसकी नीतियां सब धर्मानुयाइयों के लिये एक समान है।

-**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### सामाजिक ज्ञान जरूरी

**सामाजिक** दृष्टिकोण से इसका आकलन होना आवश्यक है कि जब शासक बदलता है तो राज्य व समाज में क्या बदलाव आते हैं। कुछ लोगों की अपेक्षाएं इतनी बढ़ जाती है कि सकारात्मक परिणाम होते हुए भी उन्हें नकारात्मक ही लगते हैं। एक समय था जब मजहबी मनचलों के हौसले इतने बुलंद थे कि लड़कियों का घर से बाहर निकलना व सुरक्षित घर वापस पहुचना ही एक बड़ा संघर्ष हुआ करता था। मजहब के नाम पर लड़कियों की दुर्दशा की जाती थी और अपराधियों को मजहबी तुष्टिकरण का राजनीतिक संरक्षण मिल जाता था, परन्तु जबसे योगी की सरकार ने मजहबी संरक्षकों पर कानूनी शिकंजा कसा है, तब से जमीनी स्तर पर काफी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। हां, यह भी सत्य है कि योगी के अथक प्रयास व सख्त कानूनों के पश्चात भी मजहब व धर्म के नाम पर हिन्दू लड़कियों के साथ बर्बरता होने की घटनाएं पूर्णतया रोकी नहीं जा सकी हैं। इसका कारण कहीं न कहीं माता पिता की निरंकुशता व लड़कियों में सामाजिक ज्ञान का अभाव भी है।

-**दिव्य अग्रवाल**, लखनऊ

### आत्महत्या के कारण

**एक** एजेंसी के अनुसार भारत में आत्महत्या करने वालों में हर चौथा व्यक्ति दिहाड़ी मजदूर है। इस खबर को पढ़ने के बाद हर संवेदनशील भारतीय का मन व्याकुल होना स्वाभाविक है, परन्तु विचार और विमर्श का विषय है कि अन्य तीन कौन हैं, क्या देश के अन्य आत्महत्या करने वालों के विषय में चिंता और चिंतन नहीं होना चाहिए। आखिर कोई भी इंसान आत्महत्या क्यों करे? एक् अन्य खबर पुर्तगाल से आयी जहां इलाज में देरी के कारण एक गर्भवती महिला की मौत के बाद विभाग के मंत्री ने पद त्याग दिया। असल वजह है जिम्मेदारी से भागना। यदि हमारे देश में भी जवाबदेही तय हो और नैतिक आधार को सर्वोपरि मानकर फैसले लिए जाएं तो शायद देश के किसी भी नागरिक को आत्महत्या करने की आवश्यकता ही न पड़े। हर जान कीमती है रमेश हो या रियाज, आशा हो या अफ़्सां, हर वर्ग जरुरी है , दिहाड़ी मजदूर हो या कॉर्पोरेट के वाइट कॉलर मजदूर, किसान हो या व्यापारी, कैफ़े डे का मालिक या ठेले का मालिक। व्यवस्था की भेंट कोई भी चढ़े तो ये चिंतन का विषय है।

-**मनोज**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यदि** निर्वाचकों की सूची सार्वजनिक न हो तो पार्टी अध्यक्ष का चुनाव निष्पक्ष एवं न्यायोचित कैसे हो सकता है।

- **मनीष तिवारी**
कांग्रेस सांसद



**हम** अपने नाभिकीय प्लांट के तत्काल वि-सैन्यीकरण तथा उसे यूक्रेन के नियंत्रण में देने की मांग करते हैं।

- **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**आप** विधायकों ने दावा किया कि भाजपा ने उनको करोड़ों रुपये देने का प्रस्ताव किया। वे नाम क्यों नहीं बता रहे हैं?

- **मनोज तिवारी**
भाजपा सांसद

# पर्यटन विकास की परियोजनाओं पर शीघ्र शुरू होगा कार्य : जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न जनपदों से प्राप्त पर्यटन विकास के 97 प्रस्तावों में से 18 का आंकलन तैयार कराकर स्वीकृत किये जाने की कार्यवाही पूरी कराई जा रही है। इन प्रस्तावों पर शीघ्र ही निर्णय लेते हुए विभिन्न जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार पर्यटन को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं पर कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि कुशीनगर, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, प्रतापगढ़, गोण्डा, गाजीपुर तथा बलिया से संबंधित प्रस्ताव सांसद एवं विधायकों तथा संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये हैं। जिनके लिए धनराशि का आंकलन तैयार करते हुए अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि जनपद कुशीनगर में बुद्धाथीम पार्क के निर्माण हेतु 1941.40 लाख रुपये, गोरखपुर में स्टेट इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट के निर्माण हेतु 4995.52 लाख रुपये का आंकलन तैयार कराया गया है। इसी प्रकार लखनऊ में महाराजा पासी किले पर एसईएल शो तथा पर्यटन विकास के लिए प्रस्तावित योजना हेतु 2499.15 लाख रूपये का आंकलन तैयार कराया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार बरेली जनपद हेतु मीरगंज के गोराघाट के निर्माण हेतु धन अवमुक्त करने एवं पर्यटन स्थल घोषित करने का प्रस्ताव विधायक डॉ डीसी वर्मा द्वारा दिया गया है। इसके लिए 103.91 लाख रुपये का आंकलन तैयार करके अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार जनपद गोण्डा में प्रेम नारायण पाण्डेय सदस्य के विधानसभा क्षेत्र में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के अंतर्गत भुवनेश्वरी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 157.65 लाख रूपये का आंकलन तैयार कराया गया है।

## शिक्षक दिवस पर दस शिक्षकों को मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित बाकी का जिलों में होगा सम्मान

लखनऊ। पांच सितंबर शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य अध्यापक पुरस्कारों से शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में दस शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक सम्मानित होंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने अभी तक संशोधित मानकों पर राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं मांगे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक विजय किरन आनंद ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिलों में किया जाएगा। शेष शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से जिलों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने कहा है कि जिलों में कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाए और उनसे राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया जाए। पुरस्कार के तौर पर 25 हजार रुपये की धनराशि और प्रमाणपत्र, शॉल और सरस्वती की प्रतिमा दी जाएगी।

# दो माह में पूरे किए जाएं सभी भू-मानचित्रों के जिओ रेफरेंस के कार्यः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रदेश के समस्त भू-मानचित्रों के जिओ रेफरेंस के कार्य को 2 महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कैनिंग योग्य मैपशीट्स की संख्या 118621 को जिओ रेफरेंस में लाया जाए। इसे मिशन मोड को पूरा करने के लिए तकनीकि कर्मियों को रखा जाए, जिससे यह कार्य जल्द से जल्द हो सके। मुख्य सचिव शुक्रवार को राजस्व ग्रामों के नक्शों की जिओ रेफरेंसिंग के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्य पूरा होने से सभी भूस्वामियों को जमीन की जानकारी स्पष्ट हो सकेगी। इसके अलावा स्कूल, कार्यालय, धार्मिक स्थल आदि भूमि की लोकेशन भी सही मिलेगी। इसके माध्यम से किसानों की जमीन का रिकॉर्ड भी उपलब्ध हो जाएगा। इसी विषय पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े एक्सपर्ट राजीव चावला और टीपी सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी देते हुए राजस्व विभाग की आयुक्त एवं सचिव मनीषा त्रिघाटिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम योजना में प्रदेश के समस्त भू-मानचित्रों को जिओ रेफरेंस किए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के समस्त गाटों को यूनिक लैंड पार्सल आइडेन्टिफिकेशन नंबर आवंटित किए जाने के लिए भी प्रदेश के समस्त भू-मानचित्रों को जिओ रेफरेंस किया जाना होगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत प्रदेश के समस्त भूखंडों को जिओ रेफरेंस किए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कृषि विभाग के एग्रीस्टैक योजना के लिए प्रदेश के समस्त भूमानचित्रों को जिओ रेफरेंस किए जाने की अपेक्षा है। उन्होंने मुख्य सचिव के समक्ष तीन विकल्पों के बारे में अवगत कराया। पहले विकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेंटर यूपी शासन की अपेक्षानुसार समस्त उपलब्ध भूमानचित्रों की इमेज फ इल्स उपलब्ध कराते हुए कार्य संपादित कराया जाए।

दूसरा विकल्प प्रदेश के 70 जनपदों में भूमानचित्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पादित कर रही 6 एजेन्सियों से किए गए अनुबंध के अतिरिक्त इस कार्य के लिए अनुबंध को विस्तारित करते हुए उनको आवंटित मंडलों के समस्त जनपदों का कार्य सम्पादित कराया जाए।

## पीएमजीएसवाई में पांच किमी से कम की सड़कों को शामिल करने का बनाएं प्रस्तावः केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रूरल इन्जिनियरिंग डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश में पीएमजीएसवाई के तहत जो सड़कें निर्माणाधीन अथवा निर्माण की प्रक्रिया में हैं उनके अलावा 25 हजार किमी नई सड़कों के निर्माण का खाका तैयार करें। उन्होंने कहा है कि पीएमजीएसवाई के तहत 5 किमी से कम दूरी की सड़कों के निर्माण के लिए भी प्रस्ताव तैयार कर ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार को भेजा जाए। उल्लेखनीय है कि पीएमजीएसवाई में 5 किमी से अधिक लम्बाई की सड़कों का निर्माण/उच्चीकरण होता है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किमी की लम्बाई से कम की बहुत बड़ी संख्या में सड़कें, कच्चे मार्ग, खड़ंजा आदि हैं। यदि इन्हें भी पीएमजीएसवाई में ले लिया जाए और इनकी चौड़ाई 5.5 मीटर ही रहे तो ग्रामीण क्षेत्र में छोटे-छोटे गांवों तक ट्रक आदि आसानी से पहुंच सकेंगे और ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन की और अधिक बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित अवधि के बाद सड़कों को सम्बन्धित विभाग को हस्तांतरित किया जाए। बताया गया कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा विभिन्न विभागों-संस्थाओं के बजट से निर्मित मार्ग-सम्पर्क मार्गो पर पंचायती राज विभाग का स्वामित्व होगा। इस व्यवस्था के तहत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्मित मार्गों के नियमानुसार जिला पंचायतो को हस्तांतरित किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्मित मार्गों के किनारे वृहद पौधरोपण कराया जाए। निर्देश दिए हैं कि रूरल इन्जिनियरिंग डिपार्टमेंट की प्रदेश में खाली भूमि का विवरण एकत्र करते हुए उस भूमि का उपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## नवगठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में छह डिप्टीएसपी तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री के निर्देश पर ड्रग के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए, एसटीएफ की तर्ज पर पिछले दिनों गठित की गई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) में शासन ने छह डिप्टीएसपी की तैनाती कर दी है। डीजीपी मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में तैनात सहायक सेनानायक निष्ठा उपाध्याय को एएनटीएफ गोरखपुर, शैलेन्द्र सिंह परिहार को कासगंज से एएनटीएफ मेरठ, राजकुमार त्रिपाठी को सोनभद्र से एएनटीएफ वाराणसी, एटा से इरफान नासिर खान को एएनटीएफ आगरा, फतेहगढ़ से राजवीर सिंह गौर और सहायक सेनानायक 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी अमर बहादुर को एएनटीएफ मुख्यालय में डिप्टीएसपी के पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

# जनहित की योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाएं होमगार्ड विभाग के अफसरः प्रजापति



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के होमगार्ड्स एवं कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने प्रदेश के सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहित की योजनाओं में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से जल संरक्षण जैसे अहम मुद्दे पर आम जनता को जागरूक करने के लिए समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निदेश दिये हैं। इसके साथ ही भारत सरकार की योजना स्वच्छता मिशन, पर्यावरण संरक्षण जैसे ज्वलंत विषयों पर जागरूकता अभियान संचालित करें।

होमगार्ड्स मंत्री शुक्रवार को यूपी-112 मुख्यालय पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से होमगार्ड्स विभाग के जनपदीय अधिकारियों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अमृत महोत्सव में हर घर झंडा कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए सराहना की एवं बधाई दी।

## कैदियों के भोजन की गुणवत्ता के लिए फर्रूखाबाद जेल को मिली 5 स्टार रेटिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण ने जिला कारागार फर्रूखाबाद में कैदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मानक के अनुरूप पाए जाने पर जेल प्रशासन की सराहना की है।

कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण की टीम ने बीते बृहस्पतिवार को जिला कारागार में भोजन आदि की गुणवत्ता की अपने मानकों के अनुसार जांच की थी और प्राधिकरण ने जेल के खाने को गुणवत्ता के अनुरूप पाए जाने पर 5 स्टार रेटिंग प्रदान की है। उन्होंने बताया कि हम स्वयं भी जेल में भोजन आदि गुणवत्ता सुनिश्चित करने के प्रति सजग हैं। विगत दिनों में उन्होंने स्वयं भी कई जनपदों की जेलों में कैदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा था। इसके अलावा समय-समय पर जेलों में भोजन आदि का निरीक्षण उनके स्तर से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी जेलों में मानक के अनुसार पौष्टिक एवं गुणवत्तापरक भोजन दिये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## सात जिलों के सीएमओ बदले कुछ के ट्रांसफर में हुए संशोधन

लखनऊ। शासन स्तर पर एक दिन पूर्व हुए आईएएस अधिकारियों के तबादले के अगले दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सात जिलों के सीएमओ को बदल दिया गया है। वहीं पूर्व में हुए तबादलों के क्रम में कुछ चिकित्साधिकारियों के ट्रांसफर में संशोधन भी हुए हैं। शासन स्तर पर सचिव रविन्द्र के स्तर से जारी आदेश के अनुसार डॉ नरेश अग्रवाल को मुख्य चिकित्साधिकारी मऊ, डॉ राम किशोर गौतम को मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहांपुर, डॉ. गीताराम को मुख्य चिकित्साधिकारी इटावा, डॉ राजेश कुमार तिवारी को मुख्य चिकित्साधिकारी हरदोई, डॉ अवधेश कुमार यादव को मुख्य चिकित्साधिकारी देवरिया, डॉ रूद्र प्रसाद मिश्रा को मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती बनाया गया है। वहीं जिनके स्थानान्तरण में संशोधन किये गये हैं उनमें डॉ विमल जैसवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ, डॉ रविन्द्र सिंह यादव को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी झांसी, डॉ रामजी कुमार को संयुक्त निदेशक परिवार कल्याण बनाया गया है।

## अंकित दास को मिली शॉर्ट टर्म जमानत

लखनऊ (विसं)। लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम अंकित दास की 15 दिन की शॉर्ट टर्म जमानत हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। पीठ ने मुल्जिम के खराब स्वास्थ्य के मद्देनजर उसे इलाज करने के लिए यह राहत दी है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अंकित दास की शॉर्ट टर्म जमानत अर्जी पर दिया है। एकल पीठ को बताया गया कि मुल्जिम फइब्रोसिस ;फेफड़े की बीमारीद्धए फैटी लीवर ग्रेड थ्री व डायबिटीज से पीड़ित है। इन बीमारियों का इलाज न तो जेल और न ही जिला अस्पताल में संभव है। पीठ ने चिकित्सकीय स्थिति के मद्देनजर मुल्जिम को 15 दिन के लिए शॉर्ट टर्म जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही यह स्पष्ट भी किया है कि यदि 15 दिन बाद सरेंडर नहीं करता हैए तो शॉर्ट टर्म जमानत को खारिज कर दिया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी। बीते नौ मई को हाईकोर्ट ने अंकित दास समेत इस मामले के तीन अन्य मुल्जिमों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थी। जबकि 26 जुलाई को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा की जमानत भी खारिज हुई थी।

## सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा समेत तीन आरोपी बरी

लखनऊ(विसं)। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मारपीट व सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा समेत तीन मुल्जिमों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। थाना हसनगंज से संबंधित यह मामला 43 साल पुराना है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिमों पर लगाए गए आरोपों को अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर सका है। लिहाजा मुल्जिम रविदास मेहरोत्रा बृजेंद्र अग्निहोत्री व अनिल कुमार सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी किया जाता है। आठ फरवरी 1979 को इस मामले की एफआईआर लविवि के असिस्टेंट रजिस्ट्रार डीपी दीक्षित ने दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मुल्जिमों पर तोड़-फोड़ करने आदि का इल्जाम था। विवेचना के पश्चात मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147ए 323ए 504ए 506 व 426 में आरोप पत्र दाखिल हुआ था।

# भाजपा सरकार चहेते पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है प्रदेश के 11 हजार विद्यालयः अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। मिशन कायाकल्प के नाम पर करोड़ों-अरबों रुपए फूंकने के बाद भी सरकारी स्कूलों के हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। तमाम स्कूल जर्जर भवनों में चल रहे हैं। शिक्षकों के तमाम पद खाली है। भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री केवल वादों के सहारे अपने दिन बिता रहे हैं। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा सरकार की शिक्षा सहित विकास के किसी काम में कोई रुचि नहीं है। भाजपा लगातार सत्ता की राजनीति में व्यस्त रहती है। अपने पिछले पांच साल में उसने जनहित का कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार अब उत्तर प्रदेश के 11 हजार प्राथमिक विद्यालयों को भी पीपीपी मॉडल पर अपने चहेते पूंजीपतियों को देने की योजना बना रही जिससे रहा-सहा सरकारी नियंत्रण भी नहीं रहेगा। गरीब बच्चे कहां पढ़ेंगे? इसकी चिंता सरकार को नहीं है। कुछ न करना लेकिन झूठे कामों का ढिंढोरा जोरों से पीटना ही भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार परिषदीय स्कूलों में बच्चों के हित में कोई भी व्यवस्था करने में नाकाम रही है। बच्चों को यूनीफार्म, जूता,मोजे मुहैया करने में बहुत लापरवाही बरती गई। अभी तक सभी स्कूलों में बच्चों को किताबें नहीं बंट पाई है। लाखों बच्चे बिना किताब पढ़ाई करने को मजबूर हैं। बच्चों के खेलकूद के लिए मैदान नहीं है। स्कूल की साफ-सफाई खुद बच्चों को ही करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में शिक्षा क्षेत्र में घोर अव्यवस्था और अधिकारियों की मनमानी के चलते परिषदीय स्कूलों से बच्चों और अभिभावकों का मोहभंग हो चला है।

## संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद व सेकुलर शब्द हटाने की कोशिश निंदनीयः कांग्रेस

लखनऊ। भारत के संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और सेकुलर शब्द हटाने की मांग वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यिन स्वामी की याचिका की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के तैयार हो जाने को अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने भारतीय राज व्यवस्था के चरित्र को बदलने की नियत से की गई राजनीतिक पहल बताया है। उन्होंने कहा कि यह आरएसएस के एजेंडे को लागू करने की कानूनी कोशिश है।

शाहनवाज आलम ने कहा कि यह नहीं भूलना चाहिए कि 26 जनवरी 2015 को ही मोदी सरकार ने अखबारों में प्रस्तावना के 42 वें संविधान संशोधन से पहले के प्रारूप को विज्ञापित करवाया था। जिसमें समाजवाद और सेकुलर शब्द नहीं था। इसीतरह 19 मार्च 2020 को राज्य सभा में भाजपा सांसद राकेश सिन्हा ने प्राइवेट मेम्बर बिल लाकर संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद शब्द हटाने की मांग की थी। उसके बाद 3 दिसंबर 2021 को भी राज्य सभा में भाजपा सांसद केजे अल्फोंस ने संघ ने प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटाने की मांग वाला प्राइवेट मेंबर बिल पेश कटवाया जिसे उप सभापति ने स्वीकार भी कर लिया जो असंवैधानिक था क्योंकि केशवानन्द भारती और एसआर बोम्मई केस में सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं हो सकता यहां तक कि संसद भी कोई बदलाव नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा इन दोनों फैसलों को अपने उद्देश्यों में बाधा मानती है।

## अजय मिश्रा टेनी के जमानत निरस्तीकरण पर सुनवाई छह को

विधि संवाददाता। लखनऊ

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी को हत्या के एक मामले में मिली जमानत को निरस्त करने की मांग वाली अर्जी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सुनवाई के छह सितंबर की तारीख तय की है। पीठ के समक्ष जमानत निरस्ती प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि हत्या के मामले में अजय मिश्रा उर्फटेनी की दोषमुक्ति के खिलाफदाखिल राज्य सरकार की अपील की सुनवाई में उनकी ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। लिहाजा उनके बॉन्ड को निरस्त किया जाए। शुक्रवार को जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रेनू अग्रवाल की पीठ ने पाया कि सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए पहले ही छह सितंबर की तिथि नियत है। लिहाजा पीठ ने उक्त प्रार्थना पत्र को भी उसी रोज अपील के साथ ही पेश करने का आदेश दिया।

वर्ष 2000 में लखीमपुर खीरी के तिकुनिया थाना क्षेत्र में एक युवक प्रभात गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अन्य मुल्जिमों के साथ.साथ अजय मिश्रा उर्फटेनी भी नामजद थे। वर्ष 2004 में लखीमपुर खीरी की एक सत्र अदालत ने विचारण के पश्चात अजय मिश्रा व अन्य को पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया था। हाईकोर्ट में सत्र अदालत के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने अपील दाखिल की थी।

# यूपी एसटीएफ को मिला स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स को साइबर क्राइम मैनेजमेंट के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स इंडस्ट्री (फिक्की) ने स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-21 से सम्मानित किया है। दिल्ली में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश की ओर से डिप्टीएसपी दीपक कुमार सिंह ने यह अवार्ड ग्रहण किया।

तीन दिन पहले आई एनसीआरबी की 2021 रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में साइबर क्राइम के मामलों में खासी कमी आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर क्राइम के मामले घटकर 8829 रह गए है जो वर्ष 2020 की तुलना में 22.6 फीसदी कम हैं। यूपी एसटीएफ ने ऐसे अपराधी जो बार-बार अपना मोबाइल नंबर बदल लेते हैं, उनकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित एक ऑडियो एनालिटिक्स टेक्नोलॉजी विकसित की है। अपराधी यदि 7 से 10 सेकण्ड के लिए भी फोन पर बात कर रहा होता है, तो उस तक इस डिवाइस की मदद से आसानी से पहुंचा जा सकता है। अपराधी किसी भी भाषा में बात कर रहा हो, यूपी एसटीएफ उसे आसानी से डिकोड कर लेती है। उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने पहली बार शातिर अपराधियों का आडियो डाटा को भी एकत्र किया है। इसकी मदद से उनको खोजना काफी आसान हो जाता है। एसटीएफ की तकनीक में आडियो के साथ टैक्स्ट को भी वरीयता देकर धरपकड़ तेज की जाती है। उत्तर प्रदेश एसटीएफ के अधिकारियों को मोबाइल के साथ ही सभी वेब एप्लीकेशन की सुविधा प्रदान की गई है। जिससे कि वह अपराधी तथा अपराध की तह तक जाकर उसको खोज सकते हैं।

## विशेष अभियान में 26 करोड़ से अधिक की अवैध शराब व ड्रग्स बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एडीजी कानून व्यवस्था ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब तथा हुक्का बार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बीती 24 अगस्त से 31 अगस्त तक एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाया गया। इस समयावधि में सक्रिय, संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 1649 अभियोग पंजीकृत करते हुए 1773 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई तथा 2080 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है। इस कार्यवाही के दौरान कुल 26 करोड़ 71 लाख 22 हजार 355 रुपए की अवैध शराब एवं ड्रग्स/मादक पदार्थों की बरामदगी की गई। गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत 261 व्यक्तियों के विरुद्ध 82 अभियोग पंजीकृत किये गए। इस अभियान के तहत गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कुल 34 करोड़ 77 लाख 14 हजार 176 रुपये की सम्पत्ति को जब्त किया गया। न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर 166 प्रकरणों में सजा दिलायी गई। अवैध शराब, जहरीली शराब के अन्तर्गत 7495 अभियोग पंजीकृत कर 7714 के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 8416 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। इस अभियान के दौरान 5 करोड़ 63 लाख 54 हजार 450 रुपए की अवैध, जहरीली शराब बरामद की गयी। गैंगेस्टर एक्ट के तहत 73 अभियोग पंजीकृत करते हुये 218 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

अवैध ड्रग्स/ मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान में उत्कृष्ट बरामदगी करने वाले जनपद बाराबंकी, सीतापुर, खीरी, फतेहगढ़ व रायबरेली हैं। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में जनपद देवरिया, झांसी, बलिया, वाराणसी ग्रामीण व उन्नाव ने उत्कृष्ट बरामदगी की है। अभियान के दौरान 40 हुक्काबार बंद कराकर 118 संलिप्त व्यक्तियों और संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

# ड्रग्स तस्करी के अंतर राष्ट्रीय रूटों का पुलिस ने किया अध्ययन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● नेपाल सहित अन्य प्रदेशों की सीमा पर बढ़ाई गई सतर्कता, एक सप्ताह और बढ़ाया गया अभियान

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर मादक पदार्थों और अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए यूपी पुलिस ने गहन अध्ययन के बाद बहुउद्देश्यीय योजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि इसके अन्तर्गत मादक पदार्थों की तस्करी के अन्तराष्ट्रीय रूट का अध्ययन किया गया। अध्ययन के फलस्वरूप मादक पदार्थों की तस्करी के कई अर्न्तराष्ट्रीय रूट प्रकाश में आए हैं। एडीजी ने कहा कि इन रूटों की जानकारी के बाद पुलिस ने चेकिंग और सतर्कता बढ़ा दी है। एडीजी ने बताया कि हेरोइन/ब्रूड की तस्करी म्यांमार बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, मणिपुर, मिजोरम, आसाम से स्थल, जल व रेलमार्ग से दीमापुर, गुवाहाटी, गया के मार्ग से उत्तर प्रदेश तथा एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान व महाराष्ट्र में होती है। गोल्डेन ट्रेंगिल रूट (अफ गानिस्तान, ईरान एवं पाकिस्तान) से गुजरात ए राजस्थान व पंजाब के मार्ग से उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न प्रदेशों में हेरोइन/ ब्रूड की तस्करी होती है। गांजा की तस्करी मुख्य रूप से उड़ीसा प्रान्त के भवानी पटना, नाल्को, सोनपुर, बरगढ़ की पहाड़ियों से होती है जहां गांजा का उत्पादन होता है। जहां से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के रास्ते झांसी के मार्ग से पश्चिमी उत्तर प्रदेश व राजस्थान तथा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश से सोनभद्र व प्रयागराज के रास्ते पूर्वी उप्र में गांजा की तस्करी होती है। चरस की तस्करी नेपाल के बढ़नी, सोनौली, बीरगंज बार्डर से बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, एनसीआर में होती है। अफ ीम की तस्करी झारखंड के पलामू, चतरा से पटना, पटना से वाराणसी से रेल, सड़क मार्ग द्वारा बरेली, बदायूं, अलीगढ़ व एनसीआर में होती है। एडीजी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बार्डर व अन्तर्राज्यीय सीमा पर विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं।

## एनसीएल में प्रयुक्त होने वाले डीजल की चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एसटीएफ ने नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड (एनसीएल), सोनभद्र में प्रयुक्त होने वाले डीजल की चोरी कर उसकी तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के सरगना सहित आधा दर्जन अभियुक्तों को एसटीएफ की टीम ने सोनभद्र में गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी किए गए 12 हजार लीटर डीजल (अनुमानित मूल्य 10 लाख 80 हजार) को बेचने से प्राप्त हुए 8 लाख 29 हजार 500 रुपए बरामद हुए। डीजल चोरी के सिलसिले में सोनभद्र में छानबीन कर रही एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि इसमें शामिल गिरोह के सरगना सहित कई अभियुक्त भारी मात्रा में डीजल बेचकर शेष बचे डीजल को लेकर थाना शक्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत दुद्धी चुआ कोल परियोजना गेट के पास आने वाले हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने गिरोह के सरगना पुष्पराज यादव निवासी प्रयागराज, मुर्तजा खान निवासी प्रतापगढ़, राजेश कुमार निवासी प्रयागराज, मो. मकमूल खान निवासी प्रतापगढ़, सलीम अहमद निवासी मध्य प्रदेश और अशोक कुमार यादव निवासी देवरिया को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 12000 लीटर से भरा एक तेल टैंकर, एक हुंडई क्रेटा कार, एक मारुती स्विफ्ट कार, 829500 रुपए नगद बरामद हुए। पूछताछ और छानबीन में पाया गया कि नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड की कई परियोजनायें जनपद सोनभद्र के आसपास स्थित हैं। जिसमें से दुद्धी चुआ, खड़िया, बीना व ककरी प्रमुख परियोजनायें हैं। इन परियोजनाओं में स्थापित मशीनों व वाहनों को चलाने के लिए डीजल की आपूर्ति इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड मुगलसराय, जनपद चन्दौली से किया जाता है।

# भड़के सफाईकर्मी, ईओ से भिड़े

- मौके पर पहुंचे कोतवाल टीपी सिंह ने मामला कराया शांं 30 प्राइवेट सफाई कर्मियों को हटाने को ईओ से भिड़े
- ईओ से वार्ता करने पहुंचे थे सफाई कर्मी, ईओ ने बताया क्यों हटाए गए सफाई कर्मी, देर तक चली बहस को लेकर पहुंची कोतवाली पुलिस



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर नगर** पालिका परिसर में प्राइवेट सफाई कर्मियों को हटाए जाने के बाद नगर पालिका के ईओ व सफाई कर्मियों में उस वक्त कहासुनी होने लगी जब पालिका में लगे प्राइवेट 30 कर्मियों को हटा दिया गया। इसी को लेकर शुक्रवार को वार्ता करने पहुंचे सफाई कर्मियों की बहस ईओ से होने लगी, देर तक चली बहस के बाद मौके पर कोतवाल टीपी सिंह पहुंचे जहां पर मामले को शान्त कराया। ईओ वैभव त्रिपाठी का कहना है कि चेयरमैन राधेश्याम जायसवाल के द्वारा 18 अगस्त 2022 के आदेश पर सफाई कर्मियों को हटाया गया था क्योंकि 60 सफाई कर्मचारी ठेके पर हैं, जिनमें 30 सफाई कर्मचारी काम में रूचि नहीं ले रहे थे जिन्हें 1 सितंबर से आदेश के अनुसार हटाया गया है। वहीं सफाई कर्मियों ने ईओ पर आरोप लगाया है कि बिना नोटिस दिए उनको हटाया गया है और 3 माह से वेतन भी नहीं मिला है जिसको लेकर वह ईओ से वार्ता करने नगर पालिका आए थे। पूरे मामले पर अधिशाषी अधिकारी वैभव त्रिपाठी का कहना है कि 18 अगस्त 2022 को ही ठेका सफाईकर्मियों की जो प्राइवेट कम्पनी है, मेसर्स ओरियंटल इंटीग्रेटेड, फैसिलिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड मलाद वेस्ट मुंबई के विरूद्ध शहर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, क्योंकि सफाई कर्मियों को 9 माह वेतन की जगह सिर्फ6 माह का वेतन दिया गया था। वेतन न मिलने से कर्मचारी अक्सर हंगामा करते है और आए दिन एससीएसटी के तहत मुकदमा लिखाने की धमकी देते है। आपको बता दें कि जो 30 सफाई कर्मचारी है, उनमें 11 डिवाइडर, 8 नाले, 9 गौशाला और 2 कर्मचारियों की आफीसर एवं जज कालोनी की सफाई में ड्यूटी लगाई गई है।

# महोली ढाबे पर बंदी को मौज कराना पड़ा महंगा, पांच पुलिसकर्मी निलंबित!

- लखनऊ से मुरादाबाद के लिए पेषी पर ले जाते समय ढाबे पर खोली थी हथकड़ी
- सीतापुर एसपी की रिपोर्ट के बाद लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने किया निलम्बन, मुरादाबाद के भोजपुरी थाना इलाके में हत्या के आरोप में लखनऊ जेल में बंद था बब्बू

संवाददाता। सीतापुर

**हाइवे के** ढाबे पर बंदी को पुलिस कर्मियों की मौज कराना महंगा पड़ गया है, सीतापुर एसपी की जांच रिपोर्ट पर लखनऊ पुलिस ने 5 पुलिस कर्मियों पर निलम्बन की गाज गिराई है। आपको बता दें कि 29 अगस्त को सीतापुर के महोली कोतवाली इलाके के सिंहपुर ढाबे पर अभिरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों ने एक बंदी को हथकड़ी खोलकर न कि खाना खिलाया गया बल्कि फोन पर बात भी कराई गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। सीतापुर एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने जब जांच कराई तो पता चला कि मुरादाबाद के भोजपुरी थाना इलाके में हत्या के आरोप में बब्बू लखनऊ जेल में बंद है, 30 अगस्त को पेशी के लिए लखनऊ पुलिस लाइन से मुरादाबाद के लिए पुलिस अभिरक्षा में ले जाया जा रहा था, राजधानी लखनऊ से 100 किलो मीटर दूर सीतापुर के महोली कोतवाली इलाके में सिंह ढाबा पर लखनऊ पुलिस



लाइन में तैनात एसआई संजय यादव, सिपाही रामकिशोर, आशीष, मनोज कुमार और चालक जयप्रकाश सिंह ने बंदी बब्बू को मौज मस्ती कराई। एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने जांचकर रिपोर्ट लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस को भेजी। जिसके बाद एसीपी पुलिस लाइन पंकज श्रीवास्तव ने भी जांच की और दोषी पाए जाने पर पांचो पुलिस कर्मियों पर निलम्बन की गाज गिराई गई। डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत कौशिक ने इस कार्रवाई की पुष्टि की। बंदी और कैदी को पुलिस अभिरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों का मौज कराने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी 23 अगस्त 2022 को लखनऊ पुलिस की अभिरक्षा से शाहजहांपुर स्थित एक ढाबे से बाथरूम जाने का बहाना करके शातिर अपराधी आदित्य राणा फरार हो गया था। 13 जुलाई 2022 को केजीएमयू में भर्ती रायबरेली से गिरफ्तार शातिर अपराधी इंजमाम और इरफान भाग निकले, हालांकि बाद में गिरफ्तार हुए। 26 नवंबर 2020 को लखनऊ मलिहाबाद से शातिर अपराधी नन्हा पुलिस अभिरक्षा से भाग निकला। 4 जून 2020 को लखनऊ के नाका थाना से गिरफ्तार हथियार सप्लायर संजू सिंह पुलिस को धक्का देकर भाग निकला। 13 जनवरी 2020 को लखनऊ पेशी जाने के दौरान बंदी एससान गाजी भाग निकला था बावजूद इसके पुलिस कर्मी कोई सबक लेने को तैयार नहीं हो रहे है।

# एसडीएम ने दो बालू लदी ट्रालियों पर लगाया जुर्माना

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**बीते गुरुवार** को नगर के बिसवां तिराहा गेट के निकट से उप जिलाधिकारी ने 2 बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ कर सीज किया था जिन पर 66, 66 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए चालान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार को उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा के द्वारा क्षेत्र में ओवर लोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से चेकिंग के दौरान नगर के क्षेत्र के बिसवां तिराहा गेट के निकट से 2 बालू लदी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली को जांच हेतु रोका था , पूछताछ के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली चालक के द्वारा कोई भी आवश्यक प्रमाण पत्र नही दिखाये गए जिसके बाद ट्रालियों को कोतवाली लाकर खड़ा कर दिया गया था। वही शुक्रवार को उप जिला अधिकारी अनुपम मिश्रा द्वारा कार्रवाई करते हुए बालू लदी दोनों ट्रालियों पर 66000, 66000 यानि 1,32000 (एक लाख बत्तीस हजार) रुपए का जुर्माना लगाते हुए दोनों ट्रालियों का चालान कर दिया। जिसमें वाहन स्वामी मोनू सिंह ग्राम पोंगलीपुर पोस्ट बिलरिया का स्वराज ट्रैक्टर सं0 यूपी 34 बीएफ 6710 तथा एक कृषि कार्य हेतु सोनालिका ट्रैक्टर शामिल है।

### सिधौली में चला अभियान

**एआरटीओ** (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि 1 अप्रैल तक पंजीकृत सभी व्यवसायिक वाहन इस योजना के तहत लाभान्वित होगें टैक्स पर लगायी गयी पूरी पेनाल्टी 1 हजार रूपये शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद माफ कर दी जायेगी। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण, फाइनेंसर द्वारा खीचे गये वाहनों, वसूली पत्र जारी हो चुके वाहनों को भी इस योजना के तहत लाभ दिया जायेगा। वाहन स्वामियों की सुविधा के लिये तहसील स्तर पर भी कैम्पो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि किसी भी स्थिति में कोई भी बकाया कर वाला वाहन संचालित नही किया जायेगा।

लहरपुर तहसील का मामला

# दरियापुर में कोटे का चयन कर दिया स्थगित दोनों पक्षों ने दिया प्रार्थना पत्र

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**विकासखंड लहरपुर** के ग्राम दरियापुर के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान कैलाश की अध्यक्षता में उचित दर विक्रेता (राशन वितरित) की दुकान का चयन होने के लिए खुली बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कोटे का चयन होना था। बताते चलें एक और जहां शिव शंकर स्वयं सहायता समूह की ओर से अध्यक्ष शैलेन्द्री वर्मा पत्नी अनिल ने प्रभारी अधिकारी / सचिव के समक्ष कोटे का आवेदन देते हुए बताया कि हमारा शिव शंकर स्वयं सहायता समूह ग्राम पंचायत दरियापुर में संचालित है जो लगभग 1 वर्ष से संचालित है समूह को कोटे के चुनाव में नामांकन दाखिल करने का प्रार्थना पत्र दिया। वहीं दूसरी ओर श्रद्धा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष भानुमति पत्नी संजय तथा समूह के सदस्यो की ओर से कोटे की बैठक को स्थगित करने के लिए खंड विकास अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र देते हुए बताया गया कि द्वितीय पक्ष के स्वयं सहायता समूह का मानक अनुसार कम सदस्य के होने के उपरांत भी द्वितीय पक्ष बैठक को संपन्न करवाना चाहता है जबकि द्वितीय पक्ष के स्वयं सहायता समूह के सदस्य भी कम है और सभी समूह वर्ष 2020 के बाद के हैं। अत: बैठक को स्थगित करके पुन: सहायता समूह की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदन कर सकते हैं। बैठक को स्थगित करने के उपरांत खुली बैठक की जगह मतदान करवाने की मांग की। वही प्रार्थना पत्र में समूह अध्यक्ष भानुमति सहित सदस्य विमला देवी, सिद्धेश्वरी, वर्मा मीना देवी, प्रेमा देवी, प्रिंसी, शालू वर्मा, उषा देवी, मूला, सरस्वती ने हस्ताक्षर कर प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जिसे ग्राम पंचायत अधिकारी आफ्ताब आलम ने हस्ताक्षर व मोहर लगाकर प्रमाणित किया। इस संबंध में एडीओ सहकारिता सिद्धार्थ आर्य ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें एक नामांकन दाखिल का आवेदन है तथा दूसरे पक्ष से खुली बैठक को स्थगित करने का आवेदन है। दोनों पक्षों की ओर से प्रार्थना पत्र ले लिए गए हैं जिसे जिला मुख्यालय भेजा जाएगा उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद जांच उपरांत जो भी निर्णय लिया जाएगा उसके उपरांत ही कोटे का चयन किया जाएगा। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से अपराध निरीक्षक राम राघव सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद रहे। हालांकि दोनों पक्षों में कोटे के चयन को लेकर थोड़ी बहुत कहासुनी भी हुई लेकिन पुलिसिया हस्तक्षेप के चलते दोनों पक्षों को अलग अलग कर शांति व्यवस्था स्थापित की गई। वही ग्राम पंचायत अधिकारी आफ्ताब आलम द्वारा कार्यवाही रजिस्टर पर कोटे के चयन के लिए आए ग्रामीणों की उपस्थिति के लिए हस्ताक्षर भी करवाए गए। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रमेश मिश्रा, एडीओ आईएसबी शैलेंद्र कुमार गुप्ता, एडीओ सहकारिता सिद्धार्थ आर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी आफ्ताब आलम, ग्राम प्रधान कैलाश, प्रधान प्रतिनिधि राम लखन वर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**मोहम्मदी-खीरी।** सिविल कोर्ट के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अपर जिला जज सुभाष सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की गई और कोर्ट के परिसर में अलग.अलग पौधे रोपित किए। इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रूचि श्रीवास्तवए न्यायिक मजिस्ट्रेट आदित्य जयसवालए अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अभय राजवंशीए वन स्टाफ के अधिकारियों तथा कर्मचारियों भी मौजूद रहे। इस कैम्प में विभिन्न प्रजातियां के फलदार और छायादार रोपित किए गए जिससे कोर्ट में हरियाली से रौनक बिखरेगी।

### हाथापाई कर सोने की चेन छीनने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी सौरभ दीक्षित ने दो लोगों के खिलाफहाथापाई कर सोने की चेन छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी सौरभ दीक्षित ने कोतवाली और एसपी को दी तहरीर में कहा है कि दो सितंबर की रात 10 बजे वह विकास चौराहे पर खड़े होकर फोन पर बात कर रहा था। तभी कार से दो युवक आए और हाथापाई कर गले से सोने की चेन छीन ली। तभी मौके पर सभासद सौरभ तिवारी भी आ गए जिन्हें देखकर विपक्षी जान से मार देने की धमकी देते हुए अपनी कार में सवार होकर भाग गए। पीड़ित का आरोप है कि कोतवाली में तहरीर देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तब उसने कार्रवाई की मांग करते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी में से एक पर हत्या और लूट के कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है। मामला मारपीट का है। जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### शांति, प्रेम और सदभाव का संडीला रहा है उदाहरण: कुंवर वीरेन्द्र



शांति कमेटी की बैठक में बोलते हुए कुंवर वीरेन्द्र सिंह

**संडीला (हरदोई)।** श्री महावीर जी झण्डा मेला एवं क्षेत्र में बच्चा चोरी की अफवाह के कारण फैल रहे डर के वातावरण को लेकर शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे। कोतवाली संडीला में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में बोलते हुए ब्लाक प्रमुख संघ के संरक्षक एवं प्रमुख समाज सेवी कुंवर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि संडीला सदैव से शांति, प्रेम और सद्भाव की जीवंत मिसाल रहा है। नगर के प्रबुद्ध निवासियों ने अत्यंत विशम परिस्थितियों में भी सांप्रदायिक एकता एवं भाईचारे को बरकरार रखा है। उन्होंनें कहा कि यह परंपरा आगे भी अक्षुण बनी रहेगी। यह उनका विश्वास है। समाजसेवी अब्दुल वली ने भी संडीला की गंगाजमुनी तहजीब के बारे में विस्तार से बताया। शांति कमेटी की बैठक में श्री महावीर जी झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने कहा कि झण्डा मेला के दौरान सफाई, पेयजल आपूर्ति के अलावा अबाध्य विद्युत आपूर्ति को बनाए रखा जाए तथा मेले के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए और आसामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। इसी अवसर पर प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने कहा कि हर कीमत पर शांति व्यवस्था को बनाए रखा जाएगा और इससे खिलवाड़ करने की किसी को भी इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंनें कहा कि क्षेत्र में कुछ समय से बच्चा चोरी की अफवाह शरारती तत्वों द्वारा फैलाई जा रही है। सभी ग्राम प्रधान तथा विभिन्न ग्रामों के चौकीदार तथा प्रबुद्ध नागरिक इस पर नजर रखें और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो उसके साथ मारपीट न करके उसे पुलिस को सौंपें। पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह ने कहा कि झण्डा मेला को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तौर पर मुशतैद है। इस अवसर पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कराई जाएगी और इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात किए जा रहे हैं। एसडीएम डीपी सिंह ने अपने संबोधन में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के समक्ष यह आश्वासन दिया कि झण्डा मेला को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी जिम्मेदारी के साथ और पूरी शक्ति से अपना कार्य करेगा। इसी अवसर पर सभासद अकील अंसारी ने एक ज्ञापन देकर मोहल्ला मलकाना के वार्ड सं0 22 में सड़क के बीचो बीच बिजले के खंबे को हटाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया क्योंकि इसके कारण अनेकों दुर्घटनाएं होती हैं। अधिकारियों ने इसपर कार्यवाही करने के लिए आश्वासन दिया।

# सुदूरवर्ती थारू क्षेत्र पहुंचा मंत्री समूह

- जानीं विकास कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शुक्रवार को** सूबे के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने मंत्री समूह सदस्य चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह संग अपने भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन तहसील व ब्लॉक पलिया के सुदूरवर्ती क्षेत्र चंदन चौकी पहुंचेए जहां मंत्री समूह ने एटीएस विद्यालय व एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षणए ओडीओपी प्रदर्शनीए धुसकिया में चौपाल व सबसेंटर परसिया, मलिन बस्ती (सुभाष नगर) का निरीक्षण करके जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान विधायक अरविंद गिरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह मौजूद रहे।

मंत्री समूह ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय चंदन चौकी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मंत्री समूह के पहुंचने पर विद्यालय की बालिकाओं ने पुष्पगुच्छ एवं तिलक कर स्वागत किया। मंत्री समूह ने विद्यालय में बनाए गए आगंतुक /अतिथि कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रधानाचार्य विद्यावती भारती से नामांकित बच्चों की संख्याए शिक्षकों की उपलब्धता जानी। प्रधानाचार्य ने बताया कि 335 बालिकाएं नामांकित व 16 शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। मंत्री समूह ने कंप्यूटर कक्ष में लगे 22 कंप्यूटर की क्रियाशीलता देख बच्चों का कंप्यूटर ज्ञान भी परखा। निरीक्षण में कक्षा 12 में अंग्रेजी व कक्षा 12 में हिंदी की कक्षाएं चलती मिली। बच्चों से बातचीत के दौरान बिजली आनेए जनरेटर चलने के संबंध में जानकारी ली। निर्देश दिए कि सोलर का क्षमता वर्धन किया जाए। विद्यालय की लोलैंड में जलभराव पर जल निकासी की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री समूह को विद्यालय परिवार ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद के नेतृत्व में मंत्री समूह एकीकृत जनजाति विकास परियोजना कार्यालय पहुंचाए जहां कई ख्यातिलब्ध पुरस्कारों से नवाजी जाने वाली थारू महिला उद्यमी आरती राना ने साथी महिलाओं के साथ मंत्री समूह को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मंत्री समूह ने महिलाओं से उनका कामकाजए उत्पादों की मार्केटिंग की जानकारी की। इसके बाद परियोजना परिसर में लगी एक जनपद एक उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्री समूह ने जलकुंभी से बने बैगए योगा मैटए पूजा आसनए बनाना फाइबरए जुट पर्सए सिंगारदानीए फाइबर पॉट सहित अन्य थारू उत्पादों कि न केवल प्रशंसा की बल्कि उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री समूह ने उनके उत्पादों को पैसा देकर स्वयं खरीदा।

इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं से मंत्री समूह ने संवाद कियाए सरकार से चाही जाने वाली सुविधाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने महिलाओं से कोविड टीकाकरणए बूस्टर डोज लगवाने के संबंध में जानकारी की। इस दौरान अनीताए ढकिया निवासी अर्चना देवीए निराशू, भद्दो देवी से उनकी समस्याएं जानीए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

### छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**बांकेगंज खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र की चौकी कुकरा के अंतर्गत आने वाले एक गांव की निवासी एक महिला ने मैलानी पुलिस को प्राथना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। तहरीर में पीड़िता की मां ने लिखा है कि दिनांक 28ध्08ध्22को जब वह अपने घर से चारा लेने गयी थी। मेरी नाबालिग लड़की जिसकी उम्र 17 वर्ष हैए घर में अकेली थी। जिसमे समय करीब 4 बजे दिन मे अहयूब पुत्र आशिक अली जोकि उसी के गाव का रहने वाला है उसने मेरे घर के पीछे मेरी पुत्री से आकर पूछा कि तुम्हारा भाई कहां है तो मेरी पुत्री ने बताया कि उसका भाई दवा लेने गया है। तभी उसने मेरी पुत्री को अकेला पाकर मेरी पुत्री का मुंह दबाकर अंदर बेड पर उठा ले गया तथा छेड़छाड़ करने लगा। जब लड़की चिल्लाने लगी तो आरोपी ने कहा कि यदि शोर करोगी या इस सम्बन्ध मे किसी को बताओगी तो तुम्हें जान से मार दूंगा। आरोपी बेड पर पचास रूपए का नोट डालकर चला गया। पीड़िता की मां ने मैलानी थाना पहुंच कर आरोपी के खिलाफथाने में तहरीर दी।

## पेज एक का शेष

### नौसेना को...

भारत का अद्वितीय प्रतिबिंब है विक्रांत। प्रधानमंत्री ने भारतीय नौसेना के नए निशान (ध्वज) का अनावरण करते हुए कहा कि भारत ने औपनिवेशिक अतीत को त्याग दिया है। महिला शक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, विक्रांत जब हमारे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा के लिए उतरेगा, तो उस पर नौसेना की अनेक महिला सैनिक भी तैनात रहेंगी। समंदर की अथाह शक्ति के साथ असीम महिला शक्ति, ये नए भारत की बुलंद पहचान बन रही है। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, बूंद-बूंद जल से जैसे विराट समंदर बन जाता है। वैसे ही भारत का एक-एक नागरिक वोकल फॉर लोकल के मंत्र को जीना प्रारंभ कर देगा, तो देश को आत्मनिर्भर बनने में अधिक समय नहीं लगेगा। नौसेना का बजट बढ़ाने पर मोदी ने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और हिंद महासागर में सुरक्षा चिंताओं को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया है, लेकिन आज ये क्षेत्र हमारे लिए देश की बड़ी रक्षा प्राथमिकता है। इसलिए हम नौसेना के लिए बजट बढ़ाने से लेकर उसकी क्षमता बढ़ाने तक हर दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह आईएनएस विक्रांत को मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, छत्रपति वीर शिवाजी महाराज ने इस समुद्री सामर्थ्य के दम पर ऐसी नौसेना का निर्माण किया, जो दुश्मनों की नींद उड़ाकर रखती थी। जब अंग्रेज भारत आए, तो वे भारतीय जहाजों और उनके जरिए होने वाले व्यापार की ताकत से घबराए रहते थे। इसलिए उन्होंने भारत के समुद्री सामर्थ्य की कमर तोड़ने का फैसला लिया। इतिहास गवाह है कि कैसे उस समय ब्रिटिश संसद में कानून बनाकर भारतीय जहाजों और व्यापारियों पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए गए थे। उन्होंने कहा कि आज दो सितंबर, 2022 की ऐतिहासिक तारीख को, इतिहास बदलने वाला एक और काम हुआ है। आज भारत ने, गुलामी के एक निशान, गुलामी के एक बोझ को अपने सीने से उतार दिया है। आज से भारतीय नौसेना को एक नया ध्वज मिला है।

### मोदी ने...

और विलवणीकरण संयंत्र से संबंधित है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विलवणीकरण संयंत्र से ताजे पानी पर निर्भरता को कम करने में मदद मिलेगी वहीं पूरे वर्ष हाइड्रोकार्बन और पेट्रोकेमिकल्स की नियमित आपूर्ति भी सुनिश्चित हो सकेगी। बयान में कहा गया है कि प्रति दिन तीन करोड़ लीटर की क्षमता वाला यह संयंत्र समुद्र के पानी को तेलशोधकों के लिए आवश्यक पानी में परिवर्तित करेगा। इस मौके पर केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि एनएमपीए समुद्री भारत विजन 2030 के तहत बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और मशीनीकरण की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएमपीए 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा संचालित बंदरगाह है और इसे शून्य उत्सर्जन को लेकर कई पुरस्कार मिले हैं। सोनोवाल ने कहा कि कर्नाटक 15,000 करोड़ रुपए की 55 परियोजनाओं के साथ सागरमाला की सफलता में एक प्रमुख हितधारक है।

### पांच देशों...

जहां से फाइटर जेट उड़ान भरते और उतरते हैं, वह लगभग 12,500 वर्ग किलोमीटर है। इसका मतलब है कि डेक लगभग दो हॉकी मैदान के बराबर चौड़ा और लंबा या दस ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर हैं। इस पोत को चलाने के लिए 1,600 कर्मियों का दल है, जबकि इसकी रसोई में हर दिन लगभग 16,000 चपाती और 5,000 इडली तैयार की जा सकती हैं। महिला अधिकारियों के अलग रहने के लिए क्वार्टर बनाए गए हैं। विमान वाहक पोत में लगभग 2,200 डिब्बे हैं और जहाज में मार्ग और लॉबी का कुल विस्तार लगभग 11 किलोमीटर है। लिविंग केबिन फ्लाइट डेक के नीचे स्थित हैं और कॉरिडोर दस मंजिल से नीचे हैं। यह जहाज कुल 30 एयरक्राफ्ट, लड़ाकू जेट और हेलीकॉप्टर ले जा सकता है। वाहक 262.5 मीटर लंबा और 62.5 मीटर चौड़ा है और इसकी गति अधिकतम 28 समुद्री मील (लगभग 52 किमी प्रति घंटे) और क्रूज गति 18 समुद्री मील (लगभग 32 किमी प्रति घंटे) है। इसमें स्वदेश निर्मित उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) और हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) (नौसेना) के अलावा मिग-29के लड़ाकू विमान, कामोव-31, एमएच-60आर बहु-भूमिका हेलीकॉप्टर शामिल हैं। आईएनएस विक्रांत विमान को लॉन्च करने के लिए स्की-जंप और जहाज पर ही उनकी रिकवरी के लिए तीन अरेस्टिंग वायर्स से लैस है। जहाज 32 मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) एके-630 पूरी तरह से स्वचालित नौसैनिक रोटरी तोप क्लोज-इन हथियार प्रणाली और रिमोट-नियंत्रित बंदूकें (एसआरसीजी) से लैस है। टॉरपीडो डेकोय सिस्टम के साथ वाहक में कवच चैफ (एंटी-मिसाइल) डिकॉय सिस्टम भी है। अन्य सुविधाओं में इस जहाज पर 16 बेड के वार्ड के साथ एक पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल भी है, जिसमें प्रमुख मॉड्यूलर ओटी, आपातकालीन मॉड्यूलर ओटी, फिजियोथेरेपी क्लिनिक, आईसीयू, प्रयोगशालाएं, सीटी स्कैनर, सहित नवीनतम चिकित्सा उपकरण के साथ एक्स-रे मशीन, डेंटल कॉम्प्लेक्स, आइसोलेशन वार्ड और टेलीमेडिसिन सुविधाएं सुविधाएं हैं। आईएनएस विक्रांत को 76 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बनाया गया है, जिसमें विशेष प्रकार का स्टील लगा है, जिसे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### तीस्ता को...

अचरज जाहिर किया था कि आखिरकार उच्च न्यायालय ने सीतलवाड़ की जमानत अर्जी पर राज्य सरकार को नोटिस जारी करने के छह सप्ताह बाद 19 सितंबर को याचिका सूचीबद्ध क्यों की थी। जकिया जाफरी मामले में शीर्ष अदालत के 24 अगस्त के फैसले के बाद सीतलवाड़ के खिलाफ दर्ज मामले का उल्लेख करते हुए पीठने कहा, आज यह मामला जहां पहुंचा है, वह केवल (उच्चतम) न्यायालय में जो कुछ घटित (फैसला) हुआ, उसकी वजह से है। सीतलवाड़ को फैसला सुनाए जाने के एक दिन बाद 25 जून को गिरफ्तार किया गया था। गुजरात उच्च न्यायालय ने सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर तीन अगस्त को राज्य सरकार को नोटिस जारी करके मामले की सुनवाई के लिए 19 सितम्बर की तारीख मुकर्र की थी। गौरतलब है कि 27 फरवरी 2002 को गोधरा के निकट साबरमती एक्सप्रेस का एक कोच जलाए जाने की घटना में अयोध्या से लौट रहे 59 कारसेवक मारे गए थे, जिसके बाद गुजरात में दंगे फैल गए थे। अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने 30 जुलाई को इस मामले में सीतलवाड़ और गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उनकी रिहाई से गलत काम करने वालों को संदेश जाएगा कि एक व्यक्ति आरोप भी लगा सकता है और उसका दोष माफ भी किया जा सकता है। सीतलवाड़ और श्रीकुमार पर गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए सबूत गढ़ने का आरोप लगाया गया है।

### लुफ्थांसा के...

150 लोक एकत्र थे। इस वजह से वहां यातायात भी प्रभावित हो गया था। लोग एयरलाइंस से अपने पैसे वापस करने या टर्मिनल भवन के अंदर मौजूद अपने रिश्तेदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग कर रहे थे। डीसीपी ने कहा कि लुफ्थांसा की दो उड़ानें, जिनमें से एक फ्रैंकफर्ट के लिए 300 यात्रियों के साथ 2.50 बजे प्रस्थान करने वाली थी और दूसरी 400 यात्रियों के साथ म्यूनिख के लिए 1.10 बजे जाने वाली थी, को अचानक रद्द कर दिया गया था, क्योंकि वेतन मुद्दे पर लुफ्थांसा एयरलाइंस के सभी पायलटों की एकदिनी हड़ताल कर दी थी। लुफ्थांसा ने गुरुवार को कहा था कि पायलटों की यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट (वीसी) ने हड़ताल कर दी है, जिससे शुक्रवार को उड़ानों पर बुरा असर पड़ेगा। विमानन कंपनी ने कहा कि लुफ्थांसा को शुक्रवार के लिए फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख की 800 उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। एक सितंबर के लिए भी एकल उड़ानों को रद्द किया गया है। कंपनी ने कहा कि आगामी सप्ताहांत और यूरोप के कुछ हिस्सों में छुट्टियां समाप्त होने के मद्देनजर लगभग 1,30,000 यात्री प्रभावित होंगे। लुफ्थांसा शीघ्रातिशीघ्र उड़ानें सामान्य करने का प्रयास कर रही है। इसके बावजूद, हड़ताल की वजह से इस शनिवार और रविवार को भी उड़ानें रद्द हो सकती हैं।

### अफगानिस्तान में...

ने तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। पिछले महीने, राजधानी काबुल में एक मस्जिद में हुए बम विस्फोट में एक तालिबान समर्थक मौलवी को निशाना बनाया गया और उसकी हत्या कर दी गई। इस्लामिक स्टेट समूह द्वारा हमले की जिम्मेदारी ली गई थी। हेरात की गुजरगाह मस्जिद में अंसारी लंबे समय से मौलवी थे और यहां मुख्य रूप से सुन्नी मुसलमान नमाज अदा करने आते हैं। अफगानिस्तान में सुन्नी मुसलमान प्रभावी हैं और तालिबान शासन में भी इनका वर्चस्व है।

# आईएएस कॉडर नियमों में बदलावों पर अभी कोई फैसला नहीं लिया है : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) नियमों में प्रस्तावित बदलावों पर विभिन्न पक्षकारों से मिली सूचनाओं पर गौर कर रही है और अभी इस पर फैसला नहीं लिया गया है। इनमें नौकरशाहों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से संबंधित मामलों पर राज्य के अधिकारों को कम करने का प्रस्ताव है। मौजूदा नियमों में आईएएस अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केंद्र तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा परस्पर विचार विमर्श की अनुमति मिली हुई है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने इस संबंध में राज्यों से मिले पत्रों की प्रतियां साझा करने से इनकार कर दिया। उसने विश्वासपूर्ण संबंधों के कारण ऐसी सूचना के खुलासे से छूट देने वाले पारदर्शिता कानून के एक प्रावधान का हवाला देते हुए राज्य के जवाबों पर उठाए गए कदमों की जानकारियां भी साझा करने से इनकार कर दिया।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने पिछले साल दिसंबर में भारतीय प्रशासनिक सेवा (काडर) नियमों, 1954 में बदलावों का प्रस्ताव दिया था, जिससे राज्यों से अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की मांग करने वाले केंद्र के अनुरोध को ठुकराने की शक्तियां छीन ली जाएंगी। उसने राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से इस पर टिप्पणियां मांगी थीं। विभाग ने आरटीआई अर्जी पर अपने जवाब में कहा, विभिन्न राज्य काडरसंयुक्त काडर तथा अन्य पक्षकारों से प्रस्ताव पर मिली टिप्पणियांसूचनाएं अभी विचाराधीन हैं और भारत सरकार ने अभी इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। उसने 29 अगस्त को दिए जवाब में कहा, इसके मद्देनजर, जो सूचना मांगी गई है वह विश्वासपूर्ण संबंध पर आधारित है और सूचना का अधिकार कानून, 2005 की धारा 8(1) की शर्तों के तहत इसके खुलासे से छूट मिली हुई है।

विभाग के अधिकारियों ने कहा कि केंद्र में संयुक्त सचिव स्तर तक आईएएस अधिकारियों के घटते प्रतिनिधित्व की प्रवृत्ति देखी गई है क्योंकि ज्यादातर राज्य केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व (सीडीआर) के दायित्वों को पूरा नहीं कर रहे हैं तथा केंद्र में उनके द्वारा प्रायोजित अधिकारियों की संख्या बहुत कम है। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारियों को एक काडर आवंटित किया जाता है जो कोई राज्य या राज्यों का एक समूह या केंद्र शासित प्रदेश होता है। प्रत्एक काडर को सीडीआर की अनुमति दी जाती है ताकि अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर काम करने का अवसर मिले, जिससे उनका अनुभव बढ़ता है।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने फरवरी में संसद को बताया था कि राज्य केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों को नहीं भेज रहे हैं और इसके कारण सेवा नियमों में बदलाव करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम नौ राज्यों ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड और राजस्थान ने प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि ऐसी जानकारी है कि अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश ने अपनी सहमति दे दी है।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का जल्द होगा विस्तारः भाजपा नेता मुनगंटीवार

**चंद्रपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार ने शुक्रवार को कहा कि कैबिनेट में मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द किए जाने की उम्मीद है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में 30 जून को शपथ ग्रहण करने वाले एकनाथ शिंदे ने पहली बार नौ अगस्त को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। उस समय उन्होंने 18 नए मंत्रियों को अपनी मंत्री परिषद में शामिल किया था। शिवसेना के बागी गुट और भारतीय जनता पार्टी के नौ-नौ सदस्यों को इसमें जगह दी गई, जिसके बाद महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या दो से बढ़कर 20 हो गई। मुनगंटीवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने हाल में सरकार बनाई और मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री समेत 20 मंत्रियों को शामिल किया। नियमानुसार, महाराष्ट्र में 43 मंत्री हो सकते हैं।



पुंछ में इण्डियन आर्मी के लिए अग्निपथ स्कीम के लिए तैयारी करते हुए युवा।

## केंद्र ने कर्नाटक हाईकोर्ट से कहा, ट्विटर ने देश के कानूनों का उल्लंघन किया

**बेंगलुरु।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्तियों के संबंध में दायर 101 पन्नों के बयान में ट्विटर को देश के कानूनों का उल्लंघन करने वाला सोशल मीडिया मंच बताया है। मामले पर आठ सितंबर को सुनवाई की जाएगी। एमईआईटीवाई ने बृहस्पतिवार को अदालत के समक्ष अपना बयान दाखिल किया।

मंत्रालय ने कहा, याचिकाकर्ता ने जानबूझकर कानूनों का अनुपालन नहीं किया और उनकी अवज्ञा की। प्रतिवादी नंबर-2 के जवाब और 27 जून 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद ही याचिकाकर्ता ने अचानक उन दिशा-निर्देशों पर अमल किया, जिनका पालन वह पहले नहीं कर रहा था। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा रोक के संबंध में जारी किए गए 10 अलग-अलग आदेशों के खिलाफ ट्विटर इंक ने उच्च न्यायालय का रुख किया है।

ये आदेश दो फरवरी 2021 से 28 फरवरी 2022 के बीच के हैं। इनमें अकाउंट, ट्वीट, यूआरएल और हैशटैग को ब्लॉक करने से जुड़े आदेश शामिल हैं। केंद्र ने कहा कि ट्विटर की देश की सुरक्षा में कोई भूमिका नहीं है और सुरक्षा से जुड़े सभी फैसले सरकार ही कर सकती है। सरकार ने कहा, जब सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ा कोई मुद्दा उठता है तो सरकार कार्वाई करने के लिए जिम्मेदार होती है, न कि कोई मंच। इसलिए, कौन-सी सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों के लिए सही है या नहीं, इसे तय करने की अनुमति मंच को नहीं दी जा सकती। सरकार ने कहा कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले 84 करोड़ से अधिक भारतीयों को भारत विरोधी प्रचार, फर्जी खबरों और नफरत भरे भाषणों से बचाना उसकी जिम्मेदारी है।

## पेंशन घोटालाः मप्र सरकार ने नही दी मुकदमा चलाने की मंजूरी, विजयवर्गीय के खिलाफ कार्यवाही खत्म

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर की विशेष अदालत ने वर्ष 2005 के कथित पेंशन घोटाले में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और तत्कालीन महापौर कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ दायर शिकायत पर कार्यवाही खत्म कर दी है क्योंकि 17 साल का लंबा अरसा बीतने के बावजूद राज्य सरकार ने उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी। प्रदेश कांग्रेस इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने 33 करोड़ रुपए के इस कथित घोटाले को लेकर यह शिकायत दायर की थी।

विशेष न्यायाधीश मुकेश नाथ ने राज्य सरकार द्वारा विजयवर्गीय और अन्य तत्कालीन लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के अभाव का हवाला देते हुए शिकायत की कार्यवाही खत्म करने का आदेश 29 अगस्त (सोमवार) को जारी किया। आदेश में कहा गया कि अभियोजन स्वीकृति की प्रत्याशा में शिकायत पर आगामी कार्यवाही नहीं की जा सकती है और मामले को अनंतकाल तक लंबित भी नहीं रखा जा सकता। विशेष अदालत ने हालांकि अपने आदेश में जोड़ा कि अगर शिकायतकर्ता को प्रदेश सरकार की अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होती है, तो वह इस मामले में अदालती कार्यवाही बहाल कराने के लिए स्वतंत्र है।

गौरतलब है कि विजयवर्गीय 2000 से 2005 के बीच इंदौर के महापौर रहे थे और तब से लेकर अब तक नगर निगम में भाजपा की सत्ता चल रही है। मिश्रा ने शुक्रवार को कहा, प्रदेश सरकार द्वारा इंदौर नगर निगम के पेंशन घोटाले में 17 साल तक अभियोजन स्वीकृति नहीं दिया जाना साफ दिखाता है कि वह भ्रष्टाचारियों को बचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विजयवर्गीय के इंदौर के महापौर रहते नगर निगम ने निराश्रितों, विधवाओं और दिव्यांगों को शहर की सहकारी साख संस्थाओं के जरिए सरकारी पेंशन बांटी, जबकि कायदों में मुताबिक इस पेंशन का भुगतान राष्ट्रीयकृत बैंकों या डाकघरों के जरिए किया जाना था।

मिश्रा का आरोप है कि नगर निगम द्वारा अपात्रों, काल्पनिक नाम वाले लोगों और मृतकों तक को पेंशन का बेजा लाभ दिए जाने से सरकारी खजाने को 33 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। मिश्रा के वकील विभोर खंडेलवाल ने बताया कि कथित पेंशन घोटाले में प्रदेश सरकार द्वारा अभियोजन स्वीकृति नहीं दिए जाने को लेकर उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में उनके मुवक्किल की याचिका पहले से विचाराधीन है। उन्होंने बताया, "हमने इस याचिका में उच्च न्यायालय से गुजारिश की है कि प्रदेश सरकार को पेंशन घोटाले में अभियोजन स्वीकृति के हमारे आवेदन पर जल्द कोई भी निर्णय लेने के लिए निर्देशित किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर में साल में 15.62 फीसदी बढ़े महिलाओं के खिलाफ अपराध

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में पिछले साल के मुकाबले 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.62 फीसदी की वृद्धि हुई है, वहीं इस दौरान 7,000 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में आरोपियों को दोषी करार दिए जाने की दर बहुत कम रही और महज 95 दोषियों को सजा सुनाई गई। इस दौरान 6,275 मामलों की जांच की गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में जिन मामलों की जांच की गई उनमें 2,329 मामले 2020 से लंबित थे और नौ मामलों की दोबारा जांच शुरू की गई।

2019 से 2021 के बीच महिलाओं के खिलाफ अपराध में वृद्धि हुई है। उनके खिलाफ अपराध के सबसे ज्यादा 3,937 मामले 2021 में आए जबकि 2020 में 3,405 और 2019 में 3,069 मामले आए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2011 की जनगणना के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में 64 लाख महिलाएं हैं और प्रति लाख महिला आबादी के अनुपात में उनके खिलाफ अपराध की दर 61.6 है।

2021 में बलात्कार के 315, बलात्कार के प्रयास के 1,414 और दहेज हत्या के 14 मामले दर्ज किए गए। बलात्कार के मामलों में 91.4 प्रतिशत आरोपी पीड़ित के पहचान वाले थे। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के साथ छेड़खानी के 1,851 मामले भी दर्ज किए गए। छेड़खानी के 14 मामले महिलाओं और बच्चों के आश्रय गृहों से थे, वहीं हिरासत में बलात्कार के पांच मामले दर्ज किए गए।

## मद्रास उच्च न्यायालय ने पलानीस्वामी को अन्नाद्रमुक का शीर्ष नेता बताया

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अन्नाद्रमुक के नेतृत्व विवाद पर शुक्रवार को पार्टी के नेता के. पलानीस्वामी की अपील मंजूर कर ली और ओ. पनीरसेल्वम के पक्ष में दिया फैसला रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम दुरईस्वामी तथा न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने एकल पीठ के एक आदेश को रद्द कर दिया। एकल पीठ ने अन्नाद्रमुक की महा परिषद की 11 जुलाई की बैठक को रद्द कर दिया था। उस बैठक में विपक्ष के नेता के. पलानीस्वामी को पार्टी का अंतरिम महासचिव चुना गया था। बैठक में पार्टी के इस शीर्ष पद से पनीरसेल्वम को हटा दिया गया था। मद्रास उच्च न्यायालय के ताजा आदेश के साथ ही पलानीस्वामी अन्नाद्रमुक के इकलौते, सर्वोच्च नेता बने रहेंगे। खंडपीठ ने न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन के 17 अगस्त के आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें 23 जून तक की यथास्थिति को बनाए रखने को कहा गया था। 23 जून को पनीरसेल्वम पार्टी के संयोजक और पलानीस्वामी संयुक्त संयोजक थे।



गुरूग्राम में तेलगू वेलफेयर एसोसिएशन श्री गणेश पूजा महोत्सव में भगवान गणेश उत्सव मनाते हुए।

## कांग्रेस अध्यक्ष चुनावः थरूर ने मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री को पत्र लिखकर उनसे अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष पद के आगामी चुनाव के लिए मतदाता सूची प्रकाशित करने की मांग की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। असम के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने भी मिस्त्री को पत्र लिखकर मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने ऐसे समय में पत्र लिखे हैं जब मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग दिन-प्रतिदिन जोर पकड़ रही है और पार्टी के भीतर इस पर बहस तेज हो गई है।

अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे थरूर ने मिस्त्री को पत्र लिखा और मतदाता सूची प्रकाशित करने की मांग की। चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया में 10 प्रस्तावक शामिल हैं जो प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रतिनिधि होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा है कि इन प्रतिनिधियों के बारे में जानना महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर उनका नाम अंतिम सूची में नहीं आता तो नामांकन पत्र खारिज हो सकता है। मनीष तिवारी, कार्ति चिदंबरम और थरूर ने बुधवार को भी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग की थी। कांग्रेस के जी 23 समूह में शामिल रहे तिवारी के साथ ही थरूर ने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से जुड़े निर्वाचक मंडल की सूची सार्वजनिक नहीं किए जाने पर वस्तुतः सवाल खड़े करते हुए कहा कि चुनाव से संबंधित पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए।

पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का इरादा जता चुके थरूर ने तिवारी से सहमति जताई और कहा कि हर किसी को यह जानने का हक है कि कौन नामित कर सकता है तथा कौन मतदान कर सकता है। थरूर ने तिरुवंतपुरम में एक कार्यक्रम में कहा, निश्चित तौर पर मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि मतदाता सूची पर हर किसी को पारदर्शिता होनी चाहिए। अगर मनीष ने इसकी मांग की है तो मुझे यकीन है हर कोई इससे सहमत होगा। हर किसी को यह जानना चाहिए कि कौन नामित कर सकता है और कौन वोट कर सकता है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। मिस्त्री ने कहा है कि पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव से जुड़ी पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और कांग्रेस के संविधान के मुताबिक है। पार्टी के संविधान के अनुसार निर्वाचक मंडल (डेलीगेट) की सूची को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, उम्मीदवारों को यह उपलब्ध कराई जा सकती है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने मतदाता सूची सार्वजनिक करने की मांग कर रहे नेताओं को जवाब दिया कि उन्हें भ्रम नहीं फैलाना चाहिए और मुक्त व्यवस्था पर गर्व होना चाहिए। कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की जाएगी और नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 से 30 सितंबर तक होगी।

## क्विक न्यूज

### तृणमूल ने केंद्रीय एजेंसी के राजनीतिकरण को लेकर भाजपा पर निधाना साधा

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी से कोयला चोरी घोटाले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पूछताछ किए जाने के बीच उनकी पार्टी ने केंद्रीय एजेंसी का कथित राजनीतिकरण करने और उन्हें कठपुतलियां बनाने को लेकर भाजपा की आलोचना की। भाजपा ने इन आरोपों को निराधार बताकर खारिज कर दिया। नाराज तृणमूल कांग्रेस ने विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसी को भाजपा की कठपुतलियां करार दिया और कहा कि यह शर्म की बात है कि केंद्र मे भाजपा की सरकार ने देश की पवित्र संस्थाओ पर कब्जा कर लिया है। उसने कहा कि ए एजेंसी बदले की राजनीति के भाजपा के एजेंडे के तहत सक्रिय रूप से काम कर रही है। अभिषेक बनर्जी कोयला चोरी घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए ईडी के अधिकारियो के समक्ष पेश हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से सॉल्ट लेक मे सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ की गई। तृणमूल ने ट्वीट किया, केंद्रीय एजेंसी भाजपा की कठपुतली बनकर रह गई है। भाजपा को जब भी खतरा महसूस होता है, वह इन तोतों को उन लोगों के पीछे छोड़ देती है, जिन्होंने अपनी वफादारी का सौदा नही किया है। तृणमूल ने ट्विटर पर भाजपा नेताओं के उस समय के कुछ वीडियो साझा किए, जब भाजपा केंद्र में विपक्ष में थी। इन वीडियो मे भाजपा तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर हमला करती और केंद्रीय एजेंसी के राजनीतिकरण की निंदा करती नजर आ रही है। तृणमूल ने कहा, भाजपा, उन्ही पापों की अब स्वयं दोषी है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने दावा किया कि भाजपा ने स्वीकार कर लिया है कि वह अभिषेक बनर्जी को बड़ा खतरा मानती है और वह उन्हे निशाना बना रही है।

### नंदघर ने कुपोषण से मुक्त कराने की शपथ ली

**नोएडा।** भारत के अग्रणी विविध प्राकृतिक संसाधन सदन वेदांता लिमिटेड की सामाजिक कार्या शाखा अनिल अग्रवाल फाउन्डेशन सभी वेदांता नंदघरों में महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण की 75 रेसिपियों के साथ पोषण माह 2022 का जश्न मना रहा है। प्रोजेक्ट नंदघर फाउन्डेशन की प्रमुख पहल है, जो इन 75 सेहतमंद रेसिपियों के साथ समाज में पोषण की स्थिति को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में हर प्रकार के कुपोषण स्टंटिंग, वेस्टिंग यानि ठीक से विकास न होना को दूर करना और गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण संबंधी सभी ज़रूरतों को पूरा करना नंदघर का मुख्य उद्देश्य है। सभी को सही पोषण उपलब्ध कराकर अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने की नंदघर की प्रतिबद्धता के तहत इस अभियान 75 रेसिपी की शुरूआत की गई है। भारत के स्थानीय भोजन में उपलब्ध पोषक तत्वों की व्यापक रेंज के बारे में जागरुकता बढ़ाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है ताकि इन पोषक तत्वों के फायदे गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों तक पहुंचाए जा सकें। इस अनूठी पहल के बारे में बात करते हुए मिस प्रिया अग्रवाल हेब्बर डायरेक्टर वेदांता लिमिटेड ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मिशन के अनुरूप देश से कुपोषण को दूर करने के प्रयास मेंए हमने खासतौर पर ग्रामीण भारत की महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने के उद्देश्य से इस पहल की शुरूआत की है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध स्थानीय अवयवों को ध्यान में रखते हुए ये 75 पोषक रेसिपियां तैयार की गई हैं।

### केजरीवाल ने गुजरात में आप की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया

**द्वारका (गुजरात)।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में चुनाव से पहले एक और गारंटी की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी राज्य की सत्ता में आई तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से उपज खरीदने के लिए एक तंत्र भी बनाया जाएगा। देवभूमि द्वारका जिले के द्वारका शहर में किसानों को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भूमि का एक नया सर्वेक्षण करने का भी वादा किया क्योंकि किसान हाल मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा किए गए सर्वेक्षण से खुश नही हैं।केजरीवाल ने कहा, हालांकि हर साल एमएसपी की घोषणा की जाती है, लेकिन कृषि उपज उस कीमत पर नही बेची जाती है। यह मेरी गारंटी है कि यदि किसानों को कोई अन्य खरीदार नही मिलता है तो हमारी सरकार उपज एमएसपी पर खरीदेगी। हम पांच कृषि उपज जैसे गेहूं और धान के साथ शुरुआत करेंगे, और फिर इसमें और उपज जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में यदि आप की सरकार आई तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे पता चला कि गुजरात में किसानों को अपने खेतों की सिंचाई के लिए रात में बिजली मिलती है।

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आजाद पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को पार्टी के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह दिल्ली में "मोदी सरकार द्वारा आवंटित विशाल लॉन वाले बंगलै में बैठकर फर्जी खबरें फैला रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के भल्लेसा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक जनसभा के वीडियो का जिक्र करते हुए रमेश ने कहा, यह जमीनी वास्तविकता है, नई दिल्ली में मोदी सरकार द्वारा आवंटित विशाल लॉन वाले बंगले में बैठे लोगों द्वारा पेश की गई वास्तविकता से अलग है...। जम्मू कश्मीर कांग्रेस ने ट्विटर पर वीडियो साझा करते हुए लिखा: भल्लेसा अनुमंडल के सभी ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ता मासिक बैठक के लिए कांग्रेस कार्यालय गंदोह में एकत्र हुए, यह बैठक पिछले 50 साल से अधिक समय से हर महीने के पहले दिन आयोजित हो रही है। भल्लेसा गुलाम नबी आजाद का पैतृक गांव है। पिछले हफ्ते कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद आजाद ने रमेश सहित पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधा है।

## नीतीश ने मोदी पर साधा निशाना, स्वयं को पीएम पद की दौड़ से बाहर बताया

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भ्रष्ट लोगों को बचाने के लिए ध्रुवीकरण के तंज को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर शुक्रवार को निशाना साधा। साथ ही उन्होंने यह भी याद दिलाने का प्रयास किया कि वह अटल बिहारी वाजपेई सरकार के शासनकाल के दौरान केंद्र में थे। भाजपा के साथ पिछले महीने गठबंधन टूटने के बाद नीतीश के राष्ट्रीय राजनीति में आने की चर्चा तेज हो गई है, लेकिन उन्होंने एक बार फिर कहा कि वह प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नहीं हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के मुख्यालय पर पत्रकारों के केंद्र की राजनीति में भूमिका निभाने संबंधी सवालों के जवाब में नीतीश का जवाब था, छोड़िए ए सब बात। वहीं, पार्टी के मुख्यालय पर लगे बड़े-बड़े पोस्टरों में से कुछ पर लिखा है प्रदेश में दिखा, देश में दिखेगा। इन नारों से विभिन्न अर्थ निकाले जा सकते हैं। राज्य के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक से महज कुछ ही घंटे पहले पार्टी मुख्यालय पहुंचे नीतीश ने कहा कि वह शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक और उसके एक दिन बाद होने वाली राष्ट्रीय परिषद की तैयारियां देखने आए हैं।

पूरे देश से प्रतिनिधि आ रहे हैं। आज मैं बस तैयारियां देखने आया हूं। अगले दो दिनों तक मैं पूरा समय यही रहूंगा। इससे पहले नीतीश से कहीं ओर यह पूछा गया था कि क्या केरल में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई तीखी टिप्पणी 2024 लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर की गई है? माना जा रहा है अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला विभिन्न क्षेत्रीय दलों से होगा और उसके साथ शायद ही कोई क्षेत्रीय दल हो। इस पर मुस्कुराते हुए नीतीश ने कहा, वह प्रधानमंत्री हैं, तो कहीं भी जा सकते हैं। लेकिन क्या आपको केरल के राजनीतिक हालात का पता नहीं है। मुख्यमंत्री का संकेत वामपंथी शासन वाले केरल में बार-बार अपना पैर जमाने का प्रयास कर रही भाजपा की असफलता की ओर था। केरल में भाजपा कांग्रेस को दूसरे स्थान से भी नहीं हटा पाई है। वामपंथी दल और कांग्रेस दोनों ही बिहार में हाल में बनी महागठबंधन की सरकार में शामिल हैं।

## चोरी हुई संपत्ति और सामान की बरामदगी में उत्तराखंड पुलिस को पहला स्थान

**देहरादून।** राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा प्रकाशित ताजा रिपोर्ट में चोरी हुई संपत्ति और सामान की बरामदगी के मामले में उत्तराखंड पुलिस को देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि चोरी के मामलों में आधुनिक तकनीक के प्रयोग से राज्य पुलिस को यह सफलता प्राप्त हुई है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए उन्होंने कहा कि यह उनके स्मार्ट पुलिस के विजन के अंतर्गत की गई पुलिसिंग का नतीजा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस ने घटनाओं की गहनता से विवेचना करते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्वाई की तथा इसके साथ ही संपत्ति की बरामदगी के लिए विशेष प्रयास किए जिसके कारण राज्य पुलिस की बरामदगी दर देश में सबसे अधिक है। ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट में उत्तराखंड पुलिस द्वारा चोरी हुई संपत्ति की बरामदगी 68.7 प्रतिशत रही जो अन्य सभी मस्त राज्यों के राष्ट्रीय औसत 30.2 प्रतिशत के दुगने से भी अधिक है। संपत्ति और सामान की बरामदगी में उत्तराखंड पुलिस के बाद तमिलनाडु 64.8 प्रतिशत के साथ दूसरे एवं हिमाचल प्रदेश 55 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है।

## एम वी गोविंदन ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया, विस अध्यक्ष राजेश बनेंगे मंत्री

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में वाम सरकार में मामूली फेरबदल होगा और सत्तारूढ़ माकपा ने पार्टी के नवनियुक्त राज्य सचिव एम वी गोविंदन के मंत्रिमंडल से इस्तीफे की घोषणा की है। यहां हुई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिवालय की बैठक मे यह फैसला लिया गया जहां यह भी तय हुआ कि विधानसभा अध्यक्ष एम बी राजेश को मंत्री नियुक्त किया जाएगा। पार्टी की राज्य समिति के सदस्य और थलास्सेरी विधायक ए एन शमशीर विधानसभा अध्यक्ष का पद संभालेंगे।

## 12 राज्यों में होगा रीडएथॉन का आयोजन

**नई दिल्ली।** रूम टू रीड इंडिया ने अपने इंडिया गेट्स रीडिंग फ्लैगशिप रीडिंग कैंपेन के तहत रीड-ए थॉन कार्यक्रम के आयोजन और संचालन की शुरुआत की है। इस आयोजन का उद्देश्य सभी हितधारकों की बड़ी संख्या में भागीदारी के साथ देश भर के कोने-कोने तक पहुंचना है, जिनमें बच्चे, उनके माता पिता, समुदाय के लोग, सरकार, अनुदान देने वाले तथा यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट जैसे बहुपक्षीय सहयोगी और अन्य समर्थक शामिल हैं। यह रीडएथॉन कार्यक्रम विभिन्न भागीदारों को स्कूलों के परिसर, सामुदायिक भवन, सरकारी कार्यालय, अनुदानकर्ताओं के कार्यालय जैसे अलग-अलग स्थानों पर एक साथ आने तथा बच्चों के पढ़ने और सीखने में अपना सहयोग प्रदान करने हेतु संकल्प लेने का अवसर उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर सुश्री पूर्णिमा गर्ग डिप्टी कंट्री डायरेक्टर रूम टू रीड कहती हैं कि इस साल का रीडिंग कैंपेन पढ़ाई में बराबरी की थीम पर आधारित है।

# ट्रंप और उनके समर्थक लोकतंत्र के लिए खतराः बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** में मध्यावधि चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह और उनके समर्थक अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।

बाइडन ने अमेरिकियों से उन चरमपंथियों का सामना करने का आह्वान किया, जो सत्ता की चाह में राजनीतिक हिंसा की लपटों को हवा देते हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव नवंबर में होने हैं। बृहस्पतिवार को फिलाडेल्फिया में अपने संबोधन में बाइडन ने कहा, आज समानता और लोकतंत्र खतरे में है। अपने पूर्ववर्ती पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, हमारे देश में आज बहुत कुछ ऐसा हा रहा है, जो सामान्य नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप और उनके एमएजीए (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) अभियान से जुड़े रिपब्लिकन अतिवाद का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा वे हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, एमएजीए से जुड़ी ताकतें देश को पीछे ले जाने पर उतारू हैं। उनकी मंशा अमेरिका को उस जगह पर पहुंचाना है, जहां चुनाव का अधिकार, गोपनीयता का अधिकार, गर्भपात का अधिकार, जिससे पसंद करते हैं उससे शादी करने का अधिकार न मौजूद हो। वे राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा देते हैं। अमेरिकी लोकतंत्र के उद्‌गम स्थल इंडिपेंडेंस हॉल के सामने खड़े होकर बाइडन ने उनके सोल ऑफ द नेशन भाषण को सुनने पहुंचे सैकड़ों लोगों से कहा कि समानता और लोकतंत्र पर लगातार हमले हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, इतिहास गवाह है कि किसी एक नेता के प्रति अंध निष्ठा और राजनीतिक हिंसा में शामिल होने की इच्छा लोकतंत्र के लिए घातक है। बाइडन ने कहा कि हर रिपब्लिकन एमएजीए रिपब्लिकन नहीं होता और न ही वह उनकी कट्टर विचारधारा का समर्थन करता है। एमएजीए रिपब्लिकन पर संविधान का सम्मान न करने का आरोप लगाते हुए बाइडन ने उन्हें विद्रोही और चुनावी नतीजों को नकारने वाला बताया, जो गुस्से को गले लगाते हैं और अराजकता के बलबूते फलते-फूलते हैं। उन्होंने कहा कि एमएजीए रिपब्लिकन हमारे लोकतंत्र के लिए एक स्पष्ट खतरा हैं, जो सच्चाई के प्रकाश में नहीं, बल्कि झूठ के साए में रहते हैं। बाइडन ने कहा कि अमेरिकी अब भी ईमानदारी, शालीनता और दूसरों के प्रति सम्मान में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, देशभक्ति, स्वतंत्रता, सभी के लिए न्याय, आशा, संभावनाएं, हम सभी के मूल में अब भी एक लोकतंत्र है। बाइडन ने कहा, लंबे समय से हमने खुद से कहा है कि अमेरिका में लोकतंत्र की गारंटी है, लेकिन ऐसा नहीं है। हमें इसकी रक्षा करनी है, इसे बचाना है, इसके लिए खड़े होना है, हम में से प्रत्एक को। इसलिए आज रात मैं अपने देश से एकजुट होने का आह्वान कर रहा हूं। अपनी विचारधारा की परवाह किए बिना अमेरिकी लोकतंत्र की रक्षा के एकमात्र उद्देश्य से एकजुट हो जाएं। वहीं प्रतिनिधि सभा में नेता विपक्ष केविन मैक्कार्थी ने एमएजीए की विचारधारा की निंदा करने के लिए बाइडन से माफी की मांग की। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने अपने साथी अमेरिकियों को विभाजित करने और उन्हें नीचा दिखाने का विकल्प चुना है। क्यों ? सिर्फ इसलिए कि वे उनकी नीतियों से सहमत नहीं हैं। यह नेतृत्व नहीं है।

# शिनजियांग में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर अमेरिका ने चीन की खिंचाई की

## ● संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का अमेरिका ने किया स्वागत

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट** हाउस ने अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ मानवाधिकारों के लगातार उल्लंघन के लिए चीन की आलोचना की है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरेन ज्यां-पियरे ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र की चीन के शिनजियांग में मानवाधिकार पर रिपोर्ट का स्वागत किया, जो गत रात जारी की गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के शिनजियांग में उइगर समुदाय के लोगों तथा अन्य को जबरन नजरबंद रखना मानवता के खिलाफ अपराध के दायरे में आ सकता है। ज्यां-पियरे ने कहा, रिपोर्ट चीन में हो रहे नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों को लेकर हमारी चिंता को और बढ़ाती है। शिनजियांग में अत्याचारों पर हमारी स्थिति हमारी कथनी और कार्यों से स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि जो बाइडन प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं और राष्ट्रपति ने जी7 सहित सहयोगी देशों और भागीदारों को यह सुनिश्चित करने के लिए लामबंद किया है कि शिनजियांग सहित सभी जगह जबरन श्रम से मुक्त हों। ज्यां-पियरे ने कहा, हम चीन को जवाबदेह ठहराने के लिए भागीदारों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे और हम चीन से शिनजियांग, तिब्बत और पूरे चीन में इन अत्याचारों को तुरंत बंद करने, अन्यायपूर्ण तरीके से नजरबंद किए गए लोगों को रिहा करने, लापता लोगों का पता बताने और स्वतंत्र जांचकर्ताओं को बिना किसी बाधा के शिनजियांग तक पहुंचने देने का आह्वान करेंगे। एक बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार के लिए उच्चायुक्तकार्यालय की 31 अगस्त की रिपोर्ट शिनजियांग में होने वाले मानवाधिकारों के उल्लंघन और दुर्व्यवहारों के खतरनाक विवरणों की रूपरेखा तैयार करती है।

उन्होंने कहा, यह रिपोर्ट वहां जारी नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के बारे में हमारी गंभीर चिंता को और बढ़ाती है और पुष्टि करती है कि चीन सरकार के अधिकारी उइगरों के खिलाफ अपराध कर रहे हैं, जो मुख्य रूप से मुस्लिम हैं और शिनजियांग में अन्य जातीय एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समूहों के सदस्य हैं।

## कैपिटल दंगे के आरोपी पूर्व अधिकारी को 10 साल की सजा

**वाशिंगटन।** न्यूयार्क पुलिस विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को, अमेरिकी संसद परिसर कैपिटल में हमला करने और डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की भीड़ को रोकने का प्रयास कर रहे एक पुलिस अधिकारी पर ध्वजदंड से वार करने के आरोप में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। पिछले साल छह जनवरी को हुए दंगे में शामिल होने के आरोप में लगभग 250 लोगों को सजा सुनाई जा चुकी है। थॉमस वेब्स्टर को सबसे ज्यादा 10 साल कैद की सजा सुनाई गई है। इससे पहल दो दंगाइयों को अलग-अलग सात साल और तीन महीने की सजा सुनाई गई थी। वेब्स्टर ने 20 वर्ष तक न्यूयार्क पुलिस विभाग में काम किया था। वह पहला व्यक्ति है जिस पर हमला करने के आरोप में मामला चला और जिसने आत्मरक्षा में हमला करने की दलील दी। जूरी के एक सदस्य ने वेब्स्टर के उस दावे को नकार दिया जिसमें उसने यह कहते हुए अपना बचाव किया था कि मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग के अधिकारी नोआ राथबन से खुद को बचाने के लिए हमला किया था।

# उपराष्ट्रपति की हत्या की कोशिशः अर्जेंटीना के राष्ट्रपति

**एपी।** ब्यूनस आयर्स



**अर्जेंटीना** के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने बताया कि देश की उपराष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की हत्या करने की कोशिश की गई। एक व्यक्ति ने उन पर पिस्तौल तान दी थी। राष्ट्रपति ने एक राष्ट्रीय प्रसारक से कहा, एक व्यक्ति ने उनके सिर पर (बृहस्पतिवार रात) हथियार ताना। उन्होंने कहा कि गोली नहीं चली। स्थानीय टेलीविजन चैनल पर प्रसारित घटनास्थल के वीडियो में फर्नांडीज अपने घर के बाहर समर्थकों से घिरे अपने वाहन से बाहर निकलती दिख रहीं है और तभी एक व्यक्ति पिस्तौल जैसी दिखने वाली कोई एक वस्तु लिए नजर आ रहा है। हालांकि, उपराष्ट्रपति वहां से निकलने में कामयाब रहीं। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई, लेकिन उसे घटना के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया। वीडियो में मौके पर मौजूद उपराष्ट्रपति के समर्थक भी स्तब्ध नजर आ रहे हैं। सुरक्षा मंत्री एनीबल फर्नांडीज ने समाचार चैनल सी5एन से कहा, जिस व्यक्ति के पास हथियार था, उसे (उपराष्ट्रपति के) सुरक्षा कर्मियों ने हिरासत में ले लिया। मंत्री ने कहा कि वह अभी इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं दे सकते क्योंकि जांच जारी है। सोशल मीडिया पर प्रसारित असत्यापित वीडियो में हथियार फर्नांडीज के चेहरे को लगभग छूता नजर आ रहा है। सरकार के अधिकारियों ने इस घटना को हत्या का प्रयास बताया है। वित्त मंत्री सर्जियो मास्सा ने कहा, जब विचारों पर नफरत व हिंसा थोपी जाती है, तो समाज बर्बाद हो जाते हैं और आज जैसी स्थिति उत्पन्न होती है। यह हत्या का प्रयास है। राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज की सरकार में मंत्रियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वे उपराष्ट्रपति की हत्या के प्रयास की कड़ी निंदा करते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया, आज रात जो हुआ वह अत्यधिक गंभीर घटना है और लोकतंत्र, संस्थाओं व कानून के शासन के लिए खतरा है। गौरतलब है कि एक अभियोजक ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक कार्यों में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फर्नांडीज को 12 साल की सजा देने की मांग की थी, जिसके बाद से उपराष्ट्रपति के समर्थक उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए उनके घर के आसपास सड़कों पर जमा होते रहे हैं।परराष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज 2007 से 2015 तक देश की राष्ट्रपति भी रह चुकी हैं।

## उत्तर कोरिया में नागरिक अधिकारों का दमन बढ़ा है : गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि उत्तर कोरिया ने अपने लोगों के अधिकारों तथा आजादी का दमन बढ़ा दिया है और सुरक्षा परिषद को मानवता के खिलाफ संभावित अपराधों के लिए उस पर अंतरराष्ट्रीय अदालत में मुकदमा चलाने पर विचार करना चाहिए। गुतारेस ने एक नई रिपोर्ट में यह टिप्पणी की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा को भेजी यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई, जिसमें कहा गया है कि अलग-थलग पड़े उत्तरी एशियाई देश में मानवाधिकारों के लिए जवाबदेही तय करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। इसके साथ ही रिपोर्ट में पूर्व की घटनाओं के उदाहरण दिए, जो मानवता के खिलाफ अपराध के दायरे में आ सकती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख मिशेल बाशेलेट ने मानवाधिकार परिषद को मार्च में बताया था कि उनके कार्यालय को मिली सूचना से यह मानने के पर्याप्त सबूत है कि उत्तर कोरिया में मानवता के खिलाफ अपराध किए गए और संभवतः किए जा रहे हैं। गुतारेस ने कहा, कोरिया जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य में मानवाधिकारों की स्थिति पर प्रतिक्रिया देना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अनिवार्य है।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 13-09-2022 TIME : 10 AM TO 4 PM
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://gold.matexnet.org/

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS
NEW DELHI- PASCHIM VIHAR: 63210001046271, 1046301, 1032237,
NEW DELHI-MAYUR VIHAR: 63210001000718

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 03-09-2022
Sd/-
Authorized Signatory

National Yuva Cooperative Society Ltd
Regd Office:209, 2nd Floor, A/2-B, Vardhaman, Janak Market Janakpuri, New Delhi-110058. Phone: 011-25531063/40153681
E- Mail: nycs.ltd@gmail.com, Website: www.nycsindia.com

PUBLIC NOTICE

Date: 03.09.2022

Notice is hereby given to all General Body members of the Society U/R 19 and 20 of The Multi State Cooperative societies Rules 2002 for the Election of the Directors and office Bearer of the society. Required for Information U/R 19 and 20 read with Schedule:

1. Number of Vacancies to be filled-up by election: 13
2. Number of specified constituencies from which the member is to be elected (for Details Kindly see Clause No.24(i) and 24(iv) of Bye Laws of National Yuva Cooperative Society Ltd.)
3. Qualification of Members: Member to file nomination must be valid Representative of National Yuva Cooperative Society Ltd. as on 20th July 2022.
4. Name of Returning Officer: Shri Bharat Bhushan Bhagat

Particulars of Election:

| Sl.No | Date | Particulars |
|---|---|---|
| 1. | 20.09.2022 at 10 AM to 5:00 PM | Date and time for receiving of Nominations at NYCS Office. |
| 2. | 21.09.2022, 11:00 AM | Scrutiny of Nomination Papers. |
| 3. | 21.09.2022, 3:00 PM | Publishing of accepted nominations. |
| 4. | 22.09.2022, 11:00 AM | Last date and time for Withdrawal of Nominations. |
| 5. | 22.09.2022, 11.30 AM | Publishing of Final List of Nominations |
| 6. | 22.09.2022 01:00 PM to 03:00 PM | Voting at NCUI, New Delhi-110016 |
| 7. | 22.09.2022, 5.00 PM | Declaration of Election Result by Returning Officer |

Date: 03.09.2022
Prakash Chandra Sahu
President
National Yuva Cooperative Society Ltd.

# केंद्र ने आठ साल में मनरेगा पर पांच लाख करोड़ रुपए खर्च किएः निर्मला सीतारमण

**भाषा।** हैदराबाद

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बीते आठ वर्षों में केंद्र ने मनरेगा योजना पर पांच लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं जिनमें से 20 फीसदी कोविड-19 महामारी के दौरान व्यय किए गए।

तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से बातचीत में सीतारमण ने कहा कि बीते आठ वर्षों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत राज्य को 20,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। उन्होंने कहा, बीते आठ वर्षों में तेलंगाना को मनरेगा के तहत 20,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसी अवधि में पूरे देश में पांच लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए जिसमें से 20 फीसदी से अधिक 2020-21 के दौरान कोविड-19 के प्रकोप के वक्त खर्च किए गए। इसमें अहम मुद्दा यह है कि यदि पैसा ठीक से खर्च नहीं होने की शिकायतें आती हैं या ऑडिट रिपोर्ट में कोई टिप्पणी होती है तो तो सर्वे दल (किसी भी राज्य में) आएंगे। ऐसे आरोप लगाए गए थे कि सर्वे दलों को योजना को रोकने के लिए भेजा जा रहा है, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कोई विसंगतियां होने पर सर्वे दलों को उनमें सुधार करने के लिए भेजा जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि संप्रग सरकार के कार्यकाल में योजना में अनेक खामियां थीं जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने दूर किया और इसे अब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए लागू किया जा रहा है। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि के चंद्रशेखर राव की सरकार राज्य विधानसभा को सूचित किए बगैर और बजट में उल्लेख किए बगैर ऋण ले रही है। सीतारमण ने कहा कि किसान आत्महत्या के मामले में राज्य चौथे पायदान पर है।

## गोयल अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे, व्यापार प्रतिनिधि, वाणिज्य मंत्री के साथ करेंगे बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अगले सप्ताह छह दिन की अमेरिका यात्रा पर जाएंगे। वहां वह अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इन बैठकों में दोनों देशों के व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि गोयल पांच सितंबर को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स के छह दिन की यात्रा पर जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि यात्रा के दौरान गोयल आठ और नौ सितंबर को लॉस एंजिल्स में हिंद-प्रशांत आर्थिक समृद्धि की रूपरेखा (आईपीईएफ) की दो दिन की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। वह आईपीईएफ की मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई और अमेरिका की वाणिज्य मंत्री गिना एम रायमोंडो से भी मुलाकात करेंगे। मंत्रिस्तरीय बैठक में व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और सही तरीके से परिचालन करने वाली अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारी के अनुसार, गोयल इस दौरान आईपीईएफ के सदस्यों देशों के समकक्षों के साथ भी द्विपक्षीय बैठक करेंगे। आईपीईएफ के 14 सदस्य देशों में....ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपीन, सिंगापुर, थाइलैंड, वियतनाम और अमेरिका शामिल हैं।

## भारत और यूएई ने 100 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य की प्रतिबद्धता दोहराई

**अबुधाबी।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अगले पांच वर्षों में 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। भारत-यूएई की संयुक्त आयोग बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने आपसी व्यापार को बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बैठक की सह-अध्यक्षता करते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं में दर्ज प्रगति की समीक्षा भी की। यूएई के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने भारत-यूएई संयुक्त आयोग की 14वीं बैठक में शिरकत की। यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जाएद अल नहयान ने भी इस बैठक की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, इस बैठक में शामिल दोनों मंत्रियों ने भारत और यूएई के द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की उच्च दर पर गहरा संतोष जताया है।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of ICICI Bank Ltd. That Mrs. Sonia Sehgal is the owner of Residential Flat bearing No. G-1, on Ground Floor, without roof rights (area measuring 1000 sq. fts), said floor, Built on Property bearing No. 36, in Block-C, (Econ Apartments -II), situated at Sector-12, THA, Situated at colony known as Ramprastha, Village- Maharajpur, Pargana Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad, (U.P.) (the said property), by virtue of Sale Deed dated 19.07.2022, Registration No.7560, executed by Mrs. Sadhna Khilnani, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take a Loan from ICICI Bank Ltd. against the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner/s its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I, PRABHA RANI W/O LATE AMAR SINGH R/O. A-5/203-A, JANTA FLAT, PASCHIM VIHAR, N.D.-110063, owner of Flat no. A-5/203-A Ground Floor Janta Flat Paschim Vihar, New Delhi-110063 has applied for conversion of the flat from lease hold to freehold. The Original NOC, Possession letter, Site Possession and other papers of the flat has misplaced.
Any person claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone 9911866533 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, I.NA. NEW DELHI.

Public Notice
This is to inform general public that Mr. Hari Kishan Gupta has acquired the Third Floor front side without roof rights "said floor" on freehold Built up Property bearing Municipal no. A-275, area 100 sq. yds., built on Portion of Old Plot no. 83-B, situated at Shastri Nagar, Delhi 110052 by way of Sale Deed dated 26.08.2021 Doc nos. 6586. Now, Mr. Hari Kishan is intending to sell above said property to Mr. Deepak Kohli and Further Mr. Deepak Kohli will mortgage the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

PASUPATI ACRYLON LIMITED
CIN : L50102UP1982PLC015532
Regd. Office : Kashipur Road, Thakurdwara, Distt. Moradabad (U.P)
Corp. Office : M-14, Connaught Circus (Middle Circle), New Delhi-110 001
Tel. No. : 91-11-47627400, Fax No : 91-11-47627497
E-mail : delhi@pasupatiacrylon.com, Website : www.pasupatiacrylon.com

NOTICE OF 39TH ANNUAL GENERAL MEETING AND REMOTE E-VOTING & BOOK-CLOSURE INFORMATION

Notice is hereby given that 39th Annual General Meeting ('AGM') of the members of Pasupati Acrylon Limited ("the Company") will be held on Thursday, 29th September, 2022 at 10:30 A.M. at the Registered Office of the Company at Kashipur Road, Village Thakurdwara, Dist. Moradabad (U.P.) – 244601 to transact the businesses as set out in the notice of 39th AGM.
Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, the Register of Members and Share Transfer books of the Company will remain closed from Friday, September 23, 2022 to Thursday, September 29, 2022 (both days inclusive) for the purpose of 39th AGM.
In accordance with, the General Circular No. 20/2020 dated 5th May, 2020 issued by Ministry of Corporate Affairs and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13th May, 2022 issued by SEBI, Notice of 39th AGM and Annual Report for the financial year 2021-22 have been sent through emails to all those members, whose email addresses are registered with the Company/ RTA or their respective Depository Participant. The dispatch of 39th AGM Notice and Annual Report through email has been completed on 2nd September, 2022.
In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with rules made thereunder and Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company is providing remote e-voting facility to its Members enabling them to cast their vote electronically on the businesses to be transacted at 39th AGM, through e-voting services provided by National Securities Depository Limited.
Members may note that :
a) The resolutions set out in the Notice of 39th AGM may be transacted through voting by electronic means.
b) Remote E-voting shall commences on Monday, 26th September, 2022 at 10:00 A.M. and ends on Wednesday, 28th September, 2022 at 5:00 P.M.
c) Cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or in the 39th AGM shall be 22nd September, 2022.
d) Any person who becomes member of the company after sending of AGM Notice and holding shares as on cut-off date may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in.
e) Remote e-voting shall not be allowed beyond 5:00 P.M on 28th September, 2022.
f) The members attending the 39th AGM, who have not cast their vote by remote e-voting, shall be able to exercise their right to vote at the 39th AGM through ballot paper.
g) A member may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again in the AGM.
h) A person whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the remote e-voting facility as well as voting in the AGM.
i) Annual Report and Notice of 39th AGM is available on the Company's website www.pasupatiacrylon.com and NSDL's website www.evoting.nsdl.com.
In case of any query/ grievance connected with remote e-voting, please write an e-mail to evoting@nsdl.co.in or helpdeskreply@mcsregistrars.com or contact Mr. Bharat Kapoor, Company Secretary, email id : palsecretarial@gmail.com; Phone : 11-47627400; Address : M – 14, Middle Circle, Connaught Place, New Delhi - 110001

For PASUPATI ACRYLON LIMITED
Sd/-
BHARAT KAPOOR
COMPANY SECRETARY
Membership No. ACS 54267
Date : 02.09.2022
Place : New Delhi

## जीएमआर समूह फिलीपीन के सेबू हवाईअड्डे में अपनी हिस्सेदारी का विनिवेश करेगा

**नई दिल्ली।** जीएमआर समूह ने शुक्रवार को कहा कि वह फिलीपीन में सेबू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में अपनी पूरी 40 प्रतिशत हिस्सेदारी।,330 करोड़ रुपए के अग्रिम भुगतान के साथ-साथ चार साल से अधिक की अवधि में प्राप्त होने वाली कमाई के लिए बेचेगा। हवाईअड्डे का परिचालन जीएमआर-मेगावाइड सेबू एयरपोर्ट कॉरपोरेशन (जीएमसीएसी) करती है और इस उपक्रम में जीएमआर एयरपोर्ट्स इंटरनेशनल बीवी (जीएआईबीवी) की हिस्सेदारी 40 फीसदी है। सेबू एयरपोर्ट में हिस्सेदारी के विनिवेश के लिए जीएमआर एयरपोर्ट्स इंटरनेशनल बीवी (जीएआईबीवी) और एबोईटिज इंफ्राकैपिटल इंक (एआईसी) के बीच एक समझौता हुआ था। शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में बताया गया, सौदा 70.5 अरब रुपए के उद्यम मूल्य में होगा और जीएआईबीवी को 13.3 अरब रुपए की अग्रिम राशि प्राप्त होगी।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 37 अंक मजबूत, निफ्टी लगभग स्थिर

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में शुक्रवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स लगभग 37 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक वृद्धि में नरमी और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा नीतिगत दर बढ़ाने को लेकर चिंता के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। कारोबारियों ने कहा कि रुपए की विनिमय दर में गिरावट तथा विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक जोखिम लेने से बचे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान काफी समय तक कभी लाभ में और कभी नुकसान में रहा। अंत में यह 36.74 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,803.33 अंक पर बंद हुआ।

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 3.35 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 17,539.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी लि. सबसे अधिक 1.75 प्रतिशत लाभ में रहा। इसके अलावा आईटीसी, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति सुजुकी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले, टाटा स्टील और इन्फोसिस शामिल हैं। इनमें 1.19 प्रतिशत की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार आज मजबूत दिशा को लेकर संघर्ष करता दिखा। अमेरिका में रोजगार के आंकड़े जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में बिकवाली दबाव रहा। रोजगार आंकड़ों से फेडरल रिजर्व के कदम के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेगा। उन्होंने कहा, तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और सहयोगी देशों की बैठक से पहले कच्चे तेल के दाम में तेजी रही। ऐसी आशंका है कि वैश्विक स्तर पर कमजोर वृद्धि को लेकर चिंता के बावजूद ओपेक और सहयोगी देश उत्पादन बढ़ाने का निर्णय कर सकते हैं। निकट भविष्य में डॉलर सूचकांक में तेजी और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि का असर बाजार में उतार-चढ़ाव के रूप में दिख सकता है। अवकाश के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सेंसेक्स 30.54 अंक यानी 0.05 प्रतिशत जबकि निफ्टी 19.45 अंक यानी 0.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में मजबूती दिख रही है। बाजार में निकट भविष्य में उतार-चढ़ाव रह सकता है। लेकिन मजबूत घरेलू वृहत आर्थिक आंकड़ों, और कंपनियों का वित्तीय परिणाम बेहतर रहने की उम्मीद तथा त्योहारों को देखते हुए मध्यम से दीर्घकाल में हमारा रुख सकारात्मक है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में लाभ रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त में बंद हुए।इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.01 प्रतिशत चढ़कर 94.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे टूटकर 79.82 (अस्थाई) पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 2,290.31 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) ASHOK_LEY/AL1611COGD REG. NO. UP17AT6548-YOM-2018
2) ASHOK_LEY/AL1611COGD REG. NO. UP17AT8849 -YOM - 2018
3) ASHOK_LEY/AL1611COGD REG. NO. UP17AT6549 -YOM - 2018
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : JAGBIR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9999996157
EMAIL – Jagbir.singh@kotak.com

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 3 सितंबर, 2022



# प्रमुख सचिव परिवहन ने किया मानसिक मंदित आश्रय गृह और प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण

संवाददाता। बांदा



**प्रमुख सचिव** परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने समीक्षा के पश्चात नवीन मानसिक मंदित आश्रय गृह और सह प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंन राज्य निर्माण सहकारी संघ निप्र द्वारा निर्मित नवीन मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र आवासीय निर्माण जो राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग तहसील बांदा अन्तर्गत निर्मित होने वाले आश्रय गृह का निरीक्षण कियाए जिसकी स्वीकृत लागत 856.27 लाख जिसमें वास्तविक व्यय 831.27 लाख जिसके सापेक्ष व्यय का प्रतिशत 97 प्रतिशत है। स्वीकृत योजना के अन्तर्गत मुख्य भवन (प्रशिक्षण केन्द्र) छात्रावास, टाइप-3 आवास, टाइप-4, टाइप-1, टाइप-2 आवास, गार्ड रूम, पम्प हाउस, बाउण्ड्री वाल आदि कराये जाने वाले कार्यों का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्य भवन प्रशिक्षण केन्द्र जिसका कार्य पूर्ण हो चुका है उसके अन्तर्गत छात्रावासए टाइप चतुर्थ आवासए टाइप.3 आवासए बोरिंगए ओएसटी एवं स्थल विकास सहित कराये जाने वाले सभी 11 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार को लेकर निर्देश भी दिए। उन्होंने कान्हा गौशाला मटौंध का निरीक्षण कियाए जिसमें 285 गौवंश संरक्षित पाये गये 12 कर्मचारी कार्यरत थे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि शत.प्रतिशत गौवंशों की ईयर टैगिंग कराना सुनिश्चित करें साथ ही जो बीमार गौवंश हैं उनको डॉक्टर्स की टीम लगाकर उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराये। साफसफाई व्यवस्था संतोष जनक रही।

## अपना पैसा मांगने पर मिल रहीं धमकियां

**करनैलगंज ( गोंडा )।** ढाई लाख रुपए उधार देने के बाद अपना पैसा मांगने पर एक व्यक्ति को पैसे के एवज में गाली और धमकियां मिल रही हैं। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम कचना पुर निवासी पूर्व प्रधान फरियाद अहमद का कहना है कि 11 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति को ढाई लाख रुपए ठेकेदारी करने के लिए उधार में दिए थे और लगातार तब से वह पैसा उनसे वापस मांगने के लिए दौड़ रहा है। उसका कहना है कि इसकी शिकायत पुलिस में की गई तो पुलिस ने गलत रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह किया। उसका आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट लगाया कि संभ्रांत व्यक्तियों के सामने मामले का समाधान किया गया। मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है और वह जब पैसा मांगने के लिए जाता है तो उसे पैसा न देकर गालियां और धमकियां दी जाती हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी, एसडीएम और सीओ को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है। इस संबंध में कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, प्रार्थना पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते डीएम डॉ. उज्वल कुमार

संवाददाता। गोंडा

**शुक्रवार को** जिलाधिकारी डॉ. उज्वल कुमार ने जिला अस्पताल के परिसर में स्थित वन स्टॉप सेंटर सहित अस्पताल में सीटी स्कैन वार्ड, क्षय रोग वार्ड, आयुष डिपार्टमेंट, एनआरसी वार्ड, क्षेत्रीय निदान केन्द्र, इमरजेंसी वार्ड तथा पांच ओपीडी व एक वार्ड का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में ओपीडी सहित सभी वार्डों को सही पाया गया।

डीएम ने सीएमओ को सख्त निर्देश देते हुए कहां है कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य मुहैया कराने के साथ ही विशेष ध्यान दिया जाए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना होने पाय। अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय से उनका इलाज किया जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, एसीएमओ डा टीपी जायसवाल, सीएमएस जिला अस्पताल सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की बैठक

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन से चल रही समस्त परियोजनाओं पर विस्तृत रूप से गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यदायी संस्था एलएनटी व लोक सेवा मिशन तथा आईएसए को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये हैं कि कार्यों में और तेजी लायी जाय। डीएम ने कहा है कि सभी परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय से कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति के संबंध में समय-समय पर उन्हें भी अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित विभाग को निर्देशित किये हैं कि योजना का प्रचार प्रसार, ट्यूवेल, पाइप लाइन आदि के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एक्सईएन जल निगम व एलएनटी के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी कार्यों का विभाजन करके संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाय तथा समय-समय पर कार्यों के प्रगति की उनसे जानकारी ली जाय। उन्होंने ने जनपद में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत समय से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सभी कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ से कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, एक्सईएन जल निगम, एई जल जीवन मिशन, एलएनटी व लोक सेवा मिशन, आईएसए, विंग्स आदि कार्यदायी संस्था, एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने केन नदी के पुल पर स्ट्रीट तिरंगा लाइट का किया लोकार्पण

संवाददाता। बांदा





**जिला खनिज** न्यास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022.23 में स्वीकृत केन नदी के पुल पर स्ट्रीट तिरंगा लाइट का लोकार्पण राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग रामकेश निषाद द्वारा किया गगया। केन नदी पुल पर कुल 54 स्ट्रीट तिरंगा लाइटें लगाई गयी हैं। मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि जब से हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है और हमारे प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ ने बागडोर संभाली हैए निश्चित रूप से चैमुखी विकास हो रहा है। उसी कडी में आज जनपद बांदा के मुखिया जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने अपनी पूरी टीम के साथ सजगता पूर्वक बांदा चैमुखी विकास की ओर अग्रसर हो रहा है और लगातार जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास को गति प्रदान हो रही है। जनपद का एक.एक कोना विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जनपद बांदा का सौन्दर्यीकरण नोयडा, प्रयागराज, लखनऊ जैसे महानगरों की तर्ज पर कराया जायेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष अयोध्या सिंह पटेल ने भी विचार रखे और शासन-प्रशासन की ओर से विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने उपस्थित मंत्री सहित जनप्रतिनिधि गणों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि केन नदी बांदा की जीवनदायिनी है। उन्होंने कहा कि पुल पर तिरंगा लाइटें लगायी गयी हैं। इसका संचालन नगर पालिका बांदा के द्वारा किया जायेगा। राज नारायन द्विवेदी व भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता ने डीएम के प्रयासों की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम में उपस्थित अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एमपी सिंहए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जगत सॉई, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर सुरभि शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु श्वेता साहू, विधायक सदर प्रतिनिधि रजत सेठ, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष अर्चना शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष रूपमणि गुप्ता, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग बांदा रजनीश कुमारए नगर पालिका ईओ बुद्धि प्रकाश, जेई नरेन्द्र गुप्ता सहित अधिकारी/कर्मचारी, पत्रकार बन्धु एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर शहीद संजय यादव के दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** कारगिल शहीद संजय यादव के पुण्यतिथि पर विधायक अंकित भारती ने उनके प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी और कहा कि गाजीपुर की धरती अमर शहीदों की जन्म भूमि ह यहां के नजवानो ने कारगिल युध्य मे अपने प्राणों की आहूति दे दी परन्तु भारत मां की गरिमा पर आंच नही आन दिया। अमर शहीद संजय यादव ने कुमाउं बटालियन के 13वीं रेजीमेंट मे कार्यरत होते हुए कारगिल युध्द में 1 सितम्बर सन 1999 को भारत मां की रक्षा मे अपने प्राणों की आहूति देकर गाजीपुर का नाम पूरे देश मे रोशन किया। ?स ? वीर जवानों पर हमें गर्व है। कारगिल अमर शहीद संजय यादव की 23वीं पुण्य तिथि धनईपुर ग्राम मे धुमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरम्भ मे अमर शहीद संजय यादव की धर्म पत्नी राधिका यादव, पुत्र गौरव यादव, भाई अजय यादव, सौरभ यादव, बाबा दुखरन यादव, अमर शहीद रामविलास यादव की धर्मपत्नी पुष्पा यादव, अमर शहीद शेषनाथ यादव की धर्मपत्नी सरोज यादव आदि लोगो ने प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके श्रदां सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ओपी भारती संत घनश्यामाचार्य उर्फ बालक स्वामी, कुमायुं मंडल 13 वीं बटालियन के श्रीराम यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उपेन्द्रलाल यादव, खण्ड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मौर्य, एडियो पंचायत गंगासागर कुशवाहा, सुरेन्द्र यादव, रंगलाल यादव, संजय यादव, भाजपा के जिला महामंत्री दयाशंकर पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य कमलेश यादव अशोक यादव, देवेन्द्र यादव आदि लोगो ने अपना विचार प्रस्तुत किया।

# जिलाधिकारी और एमएलसी ने दी मृतक आश्रितों 4.4 लाख की आर्थिक मदद

**गाजीपुर।** जनपद के जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की उपस्थिति में 31 अगस्त की शाम ग्राम अठहठा विकास खण्ड रेवतीपुरए तहसील सेवराई में एक बड़ी नॉव दुघर्टना हुई थीए जिसमें 2 व्यकित्यों को अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गयी थी। 5 व्यक्ति लापता हो गए थे। जिनकी डेड बाड़ी गोताखोरो एवं एनण्डी.आर.एफ की टीम ने अगले दिन 1 सितम्बर को खोज कर निकाला। सबका पोस्टमार्टम कराने के उपरान्त गुरुवार की शाम को ही सबका स:सम्मान अन्त्येष्ठि क्रिया सम्पन्न की गई। जिसको लेकर राज्य सरकार की ओर से एमएलसी विशाल सिंह चंचल एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पंचायत सभागार में शुक्रवार को उन प्रभावित परिवारों को 4.4 लाख की आर्थिक मदद दी गई। इसके अतिरिक्त जखनियॉ में कल सांयकाल आकाशीय बिजली गिरने से 3 अन्य लोगो की आकस्मिक मौत हो गई थी। उन तीनो शव का भी पोस्टमार्टम कराया गया। आज ही उन तीनो मृतको के आश्रितो को भी 4.4 लाख का चेक दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त मृतको के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनो से कहा कि अगर कोई भी समस्याए हो तो आप लोग जिला प्रशासन से सम्पर्क कर सकते है। चेक वितरण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि.रा. अरूण कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा भानूप्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी रेवतीपुर, अठहठा ग्राम के प्रधान के साथ सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### नाव दुर्घटना की होगी जांच

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने 31 अगस्त को तहसील सेवराई अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र अठहठा में नॉव पलटने से 7 लोगों की मृत्यु हो गयी। जिस घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच करायी जानी आवश्यक है। जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव को नाव घटना की जॉच हेतु जॉच अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया है कि प्रश्नगत घटना की जॉच कर जॉच आख्या एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

## अनुभव के आधार पर की जाएंगी घोषणाएं

**प्रयागराज।** अपने पहले ट्रैक व्हाट्स गोइंग ऑन के साथ अपनी मौजूदगी की घोषणा करने के बाद पंजाब के गायक और संगीतकार इक्कीस वर्षीय कबीर सोनी म्यूजिक के सहयोग से अपने अगले सिंगल चक मेरा दिल के साथ सामने आए हैं। रेट्रो ट्विस्ट वाला एक अप बीट पंजाबी पॉप डांस ट्रैक चक मेरा दिल का अद्भुत बीट्स पूरी रात आपको थिरकने पर मजबूर कर देगा। स्निपर द्वारा निर्मित इस गीत में कबीर के स्वर हैं। जबकि एवी बाल्लगन ने इसके बोल लिखे हैं जो आपका दीवाना बना देगा। अपने आप में संपूर्ण यह डांस ट्रैक निश्चित रूप से आपके पार्टी के मूड को सही करने जा रहा है। इन सबके ऊपर काले चमड़े के जैकेट के साथ कबीर का आकर्षक व्यक्तित्व और उनका सुपर हॉट सख्त लुक वीडियो को एक अलग लेवल पर ले जाता है। अनुभव के बारे में पूछे जाने पर इस इक्कीस वर्षीय कलाकार ने कहा कि वह अपने अगले सिंगल चक मेरा दिल को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि इसे रिकॉर्ड करना और फिल्माना एक शानदार अनुभव रहा है। जो किसी भी पार्टी के लिए एकदम फिट हो और मुझे उम्मीद है कि दर्शक अपना प्यार और सपोर्ट देते रहेंगे।

# 80 लाख के हेरोइन के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

संवाददाता। गाजीपुर

**पुलिस अधीक्षक** द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध शराब एवं हेरोइन की तस्करी के रोकथाम हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी जमानिया के कुशल मार्गदर्शन मे प्र.नि शेषनाथ सिंह व उ.नि. जितेन्द्र कुमार मय हमराहियान स्वाट टीम प्रभारी सुनील कुमार तिवारी मय हमराह के देखभाल क्षेत्र मे मामूर थे कि जरिये मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुसी को जाने वाली सडक पर ग्राम कुसी के पास से अभियुक्तगण 1. मंगला सिंह कुशवाहा पुत्र दीना सिंह कुशवाहा 2. मनकेशरी देवी पत्नी मंगला सिंह कुशवाहा 3. रीता देवी पत्नी सिपाही कुशवाहा निवासीगम ग्राम कुशी थाना दिलदारनगर की सन्देह होने पर जामा तलाशी ली गयी तो मंगला सिंह कुशवाहा के कब्जे से एक अदद देशी तमन्चा .315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 367 ग्राम हेरोइन 2. मनकेसरी देवी के कब्जे से 333 ग्राम हेरोइन व रीता देवी के कब्जे से 115 ग्राम नाजायज हेरोईन अभियुक्तवार (कुल बरामद हेरोईन 845 ग्राम नाजायज) बरामद किया गया। बरामदगी के सम्बन्ध मे



थाना स्थानीय पर 1. मु.अ.सं. 139/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम मंगला सिंह कुशवाहा पुत्र दीना सिंह कुशवाहा 2. मु.अ.सं. 140/22 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट बनाम मंगला सिंह कुशवाहा पुत्र दीना सिंह कुशवाहा 3. मु.अ.सं. 141/22 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट अभियुक्ता मनकेशरी देवी पत्नी मंगला सिंह कुशवाहा उम्र करीब 45 वर्षए 4. मु.अ.सं. 142/22 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट अभियुक्ता रीता देवी पत्नी सिपाही कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मच्छरजनित बीमारियों के हॉट स्पॉट क्षेत्रों में मंडलीय टीम ने किया सर्वेक्षण

**वाराणसी।** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण व बचाव के उद्देश्य से हाल ही में गठित हुई मण्डल स्तरीय वेक्टर सर्विलान्स टीम ने जिले के प्रभावित ;हॉट स्पॉटद्ध क्षेत्रों में तीन दिवसीय सघन सर्विलान्स अभियान चलाया। 'संयुक्त निदेशक व वेक्टर जनित बीमारियों के नोडल अधिकारी डॉ जीसी द्विवेदी' के दिशा.निर्देशन में टीम का गठन किया गया है। मंडलीय टीम ने डेंगूए मलेरिया सहित अन्य वेक्टर जनित रोग से पूर्व वर्ष में चिन्हित हुये प्रभावित क्षेत्रों का गहनता से सर्वेक्षण किया। डॉ द्विवेदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण 30 अगस्त से एक सितंबर चला। इसके तहत शहरी क्षेत्र में बीएलडब्ल्यू कैंपसए सुंदरपुरए लंकाए गांधीनगरए जद्दुपुरए फुलवारियाए शिवपुरए कैंटोनमेंटए श्रीनगर कोलनी पहड़िया तथा ग्रामीण क्षेत्र में धौरहरा और चोलापुर में सघन सर्विलान्स अभियान चलाया गया। चार लोगों की टीम ने बायोलोजिस्ट व ज़ोनल एंटोमोलोजिस्ट डॉ अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्य किया। इसमें एसएलटी परशुराम गिरि व रामवचन तथा कीट संग्रहकर्ता केपी सिंह व संजीत कुमार शामिल थे। डॉ अमित ने बताया कि इस तीन दिवसीय सर्विलान्स में टीम ने चिन्हित प्रभावित क्षेत्रों में घर.घर जाकर सभी सदस्यों की बुखार के लिए स्क्रीनिंग की। इसमें किसी भी व्यक्ति में बुखार व अन्य लक्षण नहीं पाये गए। इसके साथ ही सभी घरों में कूलर इत्यादि में लार्वा घनत्व और सक्रियता को गहनता से जांचा गया। इसमें किसी के भी घर में एडल्ट लार्वा नहीं पाया गया। सर्वेक्षण के दौरान टीम द्वारा साफसफाई एवं संचारी व मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। लक्षण दिखाई देने पर जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल में जांच व उपचार कराने की सलाह भी दी।

# नियमों की धज्जियां उड़ाने का दिया लाइसेंस

संवाददाता। चित्रकूट



**परिवहन विभाग** योगी सरकार की साख पर बट्टा लगा रहा है। इंट्री के नाम पर हर माह मोटी रकम वसूलकर ट्रक व डम्फरों को यातायात नियमों की धज्जियां उडाने का लाइसेंस दिये है। शुक्रवार को सम्भागीय परिवहन अधिकारी खुलेआम योगी सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की धज्जियां उडा रहे हैं। ट्रकों व डम्फरों से एआरटीओ व पीटीओ हर माह इंट्री के नाम पर मोटी रकम वसूलकर नियमों की धज्जियां उडाने का लाइसेंस दे दिया है। ऐसे में कोई घटना होने पर ट्रकों व डम्फरों में कोई नम्बर न होने से हादसे को अंजाम देने वाले वाहनों का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। बिना परमिट के डग्गामार वाहनों व अवैध वाहनों के जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड से संचालन होने से भी परिवहन विभाग की करतूत की पोल खुलती है। परिवहन विभाग की करतूत से परिवहन निगम को प्रति माह लाखों के राजस्व की क्षति पहुंच रही है। ट्रकों व डम्फर नियमों की धज्जियां उडाते हुए जिला मुख्यालय के सडकों से ओवरलोड गुजर रहे हैं। ऐसे वाहनों के पीछे नम्बर न लिखे होने से हादसे के शिकार लोगों को क्लेम भी नहीं मिल पाता।

## लोगों को रोजगार देने की विशेष पहल

**वाराणसी।** जैसा कि इसमें वर्तमान समय में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना और फिर लोगो को वर्तमान समय विशेष जैसे कि गारंटीशुदा भुगतान और बोनस, रेफरल प्रोत्साहन और अन्य कई लाभ जिनमें पांच लाख रु तक की निजी दुर्घटना पॉलिसी प्रमुख हैं ।फ्लिपकार्ट का किराना डिलीवरी प्रोग्राम है इससे हजारों महिलाएं भी जुड़ रही हैं, जिनमें से अधिकांश देश के छोटे शहरों से हैं जुड़कर न सिर्फअपनी पढ़ाई का खर्च उठाने में सक्षम बन रही हैं।

### कमाई बचाने और उसकी सुरक्षा को लेकर सावधानी जरूरी

**वाराणसी।** डिजिटल बैंकिंग और भुगतान से मिली सुविधा व आराम के साथ लोगों को अपनी मेहनत की कमाई बचाने और उसकी सुरक्षा के मामले में सावधान रहना जरूरी हो गया है। फिनो पेमेंट्स बैंक ने एक ग्राहक जागरुकता अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य लोगों को धोखाधड़ी से बचाना है। वाराणसी में अभियान का लॉन्च करते हुए शैलेश पांडेय फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा भरोसा बैंकिंग का मूलभूत तत्व है और हम सुगम, सुरक्षित एवं बेहतर बैंकिंग का अनुभव प्रदान करने के लिए अपने सिस्टम को अपग्रेड कर निरंतर भरोसे को मजबूत करने का प्रयास करते हैं।

### आर्य महिला पीजी कॉलेज में संगोष्ठी आज

**वाराणसी।** संस्कृति भारती न्यास के द्वारा संचालित लोकमान्य सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन और आर्य महिला पीजी कॉलेज के सभागार में 3 सितंबर शाम 5:00 बजे किया गया है। राष्ट्र निर्माण में युवा शक्तिरू गणेशोत्सव एवं लोकमान्य विषयक संगोष्ठी में माननीय भैयाजी जोशी सदस्य अखिल भारतीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मार्गदर्शक होंगे। कार्यक्रम के उत्सव अध्यक्ष होगें। विशेष उपस्थिति प्रोफेसर रचना दुबे प्राचार्य आर्य महिला पीजी कॉलेज होगी और समन्वयक डॉक्टर उपेंद्र विनायक सहस्त्रबुद्धे संस्थापक संस्कृति भारती एवं श्री गणेशोत्सव होंगे।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

**करनैलगंज ( गोंडा )।** एक परिषदीय विद्यालय की शिक्षिका के पति ने छत के पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है।

घटना नगर करनैलगंज के मोहल्ला कसगरान बालूगंज से जुड़ा है। यहां थाना बबिना जिला झांसी निवासी कुलदीप अपनी शिक्षिका पत्नी रचना व बच्चों के साथ किराए के घर में रहते थे। मृतक की पत्नी शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरा में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से शिक्षिका के पति कुलदीप कमरे के पंखे से फांसी का फंदा बनाकर झूल गए। जिससे उसकी मौत हो गई। जब पत्नी अपने रूम पर पहुंची तो पति को लटका देख वह चीखने चिल्लाने लगी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर पुलिस चौकी प्रभारी दिवाकर मिश्रा ने बताया कि मृतक कुलदीप अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नगर करनैलगंज के मोहल्ला बालूगंज कसगरान में किराए के मकान में रह रहा था। उसकी पत्नी शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ के प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरा सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है। अज्ञात कारणों से कुलदीप ने कमरे के अंदर पंखे के सहारे फांसी लगा लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है। घटना के पीछे के कारणों का पता नही चल सका है। छानबीन की जा रही है।

# नडाल ने की वापसी, स्वियातेक जीती

## अमेरिकी ओपन

भाषा। न्यूयॉर्क



**राफेल नडाल** पहला सेट गंवाने और गलती से अपनी नाक को चोट पहुंचाने के बावजूद यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे जबकि महिलाओं में दो बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक ने आसान जीत दर्ज की। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने फैबियो फोगनिनी पर 2-6, 6-4, 6-2, 6-। से जीत दर्ज की। इस बीच चौथे सेट में गलती से वह अपने ही रैकेट से नाक पर चोट लगा बैठे जिससे उनकी नाक से खून बहने लग गया था। स्वियातेक ने 2017 की यूएस ओपन विजेता स्लोएन स्टीफंस को दूसरे दौर में 6-3, 6-2 से हराकर इस सत्र में अपनी डब्ल्यूटीए टूर की 50वीं जीत दर्ज की। महिला वर्ग में पिछले साल से फाइनल में पहुंचने वाली चार खिलाड़ियों में से अब केवल छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ही टूर्नामेंट में बनी हुई हैं। उन्होंने दूसरे सेट में 5-- । से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके काया कानेपी को 2-6, 7-6 (8), 6-4 से हराया। लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को क्रोएशियाई पेट्रा मार्टिच से 6-7 (5), 6-।, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग में गुरुवार को जिन अन्य खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की उनमें जेसिका पेगुला, गार्बिने मुगुरुजा, बेलिंडा बेनसिच और विक्टोरिया अजारेंका शामिल हैं। पुरुषों में तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने अर्जेंटीना के फ़ेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-।, 7-5 से हराया। उनके अलावा पुरुष वर्ग में कैमरन नोरी, आंद्रे रुबलेव, यानिक सिनर और मारिन सिलिच ने भी जीत दर्ज की लेकिन 25वीं वरीयता प्राप्त बोर्ना कोरिच को हार का सामना करना पड़ा।

### अपने ही रैकेट से नाक पर चोट लगाई नडाल ने



**न्यूयॉर्क।** राफेल नडाल यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच के दौरान अपनी ही गलती से नाक पर चोट लगा बैठे जिसके कारण खून बहने लग गया था। चौथे सेट में गलती से उन्होंने एक शॉट बचाने के प्रयास में अपने ही रैकेट से नाक पर चोट लगा दी। इससे उनकी नाक से खून बहने लग गया था। आर्थर ऐस स्टेडियम मे इस घटना से अजीबोगरीब स्थिति बन गई और लगभग पांच मिनट तक खेल रुका रहा। नडाल ने तुरंत ही दोनों हाथों से अपना मुंह ढक दिया और मैच के बाद इस घटना को लेकर मजाकिया अंदाज मे बात भी की। नडाल से पूछा गया क्या इससे पहले भी उनके साथ ऐसी घटना घटी थी, उन्होने मजाकिया अंदाज मे कहा, गोल्फ कोर्स मे ऐसा हुआ था लेकिन टेनिस रैकेट से पहले ऐसा कभी नही हुआ। शुरू मे मुझे थोड़ा चक्कर जैसा आया। तब हल्का दर्द हो रहा था।

### बोपन्ना, रामनाथन अमेरिकी ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन अमेरिकी ओपन मे अपने अपने वर्ग मे पहले ही दौर से बाहर हो गए। बोपन्ना पुरूष युगल और मिश्रित युगल के पहले दौर मे हार गए जबकि रामनाथन पुरूष युगल के पहलेअ दौर मे पराजित हुए। 42 वर्ष के बोपन्ना और उनके डच जोड़ीदार मेटवे मिडिलकूप को इटली के गैर वरीय आंद्रिया वावासोरी और लोरेंजो सोनेगो ने 7 . 6, 6 . 2 से हराया। बोपन्ना और चीन की यांग झाओशुआन की जोड़ी को आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और गैब्रियला डाब्रोवस्की ने मिश्रित युगल के पहले दौर मे 7 . 5, 7 . 5 से हरा दिया। इससे पहले रामनाथन और सर्बिया के निकोला सेसिच को पुरूष युगल मे 15वी वरीयता प्राप्त इटली के सिमोन बोलेली और फेबियो फोगनिनी ने 6 . 4, 6 . 4 से मात दी।

### महिला युगल के पहले दौर में हारी सेरेना और वीनस

**न्यूयॉर्क।** सेरेना और वीनस विलियम्स साढे चार साल बाद जब कोर्ट पर एकसाथ उतरी तो उन्होंने हर पल का भरपूर लुत्फ उठाया लेकिन विश्व टेनिस की मशहूर विलियम्स बहनो की जोड़ी को यूएस ओपन के महिला युगल के पहले दौर मे हार का सामना करना पड़ा। विलियम्स बहनो को फ्लशिंग मीडोज में लूसी हेराडेका और लिंडा नोस्कोवा की चेक गणराज्य की जोड़ी ने 7-6 (5), 6-4 से हराया। वीनस और सेरेना जब कोर्ट से बाहर निकल रही थी तो दर्शको ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। उनकी प्रतिद्वंदी भी उनका सामना करके अभिभूत थी। ग्रैड स्लैम टूर्नामेंट मे पदार्पण कर रही 17 वर्षीय नोस्कोवा ने कहा, जब मुझे पता चला कि हमे उन दोनों का सामना करना है तो मै अवाक रह गई। मेरे कहने का मतलब है कि वे दोनो दिग्गज है और मै हमेशा उनकी विशेषकर सेरेना की प्रशंसक रही हूं। वह शुरू से मेरी आदर्श रही है। उनकी साथी हेराडेका ने कहा, मुझे अब भी विश्वास नही हो रहा है कि हमने उन पर जीत दर्ज की है। मुझे अफसोस है कि हमने उन्हे हराया है लेकिन मै बहुत खुश भी हू कि हमने ऐसा किया। आर्थर ऐस स्टेडियम मे इससे पहले महिला या पुरूष वर्ग मे पहले दौर के युगल मैच कभी नही खेले गए थे लेकिन एक ही परिवार की इन दो सदस्यो के लिए यूएस ओपन के आयोजको ने अपने नियम भी बदल दिए और दर्शको ने भी इस मैच का भरपूर आनंद लिया। वीनस और सेरेना ने मिलकर युगल मे 14 ग्रैड स्लैम खिताब जीते है। विलियम्स बहनो ने मैच के बाद इंटरव्यू नही दिया। उन्होंने इससे पहले आखिरी बार फ्रेंच ओपन 2018 मे जोड़ी बनाई थी। यह चौथा अवसर है जबकि किसी ग्रैड स्लैम टूर्नामेंट के महिला युगल मे उन्हे पहले दौर मे हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 2013 मे फ्रेंच ओपन मे वे पहले दौर मे बाहर हो गई थी।



# हांगकांग पर रिकॉर्ड जीत के साथ पाकिस्तान सुपर फोर में



भाषा। शारजाह

**पाकिस्तान** ने एशिया कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में शुक्रवार को हांगकांग पर 155 रन से एकतरफा जीत दर्ज करके सुपर फोर चरण में प्रवेश कर लिया और अब रविवार को उसका सामना भारत से होगा। धीमी शुरूआत से उबरकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर मोहम्मद रिजवान के 57 गेंद में 78 रन की मदद से दो विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में हांगकांग की टीम 10.4 ओवर में 38 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान ग्रुप ए से दूसरे स्थान पर रहकर सुपर फोर में पहुंचा। टी20 प्रारूप में यह पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत है। अब उसका सामना ग्रुप ए की शीर्ष टीम भारत से रविवार को होगा। भारत के खिलाफ कुछ बेहतर बल्लेबाजी करने वाली हांगकांग टीम पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। नसीम शाह ने तीसरे ओवर में दो विकेट लिए। इसके बाद स्पिनर शादाब खान ने दो ओवर में आठ रन देकर चार और मोहम्मद नवाज ने पांच रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले हांगकांग के गेंदबाजों ने जिस तरह भारतीय बल्लेबाजों को दबाव में ला दिया था, उसी तरह पाकिस्तान को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। रिजवान और फखर जमां के लिए चौके छक्के लगाना मुश्किल हो गया था। पाकिस्तान ने पहले दस ओवर में एक विकेट पर 64 रन बनाए। जमां ने 41 गेंद में 53 रन बनाए जबकि खुशदिल शाह ने आखिर में 15 गेंद में 35 रन बनाकर पाकिस्तान को मजबूत स्कोर दिया। पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम एक बार फिर नाकाम रहे और नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। रनगति बढाने के चक्कर में उन्होंने स्पिनर एहसान खान की गेंद पर हवा में शॉट खेला और गेंदबाज ने अपने दाहिने ओर डाइव लगाकर कैच लपका। रिजवान ने पहला चौका पांचवें ओवर में मध्यम तेज गेंदबाज आयुष शुक्ला को जड़ा। पाकिस्तानी पारी का पहला छक्का 11वें ओवर में रिजवान ने लेग स्पिनर मोहम्मद गजांफर को लगाया। फखर ने स्पिनरों को दो छक्के लगाकर रनगति को बढाया। गर्मी और उमस से जूझ रहे रिजवान ने अर्धशतक जड़ने के बाद तेज खेलना शुरू किया।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान पारी** : रिजवान नाबाद 78,आजम का और बो एहसान खान 9,जमां का ऐजाज बो एहसान 53, शाह नाबाद 35, अतिरिक्त : 18 रन, कुल योग : 20 ओवर में दो विकेट पर 193 रन, **विकेट पतन** :1-13, 2 -129, **गेंदबाजी** : अर्शद 2-0-14- 0, शुक्ला 3- 0 -33- 0, एहसान 4-0-28 -2, ऐजाज 3-0-44 - 0, मुर्तजा 4-0-36-0, गजांफर 4-0-38-0

**हांगकांग पारी** : निजाकत का आसिफ बो नसीम 8, मुर्तजा का खुशदिल बो दहानी 2, बाबर हयात बो नसीम 0, किंचित पगबाधा बो नवाज 6, ऐजाज खान बो शादाब।, मैकेंजी बो नवाज 4, अली का इफ्तिखार बो नवाज 3, अर्शद बो शादाब 3, एहसान नाबाद 0, आयुष बो शादाब 1, गजांफर पगबाधा बो शादाब 0, **अतिरिक्त** : 10 रन, कुल योग : 10.4 ओवर में 38 रन, विकेट पतन :।-16, 2- 16, 3-19, 4-25, 5-30, 6-31, 7 -36, 8-36, 9 -38, **गेंदबाजी** : नसीम 2-0-7-2, दहानी 2-1- 7-।, इफ्तिखार।-0 - 3 -0, रऊफ ।-0 -6- 0, शादाब 2.4-0-8-4, नवाज 2-0-5-3

### सुदेवा दिल्ली को हराकर नॉर्थईस्ट युनाइटेड ने डूरंड कप से विदा ली

**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने सुदेवा दिल्ली एफसी को शुक्रवार को 2 . 0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल मे अपने अभियान का अंत किया। कप्तान दीपू मिर्धा ने 64वे और गनी अहमद निगम ने स्टॉपेज टाइम के छठे मिनट मे गोल दागा। एनईयूएफसी ग्रुप मे तीन अंक लेकर चौथे स्थान पर रहा जबकि सुदेवा दो अंक के साथ आखिरी स्थान पर रहा।

### हिताषी ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 11वें चरण का खिताब जीता

**हैदराबाद।** भारतीय महिला गोल्फर हिताषी बख्शी ने शुक्रवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 11वे चरण मे प्रवणी उर्स की चुनौती से पार पाते हुए खिताब अपने नाम किया। हिताषी ने डबल बोगी से उबरते हुए अंतिम दौर मे इवन पार 72 का कार्ड खेला। यह उनकी सत्र की तीसरी जीत है। वह इससे पहले टूर के तीसरे और छठे चरण मे ट्राफी जीत चुकी है।इस जीत से उनकी कमाई 8,15,000 रुपए की हो जाएगी और वह अब भी दूसरे स्थान पर है। उनके बाद सहर अटवाल (7,50,000 रुपए) तीसरे स्थान पर है।प्रणवी दूसरे स्थान पर रही।

### फीफा विश्व कप के लिए एडीडास ने जारी की किट्स

**नई दिल्ली।** मशहूर खेल साजो सामान निर्माता कंपनी एडीडास ने फीफा फुटबॉल विश्व कप से पहले अर्जेंटीना, जर्मनी, जापान, मैक्सिको और स्पेन की टीमो की देश . विदेश की किट्स जारी की है। इन किट्स मे हर देश की खास सांस्कृतिक पहचान की झलक मिलती है। एडीडास के सीनियर डिजाइन निदेशक फुटबॉल जर्गे रैक ने एक विज्ञप्ति मे कहा , फीफा विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंटो के लिए टीम किट बनाते समय हम हमेशा यह ध्यान मे रखते है कि ए डिजाइन फुटबॉल के गौरवशाली इतिहास का हिस्सा होने जा रहे है।

### विजय विश्व चैम्पियनशिप के लिए भारत की 48 सदस्ईय टीम में

**नई दिल्ली।** ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार को आगामी आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम मे चुना गया। वह लंदन ओलंपिक खेलो मे पोडियम स्थान हासिल करने के बाद अपने पहले बड़े टूर्नामेंट मे खेलेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मिस्र के काहिरा मे 12 से 25 अक्टूबर तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए 48 सदस्ईय भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की।

### किर्गियोस पर 7500 डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क।** ऑस्ट्रेलिया के तुनकमिजाज खिलाड़ी निक किर्गियोस पर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच के दौरान खेल भावना के विपरीत व्यवहार करने के लिए 7500 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। किर्गियोस को बुधवार को खेले गए मैच के दौरान दर्शक दीर्घा मे मौजूद किसी के प्रति अभद्र भाषा का उपयोग करने के लिए चेतावनी भी दी गई।

# जडेजा की घुटने में चोट, एशिया कप से बाहर

## अक्षर लेंगे जगह

भाषा। दुबई



**भारतीय** हरफनमौला रविंद्र जडेजा घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को एशिया कप के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए और टीम में उनकी जगह अक्षर पटेल लेंगे। जडेजा ने 28 अगस्त को 29 गेंद में 35 रन बनाकर भारत की टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सौराष्ट्र के इस खिलाड़ी को हांगकांग के खिलाफ बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था लेकिन उन्होंने कसी गेंदबाजी की थी और अपने चार ओवर में महज 15 रन देकर एक विकेट झटका था। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने एक बयान में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने मौजूदा एशिया कप में रविंद्र जडेजा की जगह अक्षर पटेल को चुना है। इसके अनुसार, रविंद्र जडेजा को दाएं पैर के घुटने में चोट लगी है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह इस समय बीसीसीआई की चिकित्सा टीम की देखरेख में हैं। विज्ञप्ति में कहा गया, अक्षर पटेल को टीम में स्टैंडबाय खिलाड़ियों में चुना गया था, वह जल्द ही दुबई में टीम से जुड़ेंगे। अक्षर हाल में जिम्बाब्वे में वनडे में खेले थे। वह वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के दौरे पर भी टीम का हिस्सा थे। टीम प्रबंधन जडेजा के जल्द उबरने की उम्मीद लगाएगा क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप खेला जाएगा। भारत को अपना पहला सुपर चार मुकाबला रविवार को खेलना है। टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और आवेश खान।

### कार्टर दोहरे शतक से चूके, न्यूजीलैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**बेंगलुरू।** जो कार्टर (197 रन) दोहरा शतक लगाने से महज तीन रन से चूक गए लेकिन उनकी यादगार पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ए शुक्रवार को यहां भारत ए के खिलाफ पहले अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन मजबूत स्थिति में पहुंच गया। कार्टर ने 73 रन से खेलना शुरू किया और 305 गेंद तक बल्लेबाजी की जिससे न्यूजीलैंड ए पहली पारी में 400 रन पर सिमट गई। टीम सुबह पांच विकेट पर 153 रन से खेलने उतरी थी। कार्टर एक छोर पर डटे रहे जबकि कोई भी अन्य खिलाड़ी 40 रन से ऊपर का स्कोर नही बना सका। जवाब में भारत ए ने 37 ओवर में एक विकेट गंवाकर 156 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (120 गेंद में नाबाद 87 रन) अपने शतक के करीब पहुंच चुके है।

# क्वार्टर फाइनल में जूझकर हारे प्रणय

## जापान ओपनः चेन को दी कड़ी चुनौती

भाषा। ओसाका



**एचएस प्रणय** को शुक्रवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा जिससे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। इस 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने आखिर तक हार नहीं मानी लेकिन चाउ ने भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती तथा एक घंटा 20 मिनट तक चले इस मैच में 21-17, 15-21, 22-20 से जीत दर्ज की। बाकी खिलाड़ियों के जल्दी बाहर होने के बाद भारत की उम्मीदें प्रणय पर ही टिकी थी। पिछले कुछ समय से निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की तथा तीसरे और निर्णायक गेम में भी आखिरी क्षणों तक खुद को मुकाबले में बनाए रखा। इस मैच से पहले पिछले दो मैचों में चाउ पर जीत दर्ज करने वाले प्रणय ने पहले गेम में शुरू से दबदबा बना दिया था और एक समय वह 12-8 से बढ़त पर थे। चाउ ने हालांकि प्रणय की गलतियों का फायदा उठाया और जल्द ही 15-14 से आगे हो गए। प्रणय ने चाउ के बैकहैंड को फिर से नेट पर खेला जिससे ताइपे के खिलाड़ी के पास तीन गेम प्वाइंट आ गए। उन्होंने क्रॉस कोर्ट रिटर्न से यह गेम अपने नाम किया। चाउ ने दूसरे गेम में भी 5-4 की मामूली बढ़त से शुरुआत की। उनका आक्रामक रवैया भारतीय खिलाड़ी पर भारी पड़ रहा था जो लगातार गलतियों के कारण 6-10 से पीछे हो गए थे। प्रणय का भाग्य ने भी साथ दिया और वह स्कोर 10-10 से बराबर करने में सफल रहे। चाउ ने इंटरवल तक मामूली बढ़त हासिल की लेकिन इसके बाद प्रणय ने गजब का खेल दिखाया जबकि चाउ ने लगातार गलतियां की। प्रणय ने जल्द ही 19-14 से बढ़त हासिल कर दी और फिर उन्होंने यह गेम जीतने में देर नहीं लगाई। प्रणय ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू में गलतियां की जिससे चाउ ने 6-4 की बढ़त हासिल कर दी। इंटरवल तक ताइपे के खिलाड़ी के पास छह अंक की मजबूत बढ़त थी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने कुछ शानदार क्रॉस कोर्ट लगाकर जल्द ही स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन प्रणय ने फिर से गलतियां की जिससे चाउ ने 17-14 से बढ़त बना दी। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद तीन मैच प्वाइंट बचाए लेकिन फिर से उनकी सर्विस सही नहीं रही जिससे चाउ को मैच प्वाइंट मिला और इस बार उन्होंने उसे हासिल करने में कोई गलती नहीं की।

# बाइचुंग भूटिया पर भरी पड़े कल्याण चौबे

## एआईएफएफ के पहले खिलाड़ी अध्यक्ष बने, भूटिया को हराया

भाषा। नई दिल्ली



**अखिल भारतीय फुटबॉल** महासंघ (एआईएफएफ) को अपने 85 साल के इतिहास में शुक्रवार को पहली बार कल्याण चौबे के रूप में पहला ऐसा अध्यक्ष मिला जो पूर्व में खिलाड़ी रह चुके हैं। चौबे ने अध्यक्ष पद के चुनाव में पूर्व दिग्गज फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया को हराया। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर 45 वर्षीय चौबे ने 33-। से जीत दर्ज की। उनकी जीत पहले ही तय लग रही थी क्योंकि पूर्व कप्तान भूटिया को राज्य संघों के प्रतिनिधियों के 34 सदस्ईय निर्वाचक मंडल में बहुत अधिक समर्थन हासिल नहीं था। चौबे से पहले अध्यक्ष रहे प्रफुल्ल पटेल और प्रियरंजन दासमुंशी पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ थे। सिक्किम के रहने वाले 45 वर्षीय भूटिया का नामांकन पत्र भरते समय उनके राज्य संघ का प्रतिनिधि भी प्रस्तावक या अनुमोदक नहीं बना था। पिछले लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर सीट से हारने वाले भाजपा के राजनीतिज्ञ चौबे कभी भारतीय सीनियर टीम से नहीं खेले हालांकि वह कुछ अवसरों पर टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने हालांकि आयु वर्ग के टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के लिए गोलकीपर के रूप में खेले हैं। भूटिया और चौबे एक समय ईस्ट बंगाल में साथी खिलाड़ी थे। कर्नाटक फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस के विधायक एनए हारिस ने उपाध्यक्ष के एकमात्र पद पर जीत दर्ज की। उन्होंने राजस्थान फुटबॉल संघ के मानवेंद्र सिंह को 29-5 से हराया। अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय ने आंध्र प्रदेश के गोपालकृष्णा कोसाराजू को 32-। से हराकर कोषाध्यक्ष पद हासिल किया। कोसाराजू ने अध्यक्ष पद के लिए भूटिया के नाम का प्रस्ताव रखा था जबकि मानवेंद्र ने उसका समर्थन किया था। कार्यकारिणी के 14 सदस्यों के लिए इतने ही उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था और उन्हें निर्विरोध चुना गया। भूटिया ने चुनाव के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, मैं भारतीय फुटबॉल की बेहतरी के लिए भविष्य में भी काम करता रहूंगा। कल्याण को बधाई। मुझे उम्मीद है कि वह भारतीय फुटबॉल को आगे लेकर जाएंगे।

### भारत आठ साल में विश्व कप खेलेगा ऐसे सपने नहीं बेचूंगा : एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नए अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को कहा कि वह इस तरह के सपने नही बेचेंगे कि भारत अगले आठ साल मे विश्व कप खेलेगा लेकिन खेल को मौजूदा स्तर से बेहतर ले जाने के पूरे प्रयास करेंगे। चुनाव के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे उन्होंने कहा कि वह अवास्तविक वादे नही करेंगे।, हम आपके सामने सपने बेचने नही आएंगे। ए नही बोलेंगे कि हमने फलाना अकादमी बना दिया और हम आठ साल मे विश्व कप खेलेंगे। मैने अपने जीवन मे सौ से अधिक अकादमियो के उद्घाटन मे भाग लिया है और इन सभी मे यह कहा जाता है कि बच्चे आठ साल मे विश्व कप खेलेंगे लेकिन ऐसा होता नही है। हम कोई वादा नही कर सके लेकिन यह कहेंगे कि भारतीय फुटबॉल को मौजूदा स्तर से आगे ले जाएंगे। कितना आगे ले जाएंगे, इस पर काम करना होगा। हम सपने नही बेचेंगे। मोहन आगान और ईस्ट बंगाल जैसे क्लबो के पूर्व गोलकीपर ने कार्यकारी समिति मे भूटिया का स्वागत किया। उन्होंने कहा , भारतीय फुटबॉल मे भूटिया का जो योगदान है, वह बहुत कम खिलाड़ी कर पाए है। हम उनका स्वागत करते है। रामायण मे सेतु को बनाने मे गिलहरी की भूमिका रही। हनुमान जी अकेले सेतु को बांध सकते थे लेकिन उसमे गिलहरी की भूमिका रही तो भारत के फुटबॉल को आगे ले जाने के लिए हम हर व्यक्ति से उसकी भूमिका और सहायता लेंगे।

### मानवेंद्र ने आरोप लगाया, केंद्रीय मंत्री ने चुनाव के नतीजों को प्रभावित किया

**नई दिल्ली।** राजस्थान फुटबॉल संघ प्रमुख और कांग्रेस नेता मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनावों के नतीजे को प्रभावित किया। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मे महान भारतीय फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया को पश्चिम बंगाल से भाजपा नेता और ईस्ट बंगाल के पूर्व साथी कल्याण चौबे से।-33 से करारी हार झेलनी पड़ी। सिंह ने इसे भारतीय फुटबॉल का दुखद दिन करार करते हुए दावा किया कि केंद्रीय कानून मंत्री रीजीजू ने चुनाव की पूर्व संध्या पर राज्य संघ सदस्यो के होटल जाकर उन्हे भूटिया के खिलाफ वोट देने का दबाव बनाया। राजस्थान के पूर्व सांसद सिंह ने पत्रकारो से कहा, चुनाव प्रक्रिया के दौरान हस्तक्षेप जारी रहा और बीती रात केंद्रीय मंत्री (रीजीजू) ने संघ के सदस्यो पर दबाव बनाया कि उन्हे बाईचुंग के लिए वोट नही करना चाहिए। मुझे लगता है कि यह हस्तक्षेप अस्वीकार्य है और भारतीय फुटबॉल के लिए नुकसानदायक है।

### एमसीसी ने आईसीसी से डीआरएस प्रक्रिया को सरल बनाने, खेल की गति बढ़ाने के लिए कहा

**लंदन।** धीमी ओवरगति के कारण खेल बाधित होने से चिंतित एमसीसी ने शुक्रवार को अंपायरों के फैसले की समीक्षा प्रणाली को सरल बनाने का सुझाव दिया। माइक गैटिंग की अध्यक्षता वाली एमसीसी की 12 सदस्ईय विश्व क्रिकेट समिति ने जून में इंग्लैंड में न्यूजीलैंड के तीन टेस्ट के दौरान हर दिन हुए समय के नुकसान के आकलन पर गौर करने के बाद यह बात कही। समिति में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली भी हैं। आईसीसी को दिए सुझाव के बारे में एमसीसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा , आईसीसी के खेलने के नियमों की कड़ी समीक्षा करने की जरूरत है कि कब सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को मैदान पर आने की अनुमति देनी है मसलन दस्तानें, ड्रिंक्स वगैरह लेकर।

### हरभजन और इरफान भी संभालेंगे लीजेंड्स लीग क्रिकेट में कमान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार हरभजन सिंह और इरफान पठान आगामी लीजेंड्स लीग क्रिकेट में क्रमश: मणिपाल टाइगर्स और भीलवाड़ा किंग का नेतृत्व करेंगे।लीग की शुरुआत 16 सितंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन में होगी। ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैचों में 417 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने 236 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी खेले हैं।

# राष्ट्रीय खेलों के लिए श्याम सिंह यादव बने उप्र के मुख्य दलनायक

## 36वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के संबंध में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की बैठक आयोजित



**लखनऊ।** गुजरात में 29 सितंबर से 12 अक्टूबर 2022 तक होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न खेलों की टीमें भाग लेंगी। इन खेलों की तैयारियो के संबंध में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की बैठक हुई। राष्ट्रीय खेलों के दौरान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के सुचारू प्रतिभाग एवं प्रतियोगिता स्थल पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम सिंह यादव सांसद को उत्तर प्रदेश का मुख्य दलनायक चीफडि मिशन नियुक्त किया गया है। बैठक के बाद इस विषय पर जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाएआनन्देश्वर पाण्डेय और श्याम सिंह यादव ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के लिए अब तक उत्तर प्रदेश की चयनित टीमों में 23 खेलों में 327 खिलाड़ियों और 91 आफिशियल की इंट्री हो चुकी है। इसके अलावा कुछ अन्य खेलों में टीमों के चयन के लिए ट्रायल चल रहे है जिनकी सूची जल्द मिल जाएगी। राष्ट्रीय खेलों में टीमों की प्रविष्टि भेजने के लिए अंतिम तिथि 10 सितंबर 2022 है। इसके बाद चयनित टीमों के लिए उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के सहयोग से प्रशिक्षण शिविरों का संचालन किया जाएगा। मुख्य दलनायक श्याम सिंह यादव ने राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के अब तक के बेहतरीन प्रदर्शन का भरोसा जताया । हम जल्द ही कुछ उप दल नायकों की नियुक्ति करेंगे।

### आईओए ने नौ सदस्ईय समन्वय समिति बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ ने गुजरात मे होने वाले 36वे राष्ट्रीय खेलो के लिए शुक्रवार को नौ सदस्ईय समन्वय समिति का गठन किया। समिति मे आईओए महासचिव राजीव मेहता के अलावा भारतीय खेल प्राधिकरण के रोहित भारद्वाज, लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, आईओए उपाध्यक्ष वीरेंद्र नानावटी और सुधांशु मित्तल , आईओए संयुक्त सचिव ओंकार सिंह, राकेश गुप्ता और नामदेव सिरगांवकर है। समिति मे गुजरात सरकार का भी एक प्रतिनिधि होगा। आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने एक विज्ञप्ति मे कहा , समन्वय समिति खेलो के विभिन्न पहलुओं के समन्वय का काम करेगी जिसमे रहने की व्यवस्था, मान्यता पत्र वगैरह शामिल है।

### बीसीसीआई ने ई नीलामी में खरीदा नीरज चोपड़ा का भाला

**नई दिल्ली।** पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मृति चिन्हों के संग्रह की जब ई नीलामी हुई थी तब ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा का भाला बीसीसीआई ने डेढ करोड़ रुपए मे खरीदा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निवास पर उनसे मुलाकात मे उन्हे अपना भाला उपहार मे दिया था। इस भाले समेत कई चीजों की ई नीलामी की गई जिनसे मिली रकम नमामि गंगे कार्यक्रम को गई। यह नीलामी सितंबर . अक्टूबर 2021 मे हुई थी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा , बीसीसीआई ने नीरज के भाले पर बोली लगाई थी।